धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार
30.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ


khabarmantra.net | कार्तिक, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 138



12 पवन सिंह का गाना आहो राजा रिलीज

**झारखंड भवन : सोहराई पेंटिंग ने बनाया रिकॉर्ड**

## इंडिया बुक ऑफ रिकाड्‌र्स में नाम दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बंगला साहिब रोड में नए झारखंड भवन के उपर रांची के प्रख्यात युवा चित्रकार धनंजय कुमार द्वारा बनायी गयी सोहराई पेंटिंग ने एक और कीर्तिमान बना लिया है, किसी भी इमारत पर बनी ये आज तक की सबसे बड़ी और ऊंचाई लगभग 110 फीट से बनाई गई 69X44 फीट की सोहराई पेंटिंग रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गयी है। इंडिया बुक ऑफ रिकाड्‌र्स की टीम ने रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र मेडल एवं बुक देकर धनंजय कुमार को सम्मानित किया।

# नहीं रहे भगवान के प्रपोत्र, पीएम-सीएम दुखी

**मंगल मुंडा के ईलाज में लापरवाही पर रिम्स ने दिये जांच के आदेश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वशंज मंगल मुंडा (45) के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम हेमंत सोरेन, राज्यपाल संतोष गंगवार समेत अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने रिम्स पहुंच कर मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। पिछले दिनों एक हादसे में जख्मी मंगल मुंडा का रिम्स में इलाज चल रहा था। गुरुवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। रिम्स प्रबंधन ने मंगल मुंडा के इलाज में लापरवाही को ले कर जांच का आदेश दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी शोक जताते हुए उनकी इलाज को ले कर के सवाल उठाये हैं।

**जांच के आदेश :** रिम्स इलाज में देरी और लापरवाही मामले को प्रबंधन ने जांच के आदेश दिये है। सेंट्रल इमरजेंसी में भर्ती में देरी की मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान भी लिया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ ने सेंट्रल इमरजेंसी के प्रभारी को जांच निष्कर्ष जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा गया है। आरोप है कि रिम्स में इलाज काफी लेट से शुरू हुआ था।



**उलिहातु में होगा अंतिम संस्कार :** धरती आबा के वंशज मंगल मुंडा के निधन से आदिवासी समुदाय के लोगों में शोक की लहर है। पार्थिव शव उनके पैतृक गांव उलिहातु पहुंचते ही पूरा गांव मातम मातम में डूब गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका अंतिम संस्कार उलिहातु गांव में ही होगा। 25 नवंबर को खूंटी के साइको थाना क्षेत्र स्थित पीडिहातु मोड़ के पास एक यात्री वाहन की छत से गिर गये थे। सिर पर गंभीर चोट आयी थी। बेहतर इलाज के लिये उनको मंगलवार को रिम्स लाया गया था। डॉक्टरों की टीम की निगरानी में उनका इलाज आईसीयू में चल रहा था।

**सरकार हर संभव मदद देगी : हेमंत**

धरती आबा बिरसा मुंडा के वंशज के असामयिक निधन पर हेमंत सोरेन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। निधन की खबर मिलते ही सीएम गुरुवार को रिम्स पहुंचे। पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और कहा, राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी।

**न्यूज डायरी**

**बच्चे नहीं देख सकेंगे सोशल मीडिया, बैन**

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई में एक ऐतिहासिक कानून पारित किया गया है। पीएम एंथनी अल्बानी के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सोशल मीडिया यूजर्स की न्यूनतम आयु 16 वर्ष निर्धारित कर दी है। निचले सदन ने यह कानून पारित किया गया था। गुरुवार को सीनेट के समर्थन के साथ विधेयक पर मुहर लग गयी। शुक्रवार पीएम ने सदन में इसकी घोषणा की। अगर कंपनियां ऐसा नहीं कर पायीं तो वो इसके लिए जिम्मेदार होंगी। उन्हें भारी जुर्माना भी भरना होगा। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्लेटफॉर्म की सामाजिक जिम्मेदारी है।

**महाराष्ट्र में बस हादसा 15 की मौत, 16 घायल**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गोंदिया में शुक्रवार दोपहर बस हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गयी। 16 से ज्यादा यात्री घायल हैं। इनमें कई घायलों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार को बचाने के दौरान बस रेलिंग से टकराकर पलट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिन के करीब साढ़े बारह बजे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया।

**शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा के घर ईडी की रेड**

**मुंबई।** पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी के घर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुक्रवार सुबह छापेमारी की खबरें थीं। हालांकि अब शिल्पा शेट्टी के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा है कि एक्ट्रेस का नाम इस मामले में न घसीटा जाये।

**विस्तार के फर्मूले पर मंथन : झामुमो 5-1 तो कांग्रेस पुराने के पक्ष में**

# नजरें अब हेमंत मंत्रिमंडल पर

## भाकपा माले के निर्णय का भी चल रहा इंतजार

सत्येन्द्र

**रांची।** पूरे झारखंड की नजर अब सीएम हेमंत सोरेन के मंत्रियों के नामों पर टिकी हुई है। गुरुवार को शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन में मीडिया से बात करते हुए कहा था कि मंत्रिमंडल विस्तार भी जल्द कर लिया जायेगा। इसके बावजूद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर इंडी गठबंधन के बीच तरह-तरह की चर्चाओं को लेकर राजनीतिक गलियारे में उहापोह की स्थिति है। सबसे अधिक घमासान तो कांग्रेस में चल रही है।

विधायकों की संख्या इसबार 56 हो गयी है। ऐसे में झामुमो की चाहत है कि 04 की जगह 05 विधायकों पर एक मंत्री पद हो। इस फॉर्मूले से इस बार झामुमो के पास 07 की जगह सीएम को मिलाकर 08 मंत्री पद आयेंगे। वहीं 16 विधायक वाली पार्टी कांग्रेस के पास 03 और राजद के पास 01 मंत्री पद अयेगा। पार्टी सूत्र बताते हैं कि यहीं पर मंत्रिमंडल विस्तार का पेंच यहीं थोड़ा फंसा हुआ है।

**भारी बहुमत, विलंब पर सवाल :** राजनीति विशेषज्ञों को कहना है कि इस बार इंडी गठबंधन ने 56 सीटें जीत दर्ज कर एक कीर्तिमान बनाया है। ऐसी स्थिति में हेमंत सोरेन को अपने भी दल के विधायकों में मंत्री पद चयन के लेकर थोड़ी परेशानी हो रही है। वहीं कांग्रेस में भी जीतकर आये सीनियर विधायकों की संख्या ज्यादा है। इस कारण मंत्री पद के चयन को लेकर कांग्रेस भी उलझन में है। राजद भले ही दो मंत्री पद का दावा कर रहा है लेकिन उसे विश्वास है कि मंत्री पद के चयन को लेकर फर्मूला जो भी बने उसे एक मंत्री पद मिलना तो तय ही है।

**कैसी होगी हेमंत की टीम :** अब सवाल उठने लगा है कि हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल कैसा होगा। टीम हेमंत में इस बार कौन-कौन मंत्री बनेंगे। किस दल के कोटे से कितने मंत्री बनेंगे यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। ऐसे में अब राज्य की राजनीति में कई कयास चल रहे हैं। क्या 04-01 या 05-01 के फार्मूले का पेंच फंसने की वजह से विस्तार में लेट हो रहा है।

**कांग्रेस 2019 के फॉर्मूले के पक्ष में**

इंडिया ब्लॉक के तहत चार दलों (झामुमो, कांग्रेस,राजद, सीपीआई माले) ने मिल कर चुनाव लड़ा था। 81 सदस्यों वाले सदन में बहुमत से अधिक 56 सीटें मिली। 2019 में झामुमो-कांग्रेस-राजद को कुल 47 सीटें मिली थी। उस समय चार विधायकों पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला चला था। सीएम को मिलाकर 07 वर्थ झामुमो का, 04 मंत्री पद कांग्रेस के पास रहा। राजद को पर्याप्त नंबर नहीं होते हुए भी मंत्रिमंडल में एक जगह मिली थी।

**झामुमो का फर्मूला**

विधायकों की संख्या इसबार 56 हो गयी है। ऐसे में झामुमो की चाहत 04 की जगह 05 विधायकों पर पर एक मंत्री पद हो। इस फॉर्मूले से इस बार झामुमो के पास 07 की जगह सीएम को मिलाकर 08 मंत्री पद आयेंगे। वहीं 16 विधायक वाली पार्टी कांग्रेस के पास 03 और राजद के पास 01 मंत्री पद अयेगा। पार्टी सूत्र बताते हैं कि यहीं पर मंत्रिमंडल विस्तार का पेंच थोड़ा फंसा हुआ है।

**झामुमो प्रवक्ता ने समझाया गणित**

नये मंत्रिपरिषद में कितने विधायक पर कितना मंत्री हो, इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय पूरा गणित समझा देते हैं। वह कहते हैं कि कितने विधायक पर एक मंत्री पद हो इसका फैसला तो मुख्यमंत्री और सभी सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं को करना है। लेकिन झामुमो इस बार 05 विधायक पर 01 मंत्री पद चाहता है क्योंकि पिछली दफा महागठबंधन के विधायकों की कुल संख्या 48 थी जो इस बार बढ़कर 56 हो गया है। झामुमो नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे को आगे करके ही इंडिया ब्लॉक को बड़ी चुनावी सफलता मिली है। ऐसे में मुख्यमंत्री को छोड़ 11 मंत्री बनने हैं और कुल विधायक 56 हैं ऐसे में सीधे तौर पर 05-1 के तहत 11 गुणा 05 = 55 का फॉर्मूला सटीक बैठता है। वहीं प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव का कहना है कि कांग्रेस चाहती है कि 2019 के फर्मूले पर ही इस बार भी हेमंत मंत्रिमंडल का गठन हो। इस फर्मूले पर एआईसीसी भी मंथन कर रहा है। ऐसे में वक्त का इंतजार कीजिये, शीघ्र सबकुछ साफ हो जायेगा।

## स्पीकर के नाम की चर्चा तेज, क्या रवींद्र महतो बनायेंगे रिकार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम पद की सपथ लेते ही हेमंत सरकार ने शेप लेना शुरू कर दिया है। विधानसभा का अगला अध्यक्ष कौन होगा इसपर मंथल चल रहा है। अबतक कोई खुलासा नहीं हुआ है। झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रो स्टीफन मरांडी के प्रोटेम स्पीकर मनोनीत करने से साफ हो गया है कि किसी और को स्पीकर की जिम्मेदारी दी जा सकती है। पिछली सरकार की तरह इस सरकार में भी झामुमो कोटे से ही स्पीकर का चुनाव होगा। जानकारों के अनुसार नाला से झामुमो विधायक रबीन्द्रनाथ महतो को दोबारा स्पीकर पद की जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्होंने बहुत कुशलता से अपना पहला कार्यकाल पूरा किया था।



यदि श्रीरविद्रनाथ महतो चुने जाते हैं, तो इंदर सिंह नामधारी के बाद लगातार दूसरी बार स्पीकर बनने वाले दूसरे विधायक बन जायेंगे। इतना ही नहीं साथ पदभार ग्रहण करते ही श्री महतो के नाम सबसे ज्यादा समय तक स्पीकर के पद पर बने रहने का रिकॉर्ड भी जुड़ जायेगा।

**11 को सरकार विश्वास मत**

9 से 12 दिसंबर तक चलने वाले विशेष सत्र की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। 09 को नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी शपथ दिलायेंगे। 10 दिसंबर को राज्यपाल संतोष गंगवार के अभिभाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। 11 दिसंबर को सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। इसी दिन अनुपूरक बजट भी पेश करने की भी तैयारी है।

## जारी प्रखंड के खबर मन्त्र के पत्रकार पर हुआ हमला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सिर में लगी गंभीर चोट**

**गुमला।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर गांव निवासी खबर मंत्र के पत्रकार शाहजेब खान को शुक्रवार की शाम 5:00 बजे एक युवक ने ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ईंट उसके सिर में लगी जिसके बाद शाहजेब जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। साथ ही वह खून से लथपथ हो गया। तत्काल उसका प्राथमिक इलाज किया गया। जिसके बाद परिजन उसे जारी थाना लेकर गए। जहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 में गोविंदपुर निवासी अल्ताफ खान के घर ढोल नगाड़ा बजाकर जारी पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया था। इस खबर को रिपोर्टर ने अखबार में जगह दी थी। इसके बाद से अल्ताफ शाहजेब से नाराज चल रहा था। शुक्रवार की शाम गोविंदपुर में वॉलीबॉल का खेल चल रहा था। जिसमें में अल्ताफ का भाई भी शामिल था। शाहजेब से किसी बात को लेकर उससे तू तू मैं मैं हो गई। इसके बाद अल्ताफ वहां पहुंचा और ईंट उठाकर पीछे से पत्रकार के सिर में मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि अल्ताफ बाइक चोरी और मस्जिद से सेंटरिंग प्लेट की चोरी का आरोपी है।

## महाराष्ट्र सीएम पर सस्पेंस महायुति की बैठक टली



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम पद को लेकर सस्पेंस बढ़ता जा रहा है। नयी सरकार बनाने को लेकर पेच फंस गया है। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना मुख्यमंत्री पद के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांग रही है। इसलिए मुंबई में शुक्रवार को होने वाली महायुति (भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट, एनसीपी (अजित पवार) की अहम बैठक टाल दी गयी। उधर दिल्ली में भाजपा हाईकमान से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुंबई लौट आये। देरी की वजह कई नाम भी चर्चा भी है, जिसमें मुरलीधर मोहोल के अलावा सुधीर मुनगंटीवार जैसे नाम भी सामने आ रहे है जो मराठा छत्रप जैसी बातों के काट भी हो सकते हैं। सवाल ये भी उठ रहा कि क्या देवेंद्र फडणवीस की राह में अभी रोड़े हैं या नयी जिम्मेदारी की तैयारी हो रही है। सीएम पद को लेकर दावेदारी सबसे ज्यादा फडणवीस की ही है, लेकिन एकनाथ शिंदे ग्रुप के दबाव के कारण भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। देवेंद्र फडणवीस ब्राह्मण समाज से आते हैं। राज्य में मराठा की नाराजगी भाजपा लोकसभा चुनाव में भी झेल चुकी है। ऐसे में आगे आने वाले नगर निगम चुनाव में रिस्क भी नहीं लेना चाहती। इसलिए ब्राह्मण मुख्यमंत्री पद को लेकर भी माथापच्ची चल रही है।









## शाह ने निमियाघाट के थानेदार को राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को निमियाघाट थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। गृह मंत्रालय की ओर से वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में चयनित गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाने को राष्ट्रीय अवार्ड के लिए चुना गया था। शुक्रवार को भुवनेश्वर के कंवेशन सेंटर लोक सेवा भवन में आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने थानेदार को सम्मानित किया।

**कैसे होता है चयन :** गृह मंत्रालय की टीम प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में थाना का निरीक्षण करती है। उसमें से उत्कृष्ठ थानों का चयन करती है। निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाती है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार इस दौरान आम लोगों के साथ पुलिस का व्यवहार, साफ सफाई आदि।



**चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट** हाइब्रिड मॉडल अपनाने को तैयार नहीं पाकिस्तान, पहले दिन नहीं बनी सहमति

# अब पाकिस्तान में आयोजन होगा या नहीं, फैसला आज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला शनिवार होगा। इसके लिए दुबई में आईसीसी ने सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग बुलाई थी, लेकिन फैसला नहीं निकल पाने के कारण मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया। अब मीटिंग शनिवार को होगी। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल पर होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया।

## भारत ने स्पष्ट कहा - टीम इंडिया नहीं जायेगी पाकिस्तान



**विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी भी हाल में पाकिस्तान नहीं जाएगा भारत :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर पाकिस्तान जाने से मना किया है। टीम इंडिया किसी भी हाल में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी।

**पीसीबी हाइब्रिड मॉडल नहीं कराने पर अड़ा :** मीटिंग में पाकिस्तान ने एक बार फिर हाइब्रिड मॉडल को नहीं अपनाया। ICC ने एक दिन पहले भी कह दिया था कि बोर्ड हाइब्रिड मॉडल नहीं अपनाएगा। टूर्नामेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में ही होगा। पाकिस्तान के इसी स्टैंड के कारण माना जा रहा है कि आईसीसी ने अपनी मीटिंग पोस्टपोन की है।

# सीएम से मिले विधायक अनंत प्रताप देव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव एवं उनके परिजनों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री और विधायक को बधाई व शुभकामनायें दी।

# करोड़ों की अवैध निकासी मामले के तार प. बंगाल से जुड़े, एसआइटी जांच में जुटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम पर्यटन विकास निगम लिमिटेड झारखंड, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 107 करोड़ रुपये गायब करने की साजिश का बंगाल कनेक्शन सामने आया है। मामले में गठित एसआईटी जांच में जुटी हुई है।

**बंगाल कनेक्शन आया सामने :** करोड़ों की अवैध निकासी मामले की जांच कर रही एसआईटी को यह जानकारी मिली है कि पश्चिम बंगाल के हजारों सिम कार्ड का प्रयोग कर दर्जनों की संख्या में खाते खुलवाकर पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में अवैध निकासी के पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अब तक 350 खातों में पड़े 47 करोड़, 20 लाख रुपये फ्रीज करवाया है।

## अवैध निकासी का मास्टरमाइंड कोलकता का



झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता का कहना है कि सरकारी पैसे की निकासी में बंगाल कनेक्शन सामने आया है। उसकी जांच की जा रही है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि ऊर्जा विभाग के 109 करोड़ रुपए की अवैध निकासी मामले का मास्टरमाइंड कोलकाता का रहने वाला है। उस व्यक्ति ने अपने गुर्गों, बैंक कर्मियों और कुछ सरकारी कर्मियों की मदद से घोटाले को अंजाम दिया है। एसआईटी की जांच में यह बात भी सामने आई है कि 109 करोड़ की अवैध निकासी के लिए लगभग 1200 खातों का इस्तेमाल किया गया था। खातों के लिए हजारों की संख्या में सिम कार्ड का प्रयोग किया गया था। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अब तक इस मामले में 50 करोड़ रुपये से ज्यादा फ्रीज किए गए हैं, जबकि सेंट्रल बैंक के एक मैनेजर सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## कौन-कौन हुए गिरफ्तार, क्या-क्या मिला

मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें जेटीडीसी के तत्कालीन लेखपाल गिरिजा सिंह, केनरा बैंक हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, साजिशकर्ता रूद्र उर्फ समीर, रांची के लोकेश्वर शाह, बिरसा चौक स्थित सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक लोलस लकड़ा और इलाहाबाद बैंक के अमर कुमार शामिल हैं। मामले में पुख्ता सबूत के बाद करीब 350 खातों में पड़े 47 करोड़ 20 लाख रुपये को फ्रीज करवाया गया है। अब तक 1.23 करोड़ नगद और 17 लाख के जेवर बरामद हुए हैं।

## एसआइटी नेशनल साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल का ले रही है मदद

सरकारी विभाग के खातों से अवैध निकासी मामले की जांच के लिए एसआईटी नेशनल साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल की भी मदद ले रही है। इसमें साइबर अपराध थाना और विभिन्न बैंकों ने भी एसआईटी का सहयोग किया है। बता दें कि इस प्रकरण में 28 सितंबर को रांची के धुर्वा थाने में झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक वित्त ने एफआईआर दर्ज करवाई थी। सीआईडी ने इस केस को टेकओवर किया और सीआईडी ने 4 अक्टूबर को मामले में एफआईआर दर्ज करायी थी। इस प्रकरण की जांच के लिए एटीएस के एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## संदिग्ध खाताधारियों की हो रही है जांच

अवैध निकासी मामले में बंगाल के संदिग्ध खाताधारियों और उनके झारखंड लिंक की जांच की जा रही है। सबसे ज्यादा पैसे बंगाल से जुड़े खातों में हस्तांतरित किए गए हैं। जिन खाताधारी के नाम जांच के दौरान उजागर हुए हैं, उनमें से करीब 600 संदिग्ध हैं। एसआईटी की जांच में कई ऐसे खाताधारक भी मिले हैं जो छोटे-मोटे कारोबार से जुड़े हैं।

## दोषियों को नहीं छोड़ा जायेगा : डीजीपी

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि मामला काफी बड़ा है और सरकारी पैसा किसी भी हाल में वापस लाना पुलिस की जिम्मेवारी है। इस मामले में सभी संदिग्ध पुलिस की रडार पर हैं। बंगाल कनेक्शन भी सामने आ चुका है और जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

# अनुराग गुप्ता ने डीजीपी का पदभार संभाला कहा- विश्वास पर खरा उतरना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आईपीएस अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को फिर से झारखंड के प्रभारी डीजीपी का पदभार संभाल लिया है। डीजीपी नियुक्ति की अधिसूचना सरकार ने गुरुवार को जारी कर दिया था। झारखंड पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय पहुंचने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अनुराग गुप्ता 1990 बैच के आईपीएस हैं और उनकी छवि एक तेज तर्रार आईपीएस की रही है। दूसरी बार झारखंड के डीजीपी का पदभार संभालने के बाद



उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं सामने रखीं। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स, साइबर, हिंसक अपराध और महिला अपराध के खिलाफ फोकस रहेगा। पुलिस पब्लिक के लिए है, सभी पुलिसकर्मियों को यह समझना होगा और जनता की बात सुननी होगी।

**चुनाव से पहले हटा दिए गए थे अनुराग गुप्ता :** चुनाव आयोग के निर्देश के कारण विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद से हटा दिया था। सरकार बनने के तुरंत बाद ही अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाने की अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी। जिसके बाद विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने तत्कालीन डीजीपी अनुराग गुप्ता को उनके पद से हटाकर अजय कुमार सिंह को फिर से राज्य का डीजीपी नियुक्त किया था।

## पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर 13 दिसंबर को सुनवाई

# हाइकोर्ट ने ईडी से पूछा- ट्रायल की क्या है स्थिति, गवाही कब तक होगी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि पूजा सिंघल के केस में ट्रायल की क्या स्थिति है, गवाही की प्रक्रिया कब तक पूरी होगी? कितने गवाहों की गवाही कराई जानी बची हुई है? सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूजा सिंघल इस मामले में 2 साल 3 माह से अधिक समय से जेल में है। ईडी की गवाही कराने की प्रक्रिया काफी धीमी है।



इसमें दो वर्ष भी लग सकते हैं। इसलिए प्रार्थी को जमानत दी जाए। वहीं, ईडी से कहा गया कि अभी अभियोजन की ओर से और चार गवाही कराई जानी है।

दरअसल, बीते सितंबर माह में रांची की पीएमएलए कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में पूजा सिंघल समेत सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है जिनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है उनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल है।

प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र में बताया कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों और दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं।

## खबर एक नजर में

### सीएम हेमन्त सोरेन को लोगों ने दी बधाई



**रांची।** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में शुक्रवार को हेमन्त सोरेन को बधाई देने राज्य के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल थे। मौके पर मुख्यमंत्री सभी लोगों से मिले तथा उनके प्यार, आशीर्वाद एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया।

### विष्णु अग्रवाल मामले में सुनवाई सात दिसंबर को

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त कारोबारी विष्णु अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर अब 7 दिसंबर को सुनवाई होगी। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के लिए पीएमएलए कोर्ट में सूचीबद्ध थी लेकिन, याचिकाकर्ता की ओर से समय लिया गया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 7 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 19 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है।

### सरयू राय मामले में अब 13 दिसंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में 13 दिसंबर को सुनवाई होगी। मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी। मामले में सरयू राय के खिलाफ समन जारी है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 13 दिसंबर निर्धारित की है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर 24 अगस्त को संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। मामला उपस्थिति पर चल रहा है। सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी कांड संख्या 105/22 दर्ज कराई थी। मालूम हो कि सरयू राय ने इसी दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किये गये राशि के उपयोग की जानकारी दी थी।

### डीजी-आइजी कॉन्फ्रेंस में आज शामिल होंगे डीजीपी आर्थिक अपराध के समन्वय पर होगी विशेष चर्चा

**रांची।** देश के सभी राज्यों के अधिकारियों की बैठक ओड़िशा में हो रही है। झारखंड की तरफ से डीजीपी अनुराग गुप्ता शनिवार को डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। बैठक के दौरान शनिवार को राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में आर्थिक अपराध पर लगाम लगाने को लेकर चर्चा होगी। क्रिप्टो करेंसी, साइबर अपराध जैसे विषयों के साथ-साथ आर्थिक अपराध के सभी तरीकों पर कार्रवाई व राज्यों के बीच समन्वय बनाने पर चर्चा होगी। अलग-अलग राज्यों के डीजीपी और उनके प्रतिनिधि अफसर आपसी समन्वय पर चर्चा करेंगे। बता दें कि शुक्रवार को भुनवेश्वर में डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस की शुरूआत हुई। पूर्व में झारखंड पुलिस की तरफ से अजय कुमार सिंह को इस कॉन्फ्रेंस में शामिल होना था, लेकिन गुरुवार की रात राज्य सरकार के द्वारा तबादले के कारण वह कांफ्रेंस में शामिल नहीं हो पाए।

# दिल्ली के झारखंड भवन में बनी सोहराई पेंटिंग 'इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स' में दर्ज

## रांची के चित्रकार धनंजय कुमार ने बनायी है पेंटिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली के बंगला साहिब रोड में नए झारखण्ड भवन पर बनाई गयी सोहराई पेंटिंग झारखंड की लोककला को नई पहचान दे रही है। इस पेंटिंग को रांची के प्रख्यात युवा चित्रकार धनंजय कुमार ने बनायी है। यह पेंटिंग ने इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में जगह बनायी है। धनंजय कुमार के द्वारा बनाई गयी सोहराई पेंटिंग किसी भी इमारत पर अब तक की सबसे बड़ी और 110 फीट से बनाई गयी 69 गुना 44 फीट की है। इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स की टीम ने रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र मेडल एवं बुक देकर धनंजय कुमार को सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि 3 सितम्बर 2024 नए झारखंड भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पेंटिंग को देख काफी प्रभावित हुए थे।




इससे पहले भी धनंजय कुमार की बनाई हुई पेंटिंग विभिन्न परिसरों में लगाई गई है जैसे नए झारखंड हाई कोर्ट, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजकीय म्यूजियम, पर्यटन विहार में सजायी गयी है। इनके कई देशों में भी इनकी पेंटिंग के खरीदार हैं। धनंजय कुमार रांची डोरंडा के रहने वाले हैं और विगत 24 वर्षों से कलाकृति स्कूल आफ आर्ट चलाते हैं जहां बच्चों को पेंटिंग सिखाई जाती है। इन्हें अब तक 130 से अधिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार मिल चुका है।


**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**Regd. Off:** 3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010 E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in

Letter No:-857 Date-29.11.2024

**e- Procurement Notice**
**Ref. No. - JIADA/18/Balidih/2024-25**

JIADA invites separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for **Construction of RCC Drain with cover slab from Rajendra Engineering to Uttam Engineering at Balidih Industrial Area Phase-1, under Bokaro Region.** Interested eligible bidders are requested to submit their proposal through e-procurement portal latest by 3.00 PM on 21.12.2024

The details of Tender Documents can be seen and applied through website http://Jharkhandtenders.gov.in only. Tender notification and Tender Document can also be seen (read only purpose) from departmental website http://Jiada.co.in.

Sd/-
Secretary
JIADA, Ranchi

PR.NO.340758 RIADA (24-25):D



**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची।**

**प्रेस विज्ञप्ति**
**सूचना**

एतद् द्वारा श्री अविनाश तिर्की, पिता–श्री एन्ड्रियास तिर्की, क्वॉटर नं0–192 B1 अपोजित कृषि भवन, कांके, रोड़, राँची–834008 सम्प्रति निलंबित कारखाना निरीक्षक, मुख्यालय उप मुख्य कारखाना निरीक्षक का कार्यालय बोकारो कैम्प–2 संयुक्त श्रम भवन, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो को विभागीय संचालन–सह–जाँच पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यवाही में कतिपय तिथियों को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु निबंधित डाक से आप के पता पर पत्र भेजा गया, लेकिन आप लगातार विभागीय कार्यवाही में उपस्थित नहीं हो रहे हैं जिसके कारण विभागीय कार्यवाही के निस्तार में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

आपको अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक–10.12.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे श्री गणेश कुमार (से0नि0 भा0प्र0से0) विभागीय जाँच पदाधिकारी का कार्यालय नगर प्रशासन भवन (एच0ई0सी0) गोल चक्कर, धुर्वा, राँची के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा यह माना जाएगा कि आपके उपर लगे आरोपों पर कुछ नहीं कहना है एवं संचालन–सह–विभागीय जाँच पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लेते हुए विभागीय कार्यवाही को निस्तारित कर दिया जाएगा।

अपर सचिव
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची।

PR 340711 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 18/2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.12.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.12.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.12.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary Wall of Krishi Bhawan at Latehar. | 24,73,325/- | 50,000/ - | 5,000/ - | 03 (Three) Months |
| 2 | Construction of Shed for Seed Processing Machine in the Campus of Agriculture Office Latehar | 7,66,820/- | 15,5 00/ - | 1,25 0/ - | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR 340735 Building(24-25)D



रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–30102024–258353
CG-DL-E-30102024-258353
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4355] नई दिल्ली, शनिवार, अक्टूबर 29, 2024/कार्तिक 7, 1946
No. 4335] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 29, 2024/KARTIKA 7, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर, 2024**

**का.आ. 4732 (अ).**– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के राँची जिले में NH75 के कि.मी. 0 से कि.मी. 3.26 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला भू अर्जन पदाधिकारी रांची को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के राँची जिले में NH75 के कि.मी. 0 से कि.मी. 3.26 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

जिला : रांची
[फा.सं.: NHAI/PIU/RNC/Ranchi Flyover/LA-3A]
अभय जैन, निदेशक

https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 29/10/2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/01 BD(DE)/2024-25**
Letter no-761 Date- 28/11/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Silagai Lift Irrigation Scheme (Solar Pannel System) at Village- Silagain, Block- Chanho, District- Ranchi. |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,26,36,400.00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000.00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,26,500.00 only. |
| 5 | Time of Completion | 11 Months |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in (As per SOP Issued by Information Technology & e-Governance Department, Govt of Jharkhand vide letter no- 120 Dated 03.10.2023) |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 20.12.2024 Time: 2.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 26.12.2024 Time: 5.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-20.12.2024 Time:- 2.00 PM<br>Last Date:- 26.12.2024 Time:- 5.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: 28.12.2024 Time: 2.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ranchi |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-3512781 |

Note:-
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(AC/DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Ranchi**

PR 340780 Minor Irrigation (24-25)_D



**शपथ पत्र**

मैं अंशु कुमारी पिता श्री अनिल कुमार पांडेय निवासी 60ए गोगदालय देवी मंडप पथ ग्राम बारालोटा दक्षिणी थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू शपथ पूर्वक एकरार करती हूं कि :-
1. यह कि उक्त नाम व पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम अंशु कुमारी और पिता का नाम अनिल पांडेय है।
3. यह कि मेरा पैन कार्ड, आधार कार्ड में भी मेरा नाम अंशु कुमारी पिता अनिल पांडेय है।
4. यह कि मेरा घरेलू नाम अंशिका पांडेय है और अंशु पांडेय के नाम से भी जानी जाती हूं। ये दोनों नाम मेरा ही है।
5. यह कि अनील कुमार पांडेय उर्फ अनील पांडेय ये दोनों नाम मेरे पिता का है एवं मेरे पिता दोनों नामों से जाने व पहचाने जाते हैं।
6. यह कि इस शपथ से मैं अपना सभी नाम गवर्नमेंट गजट में देने के लिए कर रही हूं।

**अंशु कुमारी**
**शपथ कर्ता**

बुक नंबर xiv
सिरियल नंबर 6569
दिनांक -21.09.24

## राशन कार्ड में सुधार के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय में भीड़



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव संपन्न होने के साथ समाहरणालय भवन गुलजार हो गया है। जिला आपूर्ति कार्यालय में राशन कार्ड से जुड़ी कार्यों के लिए लोगों की भीड़ लगी है। कतार में खड़े लोगों से बात करने पर पता चला कि लोग नए राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में परिवार जनों का नाम जुड़वाने संबंधित काम से आए हुए थे। बता दें कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए दी जानी है। जिसके लिए राशन कार्ड जरूरी दस्तावेज में से एक है। लाभुक इस योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड बनवाने समाहरणालय पहुंच रहे हैं।

### ₹2.31 लाख से अधिक का गबन मामला : साक्ष्य के अभाव में आरोपी हुए रिहा

# 40 साल पुराने कीटनाशक घोटाला मामले में दस आरोपी किये गये रिहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वन विभाग से जुड़े 40 साल पुराने 2.31 लाख रुपये से अधिक के गबन मामले में ट्रायल फेस कर रहे 10 आरोपियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में शुक्रवार को बरी कर दिया है। वर्ष 1984-85 में हुये गबन मामले में अदालत ने विश्वनाथ कुमार गाड़ोदिया, ओम प्रकाश गाड़ोदिया, विजय कुमार गाड़ोदिया, अशोक कुमार



गाड़ोदिया, विमल कुमार गाड़ोदिया, अंजनी कुमार सिंह, गेब्रियल तिर्की, बसंत मिस्त्री, रामवृक्ष ठाकुर, प्रणव कुमार सेन को बरी किया। अभियुक्तों पर व्यक्तिगत अवैध लाभ के लिये अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके एक गैर मान्यता प्राप्त फर्म से एल्ड्रिन 5 प्रतिशत डस्ट और फोलिडाल डस्ट की खरीदारी और फर्म को अवैध भुगतान में मदद करने का आरोप था। साथ ही, आपूर्तिकर्ताओं को सरकार के निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर भुगतान किया था। वहीं, सुनवाई के दौरान बिश्वनाथ गाड़ोदिया, बलि राज राय, बलराम खलखो, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा की मृत्यु हो गई।

### क्या है पूरा मामला

संयुक्त बिहार में पूरे राज्य में वन विभाग के 11 प्रभागों में वनरोपण के उद्देश्य से एल्ड्रिन 5 प्रतिशत डस्ट और फोलिडाल डस्ट की खरीदारी 1984-85, 1989-90 एवं 1990-91 में की गई थी। जब जाली खरीद का मामला विधानसभा के सदस्यों वाली पंचायती राज की समिति ने मामले की जांच की तो वन विभाग के 11 डिविजनों में 26,48,093 रुपए का गबन पाया गया। गबन को लेकर प्रत्येक डिवीजन के लिये अलग-अलग मामला 20 जून 1995 में निगरानी थाने में दर्ज किया गया। रांची डिवीजन में 2 लाख 31 हजार 875 रुपए का गबन पाया गया था। गबन मामले में 16 को आरोपी बनाया गया था। जांच में पाया गया था कि आपूर्ति की गई कीटनाशक उपलब्ध दर से काफी अधिक दर से की गई थी।

## गोल्डन जुबली में जुटेंगे रिम्स के 1974 बैच के चिकित्सक

**रांची।** रिम्स में गोल्डन जुबली सह पुनर्मिलन समारोह का आयोजन 3 दिसंबर को होगा। इसमें 1974 नामांकन और 1969 पासआउट बैच के सदस्य शामिल होंगे।

कार्यक्रम के सचिव डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि आरएमसीएच के पहले चार प्रोफेसर में एक डॉ सुरेंद्र कुमार सिन्हा होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जीवन कुमार मित्रा ने बताया, कार्यक्रम सुबह रन फॉर हार्ट से शुरू होगा। एक पेड़ इंस्टीट्यूट के तहत पौधारोपण और शाम में आईएमए भवन में म्यूजिकल नाइट होगा। हर साल पुनर्मिलन का आयोजन एसोसिएशन ऑफ आरएमसीएच व रिम्स एलुमनी की ओर से किया जाता है।

## जातीय जनगणना और महिला सुरक्षा पर होगा फोकस : राजद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने राज्य के चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए हेमंत सोरेन को पार्टी की ओर से बधाई दी एवं गोड्डा से नवनिर्वाचित विधायक संजय प्रसाद यादव को पार्टी कार्यालय में बुके देकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में राजद ने शानदार प्रदर्शन किया है। वर्षों से शांत बैठे राजद कार्यकताओं में पूरे झारखंड में गजब का उत्साह पैदा हुआ है। कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड राज्य में सामाजिक न्याय की बात करने एवं सेक्युलर विचारधारा को मजबूती से आवाज उठाने वाले नेता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी प्रसाद यादव हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल फोकस जातीय जनगणना, एसटी, एससी, ओबीसी का आरक्षण सीमा बढ़ाने किसानों मजदूरों व युवाओं के भविष्य की चिंता तथा महिला सुरक्षा



रहा है। आने वाले समय में राजद ऐसे विषय को तेजी आगे बढ़ाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं का एजेंडा में रहेगा। श्री यादव ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव के स्वागत के लिए राजद की ओर से शहर को बैनर पोस्टर से सजाया गया था। इस सफल आयोजन के लिए समिति सभी समूह सदस्यों को एवं गोड्डा विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव को बधाई दिया।

## जन आरोग्य केंद्र सीसीएल ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के सुकुरहुट्टू बस्ती में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा एक निःशुल्क एनीमिया (खून की कमी) सहित अन्य बिमारियों को लेकर जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 136 मरीजों की जाँच की गयी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया।

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है।



शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन; सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीती तिग्गा; डॉ. अनीता होरो; डॉ. अम्बरीष कुमार; डॉ. प्रियंका झा; डॉ. शिखा; डॉ. पायल; डॉ. शिल्पी झा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### खबर एक नजर में

#### राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के निधन पर जताया शोक



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

#### रिम्स में आज पहली पाली में ही मिलेगा परामर्श

**रांची।** रिम्स में शनिवार को पहली पाली में ही ओपीडी में परामर्श की सुविधा मिलेगी। दोपहर दो बजे के बाद सिर्फ इमरजेंसी में मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। इस दौरान ईएनटी में डॉ बिनोद और मेडिसिन ओपीडी में डॉ अभय मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे।

#### अपहरण के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

**रांची।** अपहरण मामले में रांची पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम संजय कुमार महतो, सूरज कुमार, अभिराम महतो, अर्पित शर्मा और अजय कुमार महतो हैं। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि विजय लाल उरांव का कार सहित अपहरण कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस ने धुर्वा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दो पीस लोहे का रॉड, एक डंडा और लंबी रस्सी बरामद किया है।

#### छेड़खानी के मामले में दोषी को तीन वर्ष कैद

**रांची।** पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने नाबालिग से छेड़खानी मामले में ट्रायल फेस कर रहा युवक विनोद लोहरा को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 3 महीने जेल काटनी होगी। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने मांडर थाना में अप्रैल 2021 में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में गवाही के दौरान अभियोजन की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई थी।

#### झारखंड कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी बधाई

**रांची।** झारखंड में हेमंत सरकार की शानदार वापसी पर कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। इस संबंध में शुक्रवार को एसोसिएसन के तरफ से हेमंत सोरेन को एक शुभकामना पत्र भेजा गया है। शुभकामना पत्र में लिखा है कि संगठन की ओर से इस प्रचंड जीत के लिए आपको बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनायें। इस प्रकार से आपकी जीत में हमारे संगठन का पूरा सहयोग रहा है, उसी प्रकार हम भी आपसे उम्मीद करते हैं कि आपके दूसरे कार्यकाल में संगठन को आपका पूरा सहयोग मिलेगा एवं हमारे स्थानीय संवेदक भाइयों को उनका उचित हक मिलेगा। मुख्यमंत्री आपकी इस दूसरी पारी के साथ हमारा संगठन भी आपके साथ दूसरी पारी की शुरूआत करने जा रहा है एवं स्थानीय संवेदकों के हक के लिए हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने पत्र के जरिए कहा है कि आपके पिछले कार्यकाल में अधिकारियों एवं कुछ मंत्रियों की कार्यप्रणाली स्थानीय संवेदकों के प्रति भेदभावपूर्ण रही हैं, जिसका खामियाजा हमारे सदस्यों को उठाना पड़ा है क्योंकि सरकार की ओर से इनके लिए किसी प्रकार की नीति निर्धारित नहीं की गई है। इसका पूरा लाभ राज्य से बाहर के संवेदक उठाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि इस संबंध में संगठन सरकार गठन के बाद एक बृहद प्रेस वार्ता के माध्यम से पिछले कार्यकाल की खामियां एवं अधिकारियों और कुछ एजेंसियों की अनियमितताओं से आपको अवगत कराएगा, ताकि आपके दूसरे कार्यकाल में ऐसे लोगों को दूर रखा जा सके, जिनकी वजह से सरकार एवं राज्य की बदनामी होती है। साथ ही साथ संगठन सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के सम्बन्ध में भी अपने सुझाव आपके समक्ष रखेगा।

## मंजूनाथ भजंत्री ने रांची डीसी का पदभार संभाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मंजूनाथ भजंत्री ने 29 नवंबर को रांची उपायुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया। वरुण रंजन ने उन्हें पदभार सौंपा। मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वरुण रंजन ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने काफी कम समय में विधानसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने एवं अन्य कार्यक्रमों में समन्वय के साथ कार्य संपादित किए जाने पर सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को धन्यवाद दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मंजूनाथ भजंत्री ने कहा जिला प्रशासन सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के स्तंभ पंचायत, प्रखंड अंचल कार्याल एवं पुलिस स्टेशन के पदाधिकारी/कर्मी ससमय कार्यालय आएं एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। भजंत्री ने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि आम जनता को कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। जनता का काम आसानी से हो। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के आदेश पर मंजूनाथ भजंत्री को हटा दिया गया था। इनके स्थान पर वरुण रंजन को रांची डीसी बनाया गया था। मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने गुरुवार को फिर से मंजूनाथ को रांची डीसी बना दिया।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक 3 दिसंबर को

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक तीन दिसंबर को डोरंडा स्थित कार्यालय में होगी। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के वर्तमान स्थिति एवं भावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। इस बैठक में करीब सभी जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, रोजी, रोजगार और नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 रुपये, हमारी लंबित मांगों को अबुआ सरकार पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष करती रही है। अबुआ सरकार आंदोलनकारियों की मांगों के प्रति गंभीर है और सकारात्मक सोच रखती है इसीलिए एनडीए के किसी प्रलोभन में विधानसभा चुनाव में आंदोलनकारी नहीं आए और अब वे अबुआ सरकार में अपना स्थान विश्वास बनाए रखे हैं। अबुआ सरकार की जीत हुई है।

## बीआइटी मेसरा में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 5-7 दिसंबर तक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा प्लेटिनम जुबली समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला पांच से सात दिसंबर तक होगी। इसके तहत 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्रांसलेशनल बायोइन्फॉर्मेटिक्स का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य कंप्यूटेशनल बायोलॉजी और बायोइन्फॉर्मेटिक्स में उभरते शोध एवं तकनीकों पर चर्चा करना है। यह सम्मेलन झारखंड में पहली बार कंप्यूटेशनल बायोलॉजी के क्षेत्र में हो रहा है। इसमें विश्वभर के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ, शोधकर्ता, शिक्षाविद और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विशिष्ट व्यक्ति शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य जैवसूचना विज्ञान और क्लीनिकल प्रैक्टिस के क्षेत्र में वैश्विक शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाना है। सम्मेलन में तीन अलग-अलग विषयों पर चर्चा होगी। पहले दिन आर्टिफिशियल




इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के बायोलॉजी और बायोइन्फॉर्मेटिक्स में उपयोग पर प्रकाश डाला जाएगा। दूसरे दिन का विषय मॉलिक्यूलर मॉडलिंग और सिमुलेशन होगा। जबकि तीसरे दिन मैथमेटिकल और सिस्टम बायोलॉजी पर चर्चा की जायेगी। सम्मेलन में कंप्यूटेशनल बायोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से जुड़े शोध कार्यों पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गयी है। इसमें फ्रांस, जर्मनी और सिंगापुर सहित विभिन्न देशों से आए ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ, शोधकर्ता और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस सम्मेलन में 200 से अधिक छात्र, शोधकर्ता और पोस्टडॉक्टोरल फेलो शामिल होने की उम्मीद है। इस आयोजन का नेतृत्व बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना द्वारा किया जायेगा। सम्मेलन का संचालन बायो इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो कुणाल मुखोपाध्याय अध्यक्ष के रूप में, डॉ आलोक जैन संयोजक के रूप में और प्रो राजू पोद्दार व डॉ कोएल मुखर्जी आयोजन सचिव के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो एलएस शशिधर होंगे।

# पैतृक गांव उलिहातू में मंगल मुंडा का हुआ अंतिम संस्कार, अर्जुन मुंडा ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी/रांची।** भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का इलाज के दौरान रिम्स में गुरुवार की देर रात निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव खूंटी के उलिहतू ले जाया गया, जहां खूंटी जिला प्रशासन की ओर से उप विकास आयुक्त सह प्रभारी उपायुक्त श्याम नारायण राम ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में सरना रिति-रिवाज के अनुसार उन्हें दफनाया गया।

उल्लेखनीय है कि मंगल मुंडा 25 नवंबर को सड़क दुर्घटना में गभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका इलाज रिम्स में चल रहा था। खूंटी के उपायुक्त लाकेश मिश्रा की



पहल पर खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम भी रिम्स गई थी। उपचार के दौरान गुरुवार की देर रात मंगल मुंडा का निधन हो गया।

मंगल मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्प-चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत मंगल मुंडा के परिजनों को राज्य सरकार के स्तर से हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### अर्जुन मुंडा, खूंटी के दोनों विधायकों और पूर्व विधायकों ने दी श्रद्धांजलि

मंगल मुडा के निधन की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार की शाम पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लोग उलिहातू पहुंचे और और मंगल मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

### समय से इलाज होता, तो नहीं होती मंगल मुंडा की मौत : अर्जुन मुंडा

भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मंगल मुंडा का निधन पूरे झारखंड के लिए दु:ख का विषय है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद जग मंगल मुंडा को रिम्स ले जाया गया, तो किसी ने उनकी सुधि नहीं ली। वे रात भर घायल अवस्था में एंबुलेंस में ही पड़े रहे। अर्जुन मुंडा ने कहा कि जब उन्हें सूचना मिली, तो उन्होंने रिम्स के अधिकारियों से बात कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। अर्जुन मुंडा ने कहा कि एक शहीद परिवार के वंशज के साथ इस तरह का व्यवहार स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल करता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और किसी के साथ ऐसा न हो, इस पर सरकार को ध्यान देने की आवशकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर समय पर मंगल मुंडा का इलाज इलाज हो जाता, तो उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था पर संवेदनशील होना चाहिए।

## सीएमपीडीआई के तीन सेवानिवृत्त कर्मियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के तीन सदस्यों की सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को संस्थान के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें राकेश रंजन-महाप्रबंधक (उत्खनन), धनंजय जैन-वरीय वैज्ञानिक सहायक एवं राजेन्द्र नाथ-वरीय वैज्ञानिक सहायक शामिल थे। इस मौके पर सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।



इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की।

इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्य, टुकलाल एवं डॉ राजीव डे तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कादम्बर ने दिया।

# चैंबर ने आलू की आवक रोक दिये जाने से भविष्य में होनेवाली कठिनाई पर जताई चिंता

## कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न, मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की तीसरी बैठक शुक्रवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष परेश गप्तानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू की आवक रोक दिये जाने से भविष्य में होनेवाली कठिनाई पर सदस्यों ने चिंता जताई और मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखण्ड का बाजार आलू की आपूर्ति के लिए पूरी तरह पश्चिम बंगाल पर निर्भर है। किंतु बॉर्डर पर गाडियों को रोकने से झारखण्ड के बाजार में आलू की आवक पूरी तरह से ठप हो जायेगी। जिससे निकट भविष्य में आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




**सरकार से अपील :** राज्य में स्थिर सरकार के गठन पर प्रसन्नता जताते हुए कार्यकारिणी समिति ने झारखण्ड में भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, बालू की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनाने तथा कृषि शुल्क विधेयक को स्थाई रूप से समाप्त करने की सरकार से अपील की गई। यह कहा गया कि सरकार को लैंड रिफॉर्म्स की दिशा में भी ठोस पहल करनी चाहिए। इससे वृहद् स्तर पर राज्य में औद्योगिक क्रांति का उदय संभव है। चर्चा के क्रम में चैंबर अध्यक्ष ने जल्द ही विभागवार समस्याओं से जुडे मुद्दों पर मुख्य सचिव से मिलकर वार्ता करने की बात कही। बैठक के दौरान आज 23 अतिरिक्त उप समितियों और उनके चेयरमेन का मनोनयन भी किया गया। बताते चलें कि इस बैठक से पूर्व भी 45 उप समितियों का गठन किया गया है। नगरउंटारी के पदाधिकारियों के आग्रह पर चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने जल्द ही पलामू जिले का दौरा करने की बात कही। यह भी कहा कि जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक चैंबर को प्रभावी बनाने के लिए वर्तमान सत्र में निरंतर प्रयासों को गति दी जायेगी। बैठक के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संताल परगना प्रमंडल तथा अमित साहू ने नॉर्थ छोटानागपुर प्रमंडल की समस्याओं से सभा को अवगत कराया।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल, आस्था किरण, डॉ अभिषेक रामाधीन, मुकेश अग्रवाल, प्रवीण लोहिया, राम बांगड, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, शैलेष अग्रवाल, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष अरूण बुधिया, मनोज नरेडी, रंजीत टिबडेवाल, पवन शर्मा, किशोर मंत्री, उप समिति चेयरमेन आनंद कोठारी, प्रियांक भगत, तेजविंदर सिंह, सुरेश अग्रवाल, सीए जेपी शर्मा, महेंद्र जैन, दीनदयाल बरनवाल, सोनी मेहता, आनंद जालान, किशन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नीहित गाडोदिया, संजय सिंह, अमित किशोर, शषांक भारद्वाज, दिलीप शाह, शैलेंद्र सुमन, हृदयानंद कमलापुरी, शंभूनाथ सौदागर उपस्थित थे। भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा जी निधन पर दुख प्रकट करते हुए कार्यकारिणी समिति ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जताई।

### साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का होगा आयोजन

हाल के दिनों में नये-नये तरीके से साइबर क्राइम की बढ़ती गतिविधियों से होनेवाली कठिनाईयों से भी सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया। व्यापारियों की असुविधा को देखते हुए चैंबर द्वारा जल्द ही साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला के आयोजन का निर्णय लिया गया। यह भी कहा गया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद प्रायः प्रत्येक चुनाव में प्रशासन द्वारा पंडरा बाजार की दुकानों/गोदामों का अधिग्रहण मतगणना के लिए किया जाता है। जल्द ही इस मामले में रांची उपायुक्त के साथ एक बैठक कर, मतगणना के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन करने का निर्णय लिया गया।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रांची से खड़गपुर रूट की ट्रेनें पांच दिसंबर तक रहेंगी प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रांची से खड़कपुर मार्ग वाली छह ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। वहीं 14 ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

जबकि दो ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है, जबकि दो ट्रेनें आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ पर चलेंगी।

### ये ट्रेनें रद्द रहेंगी

- ट्रेन संख्या 13504/13503 बर्द्धमान - हटिया - बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 08641/08642 आद्रा - बरकाकाना - आद्रा मेमू 1 से 5 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 03597/03598 रांची - आसनसोल - रांची मेमू 1 से 5 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी - रांची - बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर 1 से 5 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर - हटिया - टाटानगर एक्सप्रेस 1 से 5 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18085/18086 खड़गपुर
- रांची - खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस 1 से 5 दिसंबर तक रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों का आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ

- 1 से 5 दिसंबर तक ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ आद्रा स्टेशन होगा। इन ट्रेनों का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

**ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी**

- ट्रेन संख्या 20898/20897 रांची - हावड़ा - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस 1 से 5 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-पुरुलिया-चांडिल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-गुण्डा बिहार -चांडिल होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 18628/18627 रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस 1 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-पुरुलिया-चांडिल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-गुंडा बिहार-चांडिल होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 12366 रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस 1 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-बोकारो स्टील सिटी- चंद्रपुरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-बरकाकाना-चंद्रपुरा होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 18428 आनंदविहार टर्मिनल-पूरी एक्सप्रेस 1 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग राजाबेरा-बोकारो स्टील सिटी- कोटशीला-चांडिल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोमो-अनारा-पुरुलिया-चांडिल होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस 1 एवं 5 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-बोकारो स्टील सिटी- चंद्रपुरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-बरकाकाना-चंद्रपुरा होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 12020 रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस 3 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-बोकारो स्टील सिटी- चंद्रपुरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-बरकाकाना-चंद्रपुरा होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 13319 दुमका-रांची एक्सप्रेस 2 से 5 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी-कोटशीला- मूरी के स्थान पर परिवर्तन मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस 2 से 5 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी- कोटशीला-मूरी के स्थान पर परिवर्तन मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-आलप्पुझा एक्सप्रेस 2 से 5 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी- कोटशीला-मूरी के स्थान पर परिवर्तन मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 12818 आनंदविहार टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस 2 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी- कोटशीला-मूरी के स्थान पर परिवर्तन मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 12365 पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस 2 से 5 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी- कोटशीला-मूरी के स्थान पर परिवर्तन मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 22891/22892 हावड़ा-रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 4 एवं 5 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-पुरुलिया- चांडिल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-गुंडा बिहार-चांडिल होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 5 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी-कोटशीला- मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 18603 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस 5 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग मूरी-कोटशीला-बोकारो स्टील सिटी-चंद्रपुरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-बरकाकाना-चंद्रपुरा होकर चलेगी।

**ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन :**

- ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर-नई दिल्ली तेजस राजधानी 5 दिसंबर को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 1 घंटे विलंब से भुवनेश्वर से प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल 5 दिसंबर को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 1 घंटे विलंब से धनबाद से प्रस्थान करेगी।

## स्पीड न्यूज

### संविधान ने न्याय और समानता के साथ सम्मान दिया : डॉ वर्मा

**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' विषय पर शुक्रवार को संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों को न्याय व समानता के साथ सम्मान दिलाने में सफल रहा है। हमारा संविधान देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सशक्त माध्यम है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ समर सिंह ने कहा कि संविधान हमें अपना कर्तव्य बोध कराता है। हमें संविधान की मूल भावनाओं को जानने व समझने की आवश्यकता है। डॉ सावित्री बड़ाईक, डॉ सीमा सुरीन, डॉ राजश्री महतो, डॉ नंद किशोर सिन्हा, डॉ संगीता के अलावा विद्यार्थियों में- पूनम कुमारी, विकास यादव, रूबी कुमारी, श्रुति कुमारी, हवलदार उरांव व सुकृ ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। संचालन डॉ कन्हैया लाल ने किया। प्रोफेसर इंचार्ज प्रो राजेश कुजूर, डॉ रानी प्रगति प्रसाद ,डॉ अनीता गुप्ता सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**रांची।** भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (कैग) ने ऑडिट दिवस पर अंतरराज्यीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जेवीएम श्यामवाली में किया। इसमें 10 विद्यालयों के 95 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन महानिदेशक लेखापरीक्षक (इस्पात) जीतेंद्र सुधाकर करपे ने किया। शुक्रवार को पुरस्कार वितरण हुआ। प्रथम पुरस्कार एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल की अनुष्का अधिकारी, द्वितीय पुरस्कार संत जॉन इंटर कॉलेज की काजल महतो एवं तृतीय पुरस्कार डीपीएस की पंखुरी मिश्रा को मिला। 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### जीएसटी और कराधान परिदृश्य पर व्याख्यान

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को 'जीएसटी: भारत के कराधान परिदृश्य को बदलना' विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ। अध्यक्षता कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने की। मुख्य वक्ता रूप में क्यूरेटर और मुख्य आयोजक, टेडेक्स, कांके राजीव गुप्ता मौजूद थे। उन्होंने जीएसटी के मुद्दों व तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की। शोधार्थियों को बताया कि कैसे जीएसटी व इससे संबंधित समस्या और समाधान को अपने अनुसंधान विषय के रूप में लेकर एक बेहतर अनुसंधान कार्य कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो ज्योति प्रकाश, प्रो विनीता रानी एक्का, प्रो नीलू कुमारी, प्रो नीतेश राज, प्रो दिलीप प्रसाद, प्रो कल्पना सिंह, विद्यार्थी व शोधार्थी मौजूद थे।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अपोलो क्लिनिक बरियातू और कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस जांच शिविर में कक्षा तीन से बारहवीं तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को चिकित्सकों की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर में बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य, दांत, आंख, कान, नाक, गला, रक्तचाप, भोजन की जरूरत एवम पौष्टिकता की जांच की गई और उचित परामर्श दिया गया। मौके पर उप-प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना सभी के लिए वर्तमान समय की सबसे प्रमुख मांग है। उन्होंने कहा कि सभी का स्वस्थ रहना एक सुखद भविष्य और सशक्त राष्ट्र के लिए जरूरी है। इस जांच शिविर में डॉ. रेशमा सिंह, डॉ. निभा एन.कुमारी, डॉ. रवि रोशन, डॉ. विजेता और डॉ. बर्मन ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर मोनिका कुमारी ने किया। शिविर में काफी संख्या में बच्चे, शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए।

## पशुओं का इलाज सहानुभूति के साथ होना चाहिये : रिम्स निदेशक

### वेटनरी कॉलेज में पशु स्वास्थ्य, प्रबंधन एवं कल्याण पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा है कि पशुओं का ईलाज भी उसी गंभीरता, सहानुभूति और चिकित्सा सुविधाओं के साथ किया जाना चाहिये, जैसा मनुष्य के साथ होता है। उनको भी रोग नियंत्रणए जांच और क्लीनिकल सुविधाओं का उतना ही अधिकार है और पशु स्वास्थ्य को अलग करके नहीं देखा जा सकता। वह शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में पशु स्वास्थ्य, प्रबंधन एवं कल्याण का भावी दृष्टिकोण, चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला तथा पूर्ववर्ती विद्यार्थी सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पशु कल्याण के लिये विभिन्न विषयों के शोधार्थियोंए सरकारोंए नीति निमार्ताओं और नौकरशाहों के बीच बेहतर सहयोग और तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र के सम्राट अशोक ने दुनिया का पहला पशु चिकित्सालय स्थापित किया था। जहां जांच, चिकित्साए ठहराव और क्वॉरेंटाइन सुविधायें उपलब्ध थीं। भारतीय इतिहास में महात्मा बुद्ध का समय सर्वाधिक गौरवशाली था जब भारत का भौगोलिक विस्तार सर्वाधिक था। उन्होंने कहा कि एलुमिनाई मीट पुरानी यादों को जीवंत करने, पुराने मित्रों और अपनी पुरानी संस्था से मिलने तथा आनंद मनाने का दुर्लभ अवसर होता है।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि मनुष्य, पशु, पौधा और पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिये कार्यरत सभी प्रोफेशनल्स को सभी जीवित प्राणियों और प्लैनेट के स्वास्थ्य और खुशहाली के लिये मिलकर काम करना चाहिये। उन्होंने कहा कि विदेशी रोगों और कीड़ों से भारत में बहुत सी समस्याएं पैदा हो रही है।

पूर्ववर्ती छात्र तथा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली के अवकाशप्राप्त प्रधान वैज्ञानिक डॉ डीके सिंह ने श्भारत में ब्रुसेलोसिस जांच और नियंत्रण रणनीतियां विषय पर की नोट व्याख्यान दिया। इस अवसर पर स्मारिका तथा 30 आईकॉनिक वेट्स शीर्षक पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। स्वागत भाषण करते हुये वेटनरी संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने कहा कि आरवीसी और रिम्स का भवन 60 के दशक में एक साथ निर्मित किया गया था।

उन्होंने कहा कि वेटनरी कॉलेज में शिक्षकों की संख्या 105 से घटकर 32 हो गई है।औषधि विभाग के अध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ प्रवीण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ विशाखा सिंह और डॉ प्रज्ञा प्रिया लकड़ा ने किया । सम्मेलन में लगभग 350 पूर्ववर्ती विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

## शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में भेदभाव झेल रहीं महिलाएं: डॉ दयाल

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), में इंडियन एसोसिएशन फॉर वीमेन स्टडीज, नई दिल्ली और गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय मध्य-पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन की शुरूआत शुक्रवार को हुई। विषय है 'मध्य पूर्वी भारत में लिंग आधारित उपेक्षाः झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार के अनुभव'। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता डॉ हरिश्वर दयाल, सदस्य राज्य वित्त आयोग, झारखंड सरकार उपस्थित थे। उन्होंने कहा, महिलाओं की स्थिति को प्रति 1000 पुरुष पर महिलाओं की संख्या से मापा जा सकता है। उन्होंने पितृसत्तात्मक व्यवस्था और महिलाओं के साथ होनेवाली भेदभाव पर बात की। कहा कि महिलाएं भेदभाव, अभाव, शोषण और शारीरिक और मानसिक हिंसा की अधिक शिकार होती हैं। महिलाओं के लिए शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में भारी भेदभाव है। प्रवासन पर उन्होंने कहा कि अब तक के शोध अध्ययन काफी हद तक पुरुष केंद्रित रहे हैं। गरीबी प्रवासन का मुख्य कारण है और महिलाएं मुख्य रूप से अर्ध-कुशल कार्यों में शामिल होती हैं और ज्यादातर वे केयरटेकर के रूप में बड़े शहरों में प्रवास करती हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण में डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि देश तभी प्रगति कर सकता है जब महिलाएं शिक्षा प्राप्त करें और समान अवसर तक समान पहुंच प्राप्त करें। उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया और पंचायती राज प्रणाली में महिलाओं के आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी के बारे में बात की।

## बांग्लादेश मामले में भारत हस्तक्षेप करे : स्वामी दिव्यानंद



**रांची।** अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष एवं संत सुरक्षा मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज ने शुक्रवार को वयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर भारत को हस्ताछेप करना अनिवार्य हो गया है। वर्तमान समय में पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। किसी भी दो देशों के बीच में युद्ध चल रहे होते हैं, तो वह भारत की ओर टकटकी लगाकर देखता है, कि इसका समाधान भारत ही कर सकता है। वैसे भी बांग्लादेश हमारा पड़ोसी होने के नाते, साथ ही हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के कारण यदि भारत हस्तक्षेप करता है, तो अन्य देश भी भारत का समर्थन करेगा और बांग्लादेश पर दबाव पड़ेगा।

## केक मिक्सिंग समारोह का आयोजन




**रांची।** रेडिसन ब्लू होटल में शुक्रवार को क्रिसमस देखते हुए केक मिक्सिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पूलसाइड में किया गया। प्रतिभागियों ने सूखे मेवे, मेवे, मसाले और स्प्रिट का मिश्रण तैयार करके शानदार क्रिसमस केक तैयार किए। मौके पर जीवंत माहौल के साथ लाइव संगीत की भी व्यवस्था थी,जो मस्ती और उत्सव का एक आदर्श मिश्रण पेश कर रहा था। मौके पर शेफ के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र का भी आयोजन किया गया।

## आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संगठन के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को भारी बहुमत के साथ दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान विश्वविद्यालय और छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। आदिवासी छात्र संघ ने मुख्यमंत्री को छात्रों के हितों और राज्य के शैक्षिक विकास से संबंधित अपनी मांगों और सुझावों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष दिपा कच्छप, अमित टोप्पो ,अक्षय कुमार महतो, मिली उरांव, नीतेश टोप्पो, नीष उरांव, पायल बांड़ो, सामी अहमद सामी आदि मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विकास उरांव ने दी।



## झालसा सदस्य ने किया रांची रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**रांची।** झालसा सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने शुक्रवार को रांची रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और साथ ही कबंल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व जरूरतमंदो के बीच झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा के निर्देश पर पूर्व में भी कम्बल का वितरण किया गया है और आगे भी किया जायेगा। समय-समय पर गरीबों के बीच खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## एक नजर में

### बीआइटी मेसरा : बायो इंजीनियरिंग और बायो टेक्नोलॉजी का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 5 से

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के बायोइंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी विभाग में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 5-7 दिसंबर को होने जा रहा है। विषय है 'अनुवादात्मक जैव सूचना विज्ञान में उभरते रुझान'। सम्मेलन में तीन अलग-अलग विषयों पर चर्चा होगी। पहला दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के बायोलॉजी और बायोइनफॉर्मेटिक्स में उपयोग पर केंद्रित होगा। दूसरे दिन का विषय 'मॉलिक्यूलर मॉडलिंग और सिमुलेशन' है, जबकि तीसरे दिन 'मैथमेटिकल और सिस्टम बायोलॉजी' पर चर्चा होगी। सम्मेलन में कंप्यूटेशनल बायोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से जुड़े शोध कार्यों पर पैनल चर्चा भी होगी। सम्मेलन में 200 से अधिक छात्र, शोधकर्ता और पोस्ट डॉक्टोरल फेलो के शामिल होने की उम्मीद है।

### रांची में स्कूल गेम्स का रोमांच 5 जनवरी से

**रांची।** रांची में नए साल की शुरूआत में स्कूल गेम्स का रोमांच दिखेगा। 5 से 27 जनवरी तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की ओर से चार राष्ट्रीय स्कूली खेलों का आयोजन मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, होटवार और हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में होगा। राज्य को एसजीएफआई की ओर से जिन प्रतियोगिताओं की मेजबानी मिली है, उनमें अंडर-19 और अंडर-14 बालक-बालिका एथलेटिक्स, अंडर-19 बालक-बालिका टेनिस, अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका ट्रैक साइकिलिंग और अंडर-19 बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता शामिल है। अंडर-19 एथलेटिक्स 5 से 8 और अंडर-14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 11 से 14 जनवरी तक होगी। टेनिस प्रतियोगिता 17 से 19 जनवरी, ट्रैक साइकिलिंग 17 से 20 और हॉकी प्रतियोगिता 23 से 27 जनवरी तक होगी। इन प्रतियोगिताओं में देश के विभिन्न राज्यों एवं संघों की 45 टीमें भाग लेंगी। एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

### अन्नदान की महिमा अपरम्पार : स्वामी अनिरूद्धाचार्य

रांची। तिरुपति बालाजीद्ध मंदिर में शुक्रवार को जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने प्रवचन दिया। उन्होंने अन्नदान की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि अन्नदान सर्वोत्तम दान है। अन्नदान करने से शारीरिक रोगों से छुटकारा मिलती हैए मन को शांति मिलती है और वैभव भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अतिथि देवो भवः! अतिथि का सत्कार सम्मानपूर्वक करना चाहिये। अतिथि को जल सेवा और अन्न सेवा करनी चाहिये। साधु - संतों का सम्मान करने से मनुष्य का स्वयं का मान . सम्मान और यश बढ़ता है। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर भगवान को खिचड़ी का भोग अति प्रिय है। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी का भोग भगवान को अर्पण करके प्रत्येक भक्तों में वितरित किया जाता है। खिचड़ी भोग का प्रसाद ग्रहण करने से मनुष्यों के कष्ट हरते हैं और दरिद्रता दूर होता हैं। खिचड़ी भोग का प्रसाद पाने वाले को सहज ही समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने मोबाइल के अत्याधिक व्यवहार को नुकसानदेह बतलाया। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ बड़े भी इस बीमारी से ग्रसित हैं।

स्पीड न्यूज

## बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा समारोह आज

**ओरमांझी।** भारत मुंडा समाज द्वारा शनिवार को पुंदाग ओरमांझी में भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया जाएगा। बालक, बालिकाओं का फुअबाल मैच व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि विधायक राजेष कच्छप होगें। इसकी जानकारी भारत मुंडा समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष भीम मुंडा ने दी और बताया समारोह से पूर्व राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण की जाएगी।

## सिकिदिरी में कार पलटी बाल-बाल बचा चालक

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के भूसूर मड़ई के समीप मोड़ में एक कार असंतुलित होकर पलट गई। हालांकि इस घटना में कार चालक बाल-बाल बच गया। घटना शुक्रवार की रात करीब नौ बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार कार (जेएच 09 डब्लू 2783) बोकारो से रांची की ओर तेज गति से जा रही थी। भूसूर मड़ई के समीप मोड़ पर कार असंतुलित होकर पलट गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कार को सीधा किया गया। इसके बाद चालक को बाहर निकाला गया। मौके पर सिकिदिरी थाना की पुलिस भी पहुंची थी।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कारो टंडवा रांची मुख्य मार्ग कारो महाविद्यालय के समीप शुक्रवार देर रात को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी। बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र 24 साल नाम दीपक उरांव पिता स्वर्गीय बंदना उरांव ग्राम कारों का रहने वाला था। कल्याणपुर से अपने घर वापस लौटने के क्रम में कारो महाविद्यालय के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## बेड़ो : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पोकल टिकरा मोड़ के समीप पुरना पानी लापुंग मार्ग पर शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे बाइक से असंतुलित होकर गिरने से तेतरा सेमर टोली ककरिया लापुंग गांव निवासी 19 वर्षीय राम भगत पिता लंगो भगत और झपरा बिरदा गांव कर्रा निवासी 25 वर्षीय बिरसा उरांव पिता भागी उरांव घायल हो गए। घायल राम भगत ने बताया कि वे दोनों बेड़ो आए थे। साथ ही बाइक से अपने घर जाने के दौरान वे गिर कर घायल हो गए।

## चान्हो : कुआं में डूबने से मासूम की मौत

**चान्हो।** प्रखंड पतरातू स्थित एलए गार्डन स्कूल कैम्पस के समीप शुक्रवार सुबह 8.30 बजे कक्षा दो के छात्र अमनदीप कुमार के कुएं में डूबने से मौत हो गई। पतरातू निवासी रवि कुमार के दस वर्षीय पुत्र अमनदीप कुमार अपने स्कूल सुबह के 8.30 पहुंच गया था। कुछ बच्चे स्कूल कैंपस के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान वह स्कूल कैंपस से थोड़ी दूर स्थित एक कुएं में फिसल कर गिर गया।

# सेलारी में अंधाधुंध फायरिंग ड्राइवर को पीटा, टर्बो फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** झारखंड सरकार के शपथ ग्रहण के साथ अपराधियों ने मध्य रात्रि खलारी थाना क्षेत्र के खलारी सीमेंट फैक्टरी से लिप्त अवैध सेलारी में मचाया तांडव। मिली जानकारी के अनुसार खलारी थाना क्षेत्र के पूर्व एसीसी सीमेंट फैक्ट्री (खलारी सीमेंट फैक्ट्री) के कई वर्षों से पहाड़ो में तब्दील सेलारी का पहाड़ (डस्ट) का अवैध खनन करवा रहे सीमेंट फैक्ट्री के अवैध धंधे में अचानक बीते मध्य रात्रि पांच - छः की संख्या में हथियारबंद अपराधी आ धमके। अपराधियों ने अवैध सेलारी उठाव के जगह पहुंचकर टर्बो, ट्रैक्टर चालक लेबर,ऑनर व सीमेंट फैक्ट्री के गार्ड को जमकर पिटाई करने के साथ अंधाधुंध अनगिनत फायरिंग कर दशत फैलाया। घटना के समय मौजूद व्यक्तियों ने बताया कि गुरुवार रात्रि लगभग 12.35 बजे अचानक से पांच से छः की संख्या में हथियार से लैस अपराधी पहुंचे। अपराधियों ने सेलारी उठाव के पास पहुँचकर पहले लोगों के साथ मारपीट किया। उसके बाद अपराधियों ने सभी लोगों को माथा नीचे कर अंधाधुंध फायरिंग कर सभी को पीटा, अथवा आलोक जी से बात करके काम करने की धमकी देते हुए चलते बने। बताया जाता है कि अपराधियों के पास कारबाईन, पिस्टल सहित अन्य हथियारों से लैस थे। उसके बाद सेलारी लोड करके खड़े टर्बो को आग के हवाले कर दिया। अपराधियो के जाने के बाद मौजूद लोगों ने जल रहे टर्बो को सेलारी से बुझाने में कामयाब रहें। घटना की सूचना मिलते ही खलारी पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया। पुलिस स्थानीय जगहों में लगे सीसीटीवी फुटेज,व अपराधी तत्व लोगो से पूछताछ कर रही है।

> डीएसपी ने कहा घटना की जानकारी हुई है मामले की जांच चल रही है विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### पीएलएफआई का हाथ होने की आशंका

सेलारी उठाव में बीती रात्रि घटना के पीछे पीएलएफआई का हाथ बताया जा रहा है। बताया जाता है कि सेलारी स्थल में अपराधियों के द्वारा घटना के अंजाम के बाद आलोक जी से बात करने के बाद ही कार्य करने की बात कही थी। सूत्र बताते है कि आलोक जी और कृष्णा उर्फ सुलतान ने ही जुलाई माह में बसरिया पुल निर्माण में लगे मुंसी का हत्या कर घटना का अंजाम दिया गया था। वही बताया जा रहा है कि आलोक जी के नाम पर स्थानीय गिरोह का भी हाथ हो सकता है, इसपर संदेह किया जा रहा है।

## उत्तम की तूफानी बल्लेबाजी, 21 गेंद में 54 रन

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पालू मैदान में खेले जा रहे ग्रामीण स्तरीय बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच नेवरी एंव कोवालू के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोवालू की टीम निर्धारित ओवर में 05 विकेट पर मात्र 43 रन बना सकी। वहीं नेवरी की टीम भी काफी मुश्किल से 09 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्तकर क्वाटर फाइनल में पहुंच गई। नेवरी के गेंदबाज शोयब तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार मिला। वहीं बुढ़मू एवं खेलगांव के बीच खेले गए दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए खेलगांव की टीम निर्धारित ओवर में 07 विकेट खोकर 99 रन बनाई। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए बुढ़मू टीम के बल्लेबाज उतम कुमार ने तुफानी बल्लेबाजी करते हुए 06 छक्का व 04 चौक की मदद से मात्र 21 बॉल में 54 रन बना कर अपने टीम को मैच जीता, क्वाटर फाइन में पहुंचा दिया। उसके इस शानदार खेल प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दी मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बाद में दोनो विजेता टीम के बीच क्वाटर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें नेवरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 09 विकेट खोकर 95 रन बनाई। वहीं नेवरी के गेंदबाज पंकज ठाकुर की घातक गेंदबाजी तीन ओवर में 18 रन देकर 04 विकेट के सामने बुडमू की टीम निर्धारित ओवर में मात्र 83 रन ही बना सकी।

## आत्महत्या के बाद भाई ने महिला मित्र पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**नामकुम।** चुटिया चोला होटल समीप के रहनेवाले तन्मय महतो की आत्महत्या करने पर उनके भाई पवन कुमार महतो ने तन्मय की महिला मित्र स्नेहिल टोप्पो पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में पवन ने बताया है कि पूर्व में तन्मय कहता था कि वह दूसरे लड़कों से बात करती है और मना करने पर कहती थी कि हिम्मत है तो मरो ऐसा कहकर उकसाती थी।

## बाल पत्रकार कार्यक्रम में अभिभावकों संग बैठक

**इटकी।** नव भारत जागृति केंद्र और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पीएम श्री राजकीयकृत मवि बारीडीह में बाल पत्रकार कार्यक्रम के तहत अभिवावकों के साथ गांव स्तरीय बैठक हुई। कार्यक्रम में दिवाकर प्रसाद ने बच्चों के बाल अधिकार, जीवन, विकास, सुरक्षा, भागीदारी आदि के बारे में लोगों को बताया। साथ ही बाल विवाह और बाल मजदूरी से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि बच्चे कल का उज्जवल भविष्य हैं।

## सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में पूर्व गार्ड की पिटाई

### ट्रैक्टर से झाड़ी ले जाने के विवाद में की गई पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एनएच-20 रांची रामगढ़ पथ किनारे दोहाकतू स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में पूर्व गार्ड रामजीत महतो व उसकी पुत्रवधु बाजो देवी व पोता युगेश की पिटाई का मामला ओरमांझी थाना पंहुचा है। बताया गया कि रामजीत महतो गार्ड का काम करता था। वहीं उसका बेटा हरिदास महतो सिद्धार्थ स्कूल में सब्जी सफलाई करता था। हरिदास महतो द्वारा एक लाख से अधिक अपने बकाए राशि की मांग करने पर विद्यालय प्रबंधक द्वारा दोनो बाप-बेटे को कार्य से हटा दिया गया था। पिछले दिनों रामजीत महतो अपने पुत्रवधु व पोता के साथ स्कूल परिसर में काट के रखे झाड़ी लाने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। गार्ड द्वारा गेट खोल ट्रैक्टर अंदर जाने दिया, लेकिन झाड़ी लेकर लौटने के दौरान गेट खोलने से इनकार कर दिया। जिसे लेकर गार्ड के साथ बहस हो गई और विद्यालय के दो गार्ड द्वारा मिलकर उन लोगों की पिटाई कर दी गई। घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र में पड़ने के कारण शुरू में रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया। इधर विद्यालय प्रबंधक द्वारा ओरमांझी थाना में ट्रेक्टर से गेट तोड़ने व मारपीट सहित कई आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है, जिसके बाद रामजीत महतो द्वारा ओरमांझी थाना में भी मामला दर्ज कराया गया है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जा रही है।

## 50 हजार आबादी को रोकने के लिए लगायी गयी दीवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड का लाइफ लाइन कहे जाने वाली कांची नदी का हारिन पुल पर प्रशासन के द्वारा दीवाल खड़ा कर आवागमन को बंद कर दिया गया है। पुल जर्जर है कभी भी हादसा हो सकता है।नया पुल निमार्णाधीन है। प्रखंड कार्यालय आने के के लिए सात पंचायत के लोगों का काफी परेशानी होगी। उन्हें 30 किलोमीटर की दूरी अतिरिक्त तय करना होगा। इसके पहले भी विभाग ने छह माह पहले पुल को जर्जर मानते हुए दीवाल खड़ा किया था, परंतु ग्रामीणों के दबाव में दीवाल को गिरा दिया था। शुक्रवार को दिवाल बना देने के बाद भी ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। दीवाल खड़ा करने से सात पंचायत के 50 हजार आबादी प्रभावित हो रही है। विभाग अपने पल्ला झाड़ने और अपना बचाव के लिया ये कार्य किया है। दीवाल खड़ा करने से पहले डायवर्सन की व्यवस्था करनी चाहिए थी। देर शाम तक ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित होकर विभाग के अधिकारियों के समक्ष वार्ता किया। ग्रामीणों और पंचायत जनप्रतिनिधियों के दबाव में दो पहिया वाहनों के लिया रास्ता छोड़ दिया गया।

## रॉड से मारकर अधेड़ की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के बिसाहा खटंगा निवासी 56 वर्षीय एरेनियुस टोप्पो की शुक्रवार की सुबह अज्ञात लोगों द्वारा रड से मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इस संबंध में उसकी पत्नी मैक्सिमा कुजूर ने मांडर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार वह सुबह लगभग 6 बजे बैल को बांधने के लिए अपने खेत की ओर ले गया था। 6.45 बजे उसने अपनी पत्नी मैक्सिमा कुजूर के मोबइल पर फोन किया की बारी का चाभी तुम्हारे स्कूटी के सीट पर छोड़ दिया हूं नेहा से भिजवा दो। तब वह अपनी नतनी नेहा सुरीन को चाभी देकर साईकल से भेजी वह वहां पहुंचने ही वाली थी इसी क्रम में नेहा को आते देख वहाँ खड़ा एक व्यक्ति भागने लगा। कुहासा होने के कारण वह उसे पहचान नहीं सकी। मामले को लेकर पुलिस पूरी तरह से गंभीर है थाना प्रभारी द्वारा खोजी कुत्ता भी मंगाया गया। छान बीन

# स्काउट कुमार नृपेन्द्र नाथ शाहदेव की मनी 95वीं जयंती

### मांडर कॉलेज में रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू/ मांडर।** विश्व प्रसिद्ध स्काउट कुमार नृपेन्द्र नाथ शाहदेव की 95 वीं जयंती पर मांडर कॉलेज एनसीसी कैडेट्स की ओर से खेल प्रभारी डॉ बुदू उरांव की अगुआई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनसीसी ऑफिसर डॉ अनसेलम मिंज ने स्वागत भाषण में कहा कि कैडेट्स समाजसेवा, सामूहिक विकास और राष्ट्रसेवा का अवसर प्रदान करता है। वहीं दिव्या रानी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम स्काउट कप्तान कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव के उपलब्धियों की जानकारी दी। जबकि, प्रभारी प्राचार्य डॉ कुमार एएन शाहदेव ने छात्र-छात्राओं से खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को पढ़ाई का हिस्सा बनाने तथा समर्पण, सेवाभाव व अनुशासन का पाठ पढ़ाया। शिविर में सेवासदन के डॉ उदित व मो शहबाज तथा कॉस्टेन्ट लिवन्स हॉस्पिटल के श्री जिंटो ने रक्तदान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने नृपेंद्र नाथ शाहदेव की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, लिवन्स हॉस्पिटल की ओर से प्राचार्य एएन शाहदेव को प्रतीक चिन्ह भेंट की गयी।



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

डॉ सोमरा उरांव, डॉ केपी शाही, उदय कुमार, डॉ ममता कुमारी, डॉ नीलम, सुषमा कुजूर, बसंती कुमारी, नीलिमा खलखो, विनोद राम, हेमकांत समीर होरो, तुलसी उरांव, डॉ विवेक, अजित एक्का, अलेखजेंडर तिर्की, आकाश कुमार, दुर्गा उरांव, मो जिशान, मंटू उरांव, एग्नेश एक्का, डॉ विक्रम कुमार, धर्मवीर भगत, खुशबू इंदवार, विनीता कुमारी, रोज मेरी कच्छप, प्रियंका होरो, उमा कुमारी, वरुण दास, अशोक महली व सोनू राम आदि।

### नृपेंद्र नाथ शाहदेव का संक्षिप्त परिचय

शाहदेव का जन्म 29 नवंबर 1929 को तत्कालीन जरियागढ़ (छोटानागपुर) के नागवंशी राजपरिवार में हुआ था। जरियागढ़ जो तत्कालीन रांची जिला (वर्तमान खूंटी) में अवस्थित है। परिवार के ज्येष्ठ पुत्र होने के कारण इनका लालन-पालन बहुत ही नियम से हुआ। प्रारंभिक शिक्षा अंग्रेज गवेर्नेंस के देख-रेख में घर (जरियागढ़) में हुयी। जिला स्कूल, रांची में दाखिल लिये और स्कूल के ठीक पीछे तत्कालीन जमींदारी हॉस्टल (वर्तमान में मारवाड़ी महिला कॉलेज के रूप में जाना जाता है) में रहकर पढ़ाई तथा स्काउटिंग की शुरूआत की। कुमार नृपेन्द्र नाथ शाहदेव बचपन से ही अच्छे विद्यार्थी और प्रतिभावान खिलाड़ी थे। वह देश के कप्तान के रूप में स्थापित हुये।

## रातू : धान दौनी मशीन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**रातू।** आमटांड़ स्थित रातू पश्चिमी पंचायत भवन के समीप खलिहान में धान दौनी कर रही मशीन की चपेट में आने से जामुनटोली के करीब 50 वर्षीय मजदूर साधु उरांव की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। धान गांव के ही बिरसा उरांव की थी। आनन-फानन में उसे रिम्स ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बरियातू थाने की पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मशीन आमटांड़ निवासी प्रकाश सिंह की बतायी जा रही है। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र विजय उरांव व विक्रम उरांव तथा एक पुत्री पिंकी कुमारी है। तीनों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। लेकिन, बरियातू से फर्द बयान आने के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग।

दूरभाष सं0:– 9939201624/06546291953 e-mail:- dlsahazaribag@gmail.com

विज्ञापन संख्या–DLSA/HZB-02/2024 दिनांक:–29.11.2024

माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के पत्रांक 3529 दिनांक 22.11.2024 एवं NALSA Scheme For Para-Legal Volunteers (Revised) & Module for the Orientation– Induction – Refresher Courses For PLV Training के आलोक में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग में 10 (दस) पारा लीगल वालन्टियर (PLV) के रूप में कार्य करने हेतु केवल कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक/ कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/Transgender से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इससे संबंधित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही साथ उक्त विज्ञापन एवं प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

आवेदक अपना स्वहस्तलिखित आवेदन–पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला न्यायधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में ''न्याय सदन'' जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक 09.12.2024 तक निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं। साथ ही साथ आवेदक उक्त आवेदन–पत्र को दिनांक 09.12.2024 तक कार्य दिवस एवं कार्यालय अवधि के दौरान अर्थात प्रातः 10:30 बजे से सायः 05:00 बजे तक हाथों–हाथ भी उक्त कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि अर्थात 09.12.2024 के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जॉच कर सही पाए गए आवेदकों की सूची साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान के साथ व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जाएगी। साक्षात्कार की तिथि 12 एवं 13 दिसंबर, 2024 निर्धारित है जिसमें आवश्यकता अनुसार परिर्वतन संभव है। अतः आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि अधिक/अग्रिम जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय से संपर्क में रहें। किसी भी आवेदक को अलग से साक्षात्कार की सूचना नहीं दी जाएगी एवं ना ही प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा।

Sd/-
प्रधान जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
हजारीबाग।

PR 340810 Law(24-25)D

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
## जिला- लातेहार

**खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 15/2023–24(6th Call)**

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नांकित दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (अंचलाधिकारी, लातेहार एवं उपायुक्त लातेहार द्वारा निर्गत), यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 06.12.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार मे बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– 10'X 10' | 50000.00 | 500.00 | 05.12.2024 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार मे बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– 10'X 10' | 50000.00 | 500.00 | 05.12.2024 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार मे बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– 10'X 10' | 50000.00 | 500.00 | 05.12.2024 |

नियम एवं शर्त–

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डांक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में 500.00 (पांच सौ) रू0 नगद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 15.10.2024 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
4. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
5. उपरोक्त दुकानों का आवंटन स्थानीय मत्स्य बिक्रेताओं को किया जायेगा।
6. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
8. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्षों के लिए किया जायेगा।
9. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्ध करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.340793 Urban Development(24-25):D

## कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची

**अधिसूचना संख्या – 03/2024, दिनांक – 28.11.2024**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची में 10 (दस) पारा लीगल वोलेनटियर(पारा विधिक स्वयं सेवको) का चयन केवल **कार्यरत या सेवा निवृत्त शिक्षक/ कार्यरत या सेवानिवृत्त चिकित्सक/कार्यरत या सेवानिवृत्त सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (Transgender)** में से किया जाना है।

महत्वपूर्ण निदेश:–

1. आवेदक की न्यूनतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची (व्यवहार न्यायालय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक दिनांक **07/12/2024** तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. **पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत्त शिक्षक/ कार्यरत या सेवानिवृत्त चिकित्सक/ कार्यरत या सेवानिवृत्त सेना के जवान/ ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाएगा।**
6. पारा विधिक स्वयं सेवको का चयन साक्षात्कार के माध्यम से चयन समिति द्वारा किया जाएगा एवं चयन के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा और सभी के लिए बाध्यकारी होगा।
7. पी0 एल0 वी0 के रूप में कार्य हेतु करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
8. झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0 एल0 वी0 को उसके कार्य हेतु नहीं मिलता है।
9. पी0 एल0 वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमलोगों,कानूनी सेवा संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
10. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि कि समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
11. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेनटियर के हेतु समर्पित किया गया है।

ह0/-
न्यायायुक्त सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,रॉंची

**पारा लीगल वोलेनटियर (पारा विधिक स्वयं सेवक) हेतु आवेदन प्रपत्र**

1. अभ्यर्थी का नाम:–
2. पिता/पति का नाम:–
3. माता का नाम:–
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वर्ष:–
5. लिंग:–
6. जाति:–
7. जनजाति/स्थानीय भाषा का ज्ञान:–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता:–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण:–
10. स्थानीय पता और संपर्क:–
11. स्थायी पता:–
12. मोबाईल नम्बर:–

स्व. अभिप्रमणित फोटो

घोषणा:–

मैं ................................घोषणा करता/करती हूं कि:
(क) मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई अपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूं।
(ख) मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर रॉंची द्वारा प्रदत्त कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सद्भावना पूर्वक झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी।

स्थान:
दिनांक: अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नोट:–साक्षात्कार की तिथि सिविल कोर्ट रांची की अधिकारिक वेबसाइट https://ranchi.dcourts.gov.in पर जल्द ही प्रकाशित की जाएगी।
अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

PR 340770 Law(24-25)#D

# छवि पर चोट

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के शासन वाले राज्यों में अदाणी ग्रुप के निवेश का हवाला देते हुए पात्रा ने कहा कि समूह ने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के दौरान 25 हजार करोड़ रुपये और 65 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया था। बीजेपी ने राहुल के आरोपों का जवाब देते हुए तंज कसते हुए कहा कि वह भले ही पीएम मोदी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन उनकी विश्वसनीयता इतनी ही है कि हाल ही में विदेश में उन्हें सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सांसद संबित पात्रा ने कहा कि यह कंपनी का काम है कि वह स्पष्टीकरण दे। कानून अपना काम करेगा। आरोपों में जिन राज्यों का जिक्र है, उनमें उस समय विपक्षी दलों का ही शासन था। वहीं, उद्योगपति गौतम अदाणी पर लगे आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है। पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मित्र गौतम अदाणी ने भारत को शर्मसार किया है। अमेरिका में कोर्ट की जांच के बाद जो खुलासा हुआ है, उसने पूरे देश को हैरान कर दिया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी को गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में ठेका मिला। अदाणी ने दिल्ली के बिजली क्षेत्र में प्रवेश करने का भी प्रयास किया, लेकिन वे नाकाम रहे। उस समय के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन्हें रोक दिया था। केजरीवाल ने उस कंपनी को दिल्ली में घुसने नहीं दिया। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को महंगी बिजली नहीं बेचने दी। अगर गलती से बीजेपी वाले दिल्ली में आ गए तो दिल्ली की जनता को महंगी बिजली के नाम पर फिर से लूटेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे और आगामी सत्र में इस मामले को उठाएंगे।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# झारखंड में विस में हार के साथ केन्द्र में भाजपा को बड़ा संदेश





23 नवंबर 2024 हिंदू समुदाय के लिए एक आंतरिक परिवर्तन का दिन बन गया है, क्योंकि भाजपा और सहयोगियों ने महाराष्ट्र में एक ऐसी स्थिति में भारी जीत हासिल की, जो बड़ी चुनौतीपूर्ण लग रही थी। हिंदू जागरण ने न केवल इस चुनाव के लिए, बल्कि भविष्य के चुनावों के लिए भी कथानक को परिभाषित किया है और यह भी बताया है कि कैसे राजनीतिक दल सनातन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए विकास के लिए काम कर सकते हैं। भाजपा और उसके सहयोगियों की अकल्पनीय स्ट्राइक रेट पर बेमिसाल सफलता में किन तत्वों ने योगदान दिया।

भारत के विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ डीप स्टेट ताकतों के झूठे कथानक, साथ ही राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को अंतर्राष्ट्रीय डीप स्टेट ताकतों का मजबूत समर्थन ने जाति, संविधान और आरक्षण के आधार पर हिंदू मतदाताओं के बीच व्यापक विभाजन पैदा कर दिया था। पीएम मोदी ने फिर से केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन इस बार अपने दम पर बहुमत हासिल किए बिना। वामपंथी उदारवादी ताकतों और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक ताकतों ने झूठे कथानकों का लाभ उठाते हुए सनातन धर्म और मोदी सरकार पर भयंकर वैचारिक हमला किया। यह हिंदुत्व के लिए अधिक हानिकारक साबित हुआ है, लेकिन आरएसएस, विहिप, हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संतों और उनके संगठनों जैसी हिंदुत्ववादी ताकतें हिंदुत्व के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक साथ आ गई हैं।

**हिंदुत्ववादी ताकतें जमीनी परिदृश्य कैसे बदल रही हैं**

आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया। इस सजगता ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई।

**नारे किस तरह चुनावों को प्रभावित कर रहे**



\- पंकज जयस्वाल

> आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया।

पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे एक है तो सुरक्षित है₹ और ₹बटेंगे तो कटेंगे ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय रवैया टूट गया और हिंदू अब एकजुट होकर मतदान कर रहे हैं। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा एमवीए को वोट देने के लिए ₹फतवा₹ जारी करने से भी हिंदू एकता बढ़ी है। धुले, महाराष्ट्र लोकसभा सीट पर हुए वोट जिहाद के बारे में हिंदुओं में समझ पैदा गई कि अगर वोट जिहाद के परिणामस्वरूप ऐसी सरकार बनती है जो मुसलमानों की महाराष्ट्र धर्म और सनातन धर्म विरोधी 17 मांगों को पूरा करती है तो यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए कितना खतरनाक होगा। हिंदुत्ववादी ताकतों के संयुक्त प्रयासों ने हिंदू एकता को मजबूत किया और साथ ही सभी राजनीतिक दलों, खासकर हिंदुत्व का विरोध करने वाले और शरिया का समर्थन करने वालों को एक मजबूत संकेत दिया कि हिंदुओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं माना जाना चाहिए।आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपने भाषण और रैली से काफी प्रभाव डाला, खासकर मराठवाड़ा के उस क्षेत्र में जिसने लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार के खिलाफ वोट दिया था।

**झूठे आख्यानों का भंडाफोड़**

सभी क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों की टीमों को संगठित करके और हर अंतिम व्यक्ति तक सटीक जानकारी या आख्यान पहुँचाकर झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ करना बहुत ही कारगर साबित हुआ है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन द्वारा आगे बढ़ाए गए हर झूठे आख्यान को तथ्यों और आंकड़ों का उपयोग करके पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। इससे लोगों में यह जागरूकता भी बढ़ी है कि संविधान, आरक्षण, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, अर्थव्यवस्था, महाराष्ट्र के गुजरात के साथ संबंध और किसानों की कठिनाइयों से संबंधित झूठे आख्यानों को सत्यता के साथ जवाब दिया जा रहा है।

मराठा आरक्षण कारक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुत नुकसान पहुँचाया। मराठा और ओबीसी जाति की राजनीति ने भाजपा और उसके सहयोगियों को काफी नुकसान पहुँचाया है। मराठों के मन को बदलना मुश्किल था, यह तथ्य प्रस्तुत करके कि कौन उनके पक्ष में था और कौन उनके खिलाफ काम कर रहा था। साथ ही, ओबीसी की भावनाओं को सावधानीपूर्वक संबोधित किया जाना चाहिए। हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस जटिल कार्य को सहजता से पूरा किया, तथ्यों और आंकड़ों के साथ जागरूकता फैलाई कि सभी को हिंदुत्व के झंडे तले क्यों एकजुट होना चाहिए। इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को बहुत फायदा हुआ है। मराठा और ओबीसी मतदाताओं ने जातिगत राजनीति को दरकिनार कर बेहतर और महान महाराष्ट्र के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया।

**जीत की ओर ले जाने वाली नीतियां**

चूंकि राज्य में भी भाजपा की सरकार थी, इसलिए मध्यम वर्ग, नव-मध्यम वर्ग, गरीब परिवारों, किसानों और मजदूरों के लिए मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया। बहनों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित सबसे बडी और प्रभावी पहल, लाडली बहन योजना ने भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के पक्ष में एक मजबूत सकारात्मक लहर पैदा की है। भाजपा और उसके सहयोगियों को वोट देने के लिए महिलाओं की ताकत बड़ी संख्या में सामने आई।

हालांकि झारखंड में भाजपा को जीत नहीं मिली लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में उसकी जीत ने विपक्षी दलों सहित सभी लोगों की सोच को पूरी तरह बदल दिया है, जो पहले यह मानते थे कि भाजपा का पतन शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार मजबूत होगी और राष्ट्रहित में और अधिक ठोस फैसले लेगी। उलटा इंडी गठबंधन जल्द ही बिखरता हुआ नजर आयेगा! अस्थिरता का मुद्दा भी पीछे चला गया है। वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, यूसीसी और अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद के दोनों सदनों में जोरदार तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। अन्य दलों का समर्थन भी बढ़ेगा।

## लेटर टू एडिटर

### लोकलुभावन वादे

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### गन कल्चर

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## एक्स - ट्वीट

**हेमन्त** है तो हिम्मत है....
हेमन्त है तो ताकत है...
हेमन्त ही तो झारखण्ड का स्वाभिमान है
झारखण्ड न कभी झुका है,
झारखण्ड न कभी झुकेगा!
जय झारखण्ड!

**- कल्पना मुरमू सोरेन**
**विधायक झामुमो**

झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को दोबारा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई देने के साथ चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के शुभकामनाएँ दी। साथ ही श्रीमती कल्पना सोरेन को दूसरी बार गाँडे विधानसभा से विधायक चुने जाने पर बधाई दिया। **- पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायक**

# आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**जयंती**

**प्राकृतिक** आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए।

आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुई। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है।

बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्तबनाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है। यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे।केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं।

# लोकतंत्र और इस्लामी मूल्यों के खिलाफ है वैश्विक खिलाफत की अवधारणा

**गौतम चौधरी**

**समाज**

**वैश्विक** खिलाफत की काल्पनिक अवधारणा उसी प्रकार गैर वाजिब है, जैसे पुरातनपंथी हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा। यह दोनों अवधारणा काल्पनिक है और आधुनिक लोकतांत्रिक विश्व में इसका कोई स्थान नहीं है। दरअसल, आज इस बात की चर्चा इसलिए जरूरी है कि दुनिया के कुछ इस्लामिक चरमपंथियों ने एक बार फिर वैश्विक खिलाफत की बात प्रारंभ की है। विगत कुछ वर्षों में भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में इस विचार से प्रेरित युवकों को असामाजिक व गैर राष्ट्रवादी गतिविधियों में संलिप्त देखा गया। हाल के वर्षों में हिज्ब उत-तहरीर की गतिविधियों को लेकर भारत में चिंता बढ़ी है।

पहले तो हमें हिज्ब उत-तहरीर को समझना होगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक संगठन है, जिसका उद्देश्य इस्लामी खिलाफत को पुनर्स्थापित करना है। इसका नाम अरबी में ह्यह्यहिज्ब-उत-तहरीरह्लह्ल है, जिसका अर्थ है- ह्यह्यमुक्ति की पार्टीह्लह्ल वर्ष 1953 में एक फिलिस्तीनी इस्लामिक चरमपंथी उकीउद्दीन नबहानी ने जेरूसलम में इसकी स्थापना की थी। हिज्ब-उत-तहरीर का दावा है कि वह राजनीतिक, बौद्धिक और वैचारिक तरीकों से काम करता है और हिंसा में कोई विश्वास नहीं करता लेकिन इसके कार्यकर्ता दुनिया के लगभग 50 देशों में हिंसक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। यहां तक कि कई इस्लामिक देशों में भी यह संगठन वहां की सत्ता के लिए चुनौती बना हुआ है। संगठन का मानना है कि मुसलमानों को एक खलीफा के नेतृत्व में एकजुट होना चाहिए, जो शरियत कानून के अनुसार शासन करे। इसका मुख्य उद्देश्य एक वैश्विक इस्लामी खिलाफत की स्थापना है, जो मुसलमानों की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन को इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार नियंत्रित करे।

वस्तुतः इस संगठन का दावा और हकीकत दोनों एक-दूसरे के विपरीत हैं। यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के मुताबिक, ये संगठन गैर-सैन्य तरीकों से खिलाफत की पुनर्स्थापना पर काम करता है। इसलिए कई देश, इस संगठन पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। हिज्ब-उत-तहरीर पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में बांग्लादेश और चीन के अलावा जर्मनी, रूस, इंडोनेशिया, लेबनान, यमन, तुर्की और संयुक?त अरब अमीरात शामिल हैं। दुनिया के अन्य कई देश इस संगठन की निगरानी कर रहे हैं क्योंकि वहां की राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी यह चुनौती पैदा करने लगा है। इसके बावजूद, यह संगठन दुनिया के 50 से अधिक देशों में सक्रिय है। 10 लाख से अधिक इसके सक्रिय सदस्यों की संख्या बतायी जाती है। हिज्ब-उत-तहरीर का भारत में बहुत व्यापक आधार नहीं है लेकिन हाल के वर्षों में इसके प्रभाव और गतिविधियों पर ध्यान दिया गया है।

हिज्ब-उत-तहरीर का मुख्य उद्देश्य इस्लामिक खिलाफत स्थापित करना है, जो भारत के संविधान और धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। हिज्ब-उत-तहरीर ने भारत में बहुत अधिक खुले तौर पर गतिविधियां नहीं की हैं, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह गुप्त रूप से भारत में सक्रिय है। संगठन के सदस्यों पर भारत के विभिन्न हिस्सों में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और खिलाफत की विचारधारा का आरोप लगा है। भारत में सुरक्षा एजेंसियां इस संगठन पर नजर रखी है और इसके संभावित नेटवर्क को रोकने के प्रयास करती है। इस क्रम में भारत सरकार ने हाल ही में इस कट्टरपंथी समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसपर प्रतिबंध के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर का लक्ष्य लोकतांत्रिक सरकार को जिहाद के माध्यम से हटाकर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक देश और खिलाफत स्थापित करना है। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के साथ, यह समझना महत्वपूर्ण है कि न केवल इसकी गतिविधियां भारतीय कानून के तहत अवैध हैं, बल्कि यह मूल इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ भी है। इससे भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए दोहरी दुविधा पैदा होती है। भारत का संविधान धर्म और राज्य के मामलों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करता है। यह अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतंत्र, मतदान और मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करता है। हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्यों की हरकतें, जिनमें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भागीदारी के खिलाफ प्रचार करना, संविधान को चुनौती देना और शरिया कानून द्वारा शासित वैकल्पिक राज्यों को बढ़ावा देना शामिल है, जो अंततोगत्वा देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरे में डालेगा। लोकतंत्र के प्रति हिज्ब-उत-तहरीर का वैचारिक विरोध खुद को उन मूल सिद्धांतों के खिलाफ खड़ा करता है, जिन्होंने मुसलमानों सहित विभिन्न समुदायों को भारत में शांतिपूर्वक सहअस्तित्व की अनुमति दी है। संविधान विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देकर संगठन न केवल मुसलमानों और बहुसंख्यक समाज के बीच दरार पैदा करता है, बल्कि अलगाववादी रवैये को भी बढ़ावा देता है, जो इस्लाम के सामाजिक सामंजस्य सिद्धांत के खिलाफ है।

हिज्ब-उत-तहरीर की गतिविधियां इस्लामिक शिक्षाओं का भी खंडन करती है। इस्लामिक चिंतकों के अनुसार, इस्लाम एक आस्था के तौर पर अराजकता से बचने को महत्व देता है। इस्लामिक राजनीतिक विचार में एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि किसी भी वैध इस्लामिक शासन को एक वैध प्रक्रिया के माध्यम से बदला जा सकता है, विशेष रूप से व्यापक सामुदायिक समर्थन वाले मुस्लिम शासक के नेतृत्व में ही यह संभव है।

## स्पीड न्यूज

### पठवा मंदिर का स्थापना दिवस मना



**रजरप्पा।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित श्री श्री पठवा हनुमान मंदिर का 39वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भंडारा हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह पूजा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ हुई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन भी संपन्न हुआ। स्थापना दिवस को लेकर पूरे पठवा हनुमान मंदिर परिसर को पूरी तरह आकर्षक रंगो से रंगा गया था। इस आयोजन को सफल बनाने में पुजारी के अलावा पठवा हनुमान समिति के संरक्षक उमेश महतो, अध्यक्ष सह सेवई उत्तरी पंचायत मुखिया कुलदीप सिंह, अजय सिंह, बबलू सिंह, विजय ठाकुर, संजीव घोष, अजय कुमार सिंह, रंजीत सिंह राठौर, नवीन कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार, पाँथो नंदी, प्रकाश यादव, अलबेला बाबा, शंकर कुमार, तारा प्रसाद, सोनू कुमार, संटू, शुभम गुप्ता आदि मौजूद थे। इधर, यहां पहुँचे धर्मप्रेमी धनंजय पुटुस को समिति द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया एवं पठवा मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### मारसाल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता



कुजू। पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकुद भी बहुत जरूरी है। क्योंकि मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी जरूरी है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा ने कही। श्री बेसरा शुक्रवार को मुरपा स्थित मारसाल विद्यालय (मिशन स्कूल) में आयोजित 32वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारिरिक विकास के लिए इस तरह के प्रतियोगिता कराना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि बच्चो को खेल के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही जिले के हर पंचायत में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही जिला में खेल पदाधिकारी की भी नियुक्ति होगी। उन्होंने बच्चो को भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर राज्य व देश का नाम रौशन करने की बात कही। वही प्रधानाध्यापिका सिस्टर निशा तिर्की ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। इस उद्देश्य से उनके बीच हर वर्ष खेलकूद की प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर निशा तिर्की द्वारा बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर किया गया। प्रतियोगिता में नीला ग्रुप 509, पीला ग्रुप 482, हरा ग्रुप 424, लाल ग्रुप 415 अंक हासिल किया। इसके बाद अतिथियों ने प्रथम स्थान पर रहे नीला ग्रुप, द्वितीय स्थान पीला ग्रुप, तृतीय स्थान पर हरा ग्रुप को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष गीता विश्वास, पूर्व केन्द्रीय सचिव पन्नालाल मुर्मू, आनंद मरांडी, जीतलाल टुडू, महताब हुसैन, सानूमदन सोरेन, शिक्षक सिस्टर असीमा टोप्पो, सिस्टर केसेनिसया, सिस्टर सुशीला, सर महादेव हेंब्रोम, मिस अंजलि खलखो, मिस निर्मला भेंगरा, मिस टेरेसा तिग्गा, मिस जीवंती एक्का, मिस सुमन लंग, मिस तृप्ति नाग, सर साइमन बेसरा, सर अमित एक्का, मिस वंदना, प्रेमा मिंज, सर प्रवीण प्रमोद हेब्रोम समेत कई अभिभावक शामिल रहे।

### दो बच्चे सीख रहे हैं मार्शल आर्ट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया-झारखंड, भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में भुरकुंडा थाना मैदान स्थित काली मंदिर प्रांगण में प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास द्वारा जवाहर नगर के दो उभरते हुए नन्हे कराटेकार बच्चों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया गया। इस दौरान जवाहर नगर निवासी पूनम देवी एवं सूरज कुमार की 5 वर्षीय बच्ची सृष्टि बौद्ध भारती और दिया मिश्रा एवं विक्की मिश्रा के 7 वर्षीय पुत्र विराट मोहन मिश्रा को कंचन दास ने मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया। मौके पर कंचन दास ने कहा कि सभी अभिभावक को पढ़ाई के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि बच्चियां आत्मरक्षा के लिए खुद तत्पर रह सकें। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है।

### आइटीआइ में मनी फुले की पुण्यतिथि

हजारीबाग। लखन मेहता आईटीआई कॉलेज में शुक्रवार को भी ज्योतिबा फुले का पुण्यतिथि मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बरकट्ठा विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मेहता ने कहा कि महात्मा जोतिराव गोविंदराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। उन्होंने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। मेहता ने यह भी कहा कि ज्योतिबा फुले का विचार शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है।

# बीएसएफ की महिला राफ्टिंग टीम का भव्य स्वागत

**स्वच्छ गंगा व महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए गंगोत्री से गंगासागर तक किया जा राफ्टिंग**

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू।** देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सीमा सुरक्षा बल साहसिक मुहिमों के माध्यम से देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहा है। इसी श्रृंखला में एक विशेष अनूठे अभियान के तहत सीमा सुरक्षा बल व राष्ट्रीय गंगा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ गंगा और महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए गंगोत्री से गंगासागर तक सीमा सुरक्षा बल की बहादुर महिला प्रहरियों द्वारा राफ्टिंग किया जा रहा है जिसकी शुरूआत 02 नवंबर को देवप्रयाग, उत्तराखंड से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआर पाटिल, जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मिशन के तहत 2500 किमी0 की दूरी 53 दिनों में जांबाज महिला प्रहरियों की टीम द्वारा तय की जानी है जोकि 24 दिसंबर को गंगासागर पहुंचकर संपन्न होगी। इस यात्रा का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण और स्वच्छ गंगा मिशन को बढ़ावा देना है। यात्रा की थीम सशक्त महिला-समृद्ध राष्ट्र, स्वच्छ गंगा-जीवन वरदान है। राफ्टिंग यात्रा के मार्ग को 06 जोनों में बांटा गया है।

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से होकर वाराणसी, गाजीपुर, बलिया व बिहार के छपरा, पटना से होते हुए यात्रा अगले गंतव्य की तरफ प्रस्थान करेगी। पांचवें चरण का रूट इस प्रकार है- मिर्जापुर-बनारस-गाजीपुर-बलिया-छपरा और पटना।

मिर्जापुर से पटना तक यह महिला राफ्टिंग दल 374 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। 29 नवंबर को महिला राफ्टिंग टीम के द्वारा स्कूलों में जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। महिला राफ्टिंग टीम ने काशी विश्वनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना की एवं दशश्वमेध घाट पर शाम को गंगा आरती में शामिल हुई। 30 नवंबर को कमलजीत सिंह बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की उपस्थिति में सुबह 0930 बजे महिला राफ्टिंग टीम को नमो घाट से गाजीपुर के लिए फ्लैग ऑफ किया जाएगा।

# भदानीनगर में बंद घर से 5 लाख के जेवर चोरी

## गृहस्वामी ने ओपी में दिया आवेदन, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लोहा पुल समीप नागर मुहल्ला में बंद घर से चोरों ने 5 लाख रुपए के जेवर चोरी कर ली।इस बाबत भुक्तभोगी गृहस्वामी मो जमील अहमद ने भदानीनगर ओपी में चोरी की घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।इसमें कहा है मैंने नागर मुहल्ले स्थित अपने घर में ताला बंद कर फिलहाल रांची में रह रहा था।बुधवार को पड़ोसियों से फोन पर जानकारी मिली की मेरे घर का ताला टूटा पड़ा है।

सूचना के बाद जब मैं घर आया तो देखा कि घर के मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। साथ ही घर में रखे अलमीरा का लोक टूटा हुआ है।अलमीरा में रखे लगभग 5 लाख के जेवर चोरी हो गए है। इसमें सोने की 10 अंगूठी, नथिया, मांगटीका,चार जोड़ा झुमका, तीन जोड़ा पायल आदि चोरी हो गई है। लिखित आवेदन के बाद भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने जमील अहमद के आवास पहुंच चोरी की घटना की जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं।

### विष्णुगढ़ का दिहाड़ी मजदूर पुणे से लापता

**हजारीबाग।** जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड भेलवारा का दिहाड़ी मजदूर सुखदेव कारू तूरी उम्र 41 वर्ष गत 19 नवंबर से लापता है। इस संबंध में महाराष्ट्र पुणे के थाना सेरवाड़ा जेल रोड पुलिस चौकी में 23 नवंबर को मिसिंग का मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज मामले में कहा गया है कि सुखदेव कारु तुरी 191 नागपुर चौक शनि मंदिर भवन मकान नंबर 7119 भुलाही से 19 नवंबर की रात से गुम हो गया है। रात के अंधेरे में उसके साथ रहे रहे दोस्तों ने रोकने के प्रयास किया। घर आने के लिए जो बैग तैयार किया था। उसे रख लिया। वह घर आने के लिए इतना बेचैनी में था कि वह दोस्तों को बिना बताए रात के अंधेरे में बिना बैग लिए चल पड़ा। उसके पास छह सात हजार रुपए हैं। साथ में एक मोबाइल भी है। वह जींस पैंट और टी-शर्ट पहने हुए हैं। दोस्त भगवान राणा ने बताया कि उस रात 9:30 बजे पत्नी ननकी देवी से बातचीत भी हुई। उसके बाद से फोन बंद आ रहा है।

# लुपूंग स्वास्थ्य केंद्र से फ्रीज समेत कई समान चोरी

**कटकमसांडी प्रखंड में चोरों के निशाने पर सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केंद्र**

खबर मन्त्र संवाददाता




**कटकमसांडी।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र में चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ उसके बाद स्वस्थ्य केंद के अंदर रखे फ्रिज, गैस सिलेंडर समेत कई समानों को चोरों ने चोरी की। चोरों ने गोदरेज को वहीं छोड़कर भाग गये।

स्वस्थ्य केंद्र का ताला टूटे होने का सूचना गांव वालों को पता चला तो लुपूंग पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि ने कटकमसांडी थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार को चोरी की सूचना दी । सूचना मिलते ही कटकमसाडी पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और चोरी का जायजा लिया। समाचार लिखे जाने तक कटकमसांडी थाना में आवेदन देने कि प्रतिक्रिया जारी था। कटकमसांडी थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चोरी कि घटना का जांच पड़ताल किया जा रहा है चोरी में शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रामगढ़ में युवती से यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रामगढ़।** सौदागर मोहल्ला में टेंपो से पानी बांटने वाले एक युवक ने एक युवती का अपहरण किया। पांच महीने तक अपहरण के क्रम में युवक द्वारा युवती का शारीरिक शोषण भी किया गया । मामला प्रकाश में तब आया जब पीड़िता युवक के चंगुल से भाग कर मंगलवार को रामगढ़ पहुंची। रामगढ़ पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली तब पुलिस द्वारा आरोपी सत्यम कुमार उर्फ शुभम ठाकुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार युवक सत्यम कुमार को को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इस मामले में पीड़िता के बयान पर रामगढ़ थाना में मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मई माह में उसके मोबाइल पर एक रॉन्ग नंबर आया। जिससे बाद उससे उस नंबर पर बातचीत शुरू की। कुछ समय बाद युवक और युवती में दोस्ती हो गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सत्यम उर्फ शुभम कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीएन कॉलेज, सांडी का रहने वाला है।दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी जिसके बाद लोग वीडियो कॉल पर भी बात करने लगे। बाद में वे लोग घूमने भी जाया करते थे। इस दौरान शुभम ने पीड़िता की कुछ तस्वीरें भी अपने मोबाइल में ली थी। पीड़िता ने बताया कि जब पता चला कि शुभम शादी शुदा है तो उसने उससे बातचीत बंद कर दी। शुभम ने उसकी फोटो वायरल करने की धमकी दी, तो इस डर से उन दोनों के बीच बातचीत फिर शुरू हुई। 25 जून को पीड़िता जब घर से निकली तो शुभम ने उसे हजारीबाग चलने के लिए कहा। जैसे ही वह कार में बैठी उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाया गया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। जब उसकी आंख खुली तो उसने खुद को ट्रेन में पाया। उसके पास ना तो मोबाइल था ना ही कोई और सामान। शुभम उसे पटना के होटल में ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। उसने उसे कई दिनों तक वहां कैद करके रखा। शुभम उसे आरा ले गया। आरा से फिर पटना लेकर आया और वहां से दिल्ली लेकर चला गया। दिल्ली में उसने अपने दोस्त के घर में चार दिनों तक रखा।

# वीवीएम परीक्षा में डीएवी रजरप्पा के आठ छात्र होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रजरप्पा।** विज्ञान भारती द्वारा विज्ञान प्रसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं एनसीईआरटी के सहयोग से आयोजित की गई विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा 2024 में डीएवी रजरप्पा की नवीं कक्षा से आठ छात्रों में रितेश राज, आलोक कुमार बर्मन, अभय कुमार, अर्पित कुमार, सूर्यदेव कुशवाहा, दिव्यांशु कुमार गुप्ता, आयुष कश्यप एवं रौनक राज ने सफलता का नया कृतिमान बनाया है। ज्ञातव्य हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन द्वारा 29 अक्टूबर 2024 को प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर ऑनलाइन विधि से संपन्न हुई थी। झारखंड राज्य से अनेकों प्रतिभागियों ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें रामगढ़ जिला के डीएवी रजरप्पा से आठ बच्चों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उक्त परीक्षा में बच्चों की शानदार सफलता पर झारखंड जोन डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने वीवीएम के संयोजक व रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष रामेंद्र कुमार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संयोजक की देखरेख में ही बच्चों ने सफलता अर्जित की और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की आठों बच्चे राज्यस्तर पर वीवीएम की होने वाली परीक्षा में 15 दिसंबर 24 को धनबाद के सीआईएमएफआर (केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान) में शामिल होंगे।

## एक नजर में

### झरपो में अमित यादव ने निकाला विजय जुलूस



**टाटीझरिया ।** विधानसभा चुनाव में बरकट्ठा में शानदार जीत पर शुक्रवार को विधायक अमित कुमार यादव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस चौरंगी मोड से शुरू होकर दक्षिण टोला झरपो चौक पर समाप्त हुआ। विजय जुलूस में कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजियां की। विधायक ने लोगों को जीत की बधाईयां दी। विधायक ने जुलूस में पैदल चलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जीत दिलाने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार जताया। कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें सेवा करने का अवसर दिया है, उसपर वह खरा उतरेंगे। मौके पर प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, एमके पाठक, दशरथ नारायण सिंह, रामप्रसाद कुशवाहा, अजय कुमार, रिंकू वर्मा, ज्योतिष पंडा, महेश अग्रवाल, बसंत सिंह, सुरेंद्र राणा, राजेंद्र कुमार, किशोरी ठाकुर, दिलीप शर्मा, रामलखन पांडेय, बासुदेव प्रसाद, बद्री भुइयां, मिथिलेश कुमार, सुरेश प्रसाद, राजकुमार सिंह, चिंतामणि प्रसाद, मुकुंद देव, संतोष कुमार, कौलेश्वर मिश्रा,संदीप पाण्डेय ,सुनील कुमार, बद्री साव, जीतन साव, शंकर वर्मा, शंभू प्रसाद, प्रभु प्रसाद, सानू पंडा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

29 हैज पी 1: अमित यादव व अन्य।

### राजकीय बुनियादी विद्यालय में साइकिल वितरित



**बरही।** बरही प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाघव के प्रांगण में साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, लक्ष्मण ठाकुर, सिकंदर प्रजापति, पिरामल फाउंडेशन के आदर्श कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, सहायक शिक्षक मनोज कुमार घोष, सरफराज खान, गायत्री सिन्हा और प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नीलम देवी समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के आठवीं कक्षा के 27 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि उनका भविष्य उज्वल हो सके।पंचायत मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि सभी अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से सुसज्जित कर विद्यालय भेजें ताकि बच्चे पढ़ाई में मन लगा सकें। वहीं, समाजसेवी वीरेंद्र यादव ने बच्चों को रोजाना स्कूल आने और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया।इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की संयोजिका सुनीता कुमारी, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाने और उनकी उपस्थिति बढ़ाने पर बल दिया।

### जमीन विवाद में मारपीट, हवाई फायरिंग का आरोप

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत महुगढ़ा स्थित जीटी रोड पर जमीन विवाद में हुई मारपीट का मामला बरही थाना पहुंचा। जिसमें फूलमती देवी उम्र 52 वर्ष पति मुरली महतो ग्राम महुगढ़ा थाना बरही जिला हजारीबाग निवासी ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर मनोज मंडल, संतोष मंडल, किशोर मंडल, अजित मंडल, रंजीत मण्डल पाँचों के पिता महादेव मण्डल किशोर मण्डल, महादेव मंडल पिता स्व. हेमलाल महतो, उर्मिला देवी पति महादेव मण्डल, चंपा देवी पति संतोष मंडल, मालती देवी पति मनोज मंडल, सोनी देवी पति किशोर मण्डल, खुशबु मण्डल पति अजीत मण्डल, लक्ष्मी देवी पति रंजीत मंडल, शुभम मण्डल पिता संतोष मंडल, राहुल मण्डल पिता मनोज मंडल सभी ग्राम महुगढ़ा थाना बरही निवासी द्वारा मारपीट, गाली गलौज एवं तलवार व पिस्टल से वॉर करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि गैर लाइसेंसी पिस्टल निकालकर हवा में लहराया गया और हवाई फायरिंग करने का वादी ने आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही आभास कुमार ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

### सांसद व विधायक ने उपलब्ध कराया ट्रांसफार्मर



**बड़कागांव।** सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा नापोखुर्द पंचायत के बरवणिया में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। ज्ञात हो कि 26 नवंबर को शाम में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना भाजपा के प्रतिनिधि मंडल को दी गई जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यकताओं के द्वारा सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी को संयुक्त रूप से पहुंचाई। ग्रामीणों को 28 नवंबर को ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया। मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि किसी भी तरह की प्रखंड में समस्या हो तो इसकी सूचना भाजपा प्रतिनिधियों को दें समस्या का समाधान तुरंत करने का प्रयास किया जाएगा।मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बेचन साव,भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता पुनम साहू, सुमन गिरी,उपाध्यक्ष अशोक साव,हीरालाल साव,मनीष पांडे, आजसू केन्द्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, उपमुखिया श्वेता देवी, मुकेश साव, विकास साव, तेतरी देवी, विमला देवी, धनेश्वरी देवी समेत सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सांसद के प्रयास से मंदाईन में लगा ट्रांसफार्मर

**इटखोरी।** नवादा पंचायत के मंदाईन गांव में चार महीने बाद ट्रांसफार्मर लगाया गया है। चतरा सांसद कालीचरण सिंह के प्रयासों से ट्रांसफार्मर लगवाया गया है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ऋषिबाला ने ग्रामीणों की ओर से सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## गांगपुर में सीआरसी की बैठक आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर में गांगपुर सीआरसी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सीआरसी के सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में सीआरपी प्रेमचंद साव ने शिक्षकों को शिशु पंजी प्रपत्र सह प्रशिक्षण प्रदान किया और अपार आईडी स्टूडेंट मॉड्यूल ऑल स्टूडेंट डाटा हार्ड तथा सॉफ्ट कॉपी की मांग की। बैठक में दुआरी तिलैया इचाक गांगपुर सिमरातरी मसूरिया लोहड़ी बरियातू महुआटांड़ सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक घायल

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिद्धौर ब्रह्मपुर सड़क में कौलेश्वरी स्कूल के समीप एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ट्रेंच में जा गिरी, जिससे उस पर सवार युवक यदुनंदन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। 36 वर्षीय यदुनंदन यादव ग्राम रुपिन का निवासी है और दुर्घटना में उसका बायां हाथ और बायां पैर टूट गया है। ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया, जहाँ से बेहतर इलाज के लिए उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के निदेर्शानुसार, प्रशासन दुर्घटना स्थल पर पहुँचा और जाँच-पड़ताल की।

## बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बीज वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के मायाडीह गाँव में शुक्रवार को बिरसा फसल विस्तार योजना 2024-25 के तहत सरसों बीज, नैनो एरिया, जिप्सम और नीम कोटिन का वितरण किया गया। बीटीएम प्रभात कुमार के नेतृत्व में किसानों को बीज वितरित किए गए और उन्हें बताया गया कि इस बीज से अच्छी पैदावार होगी। किसानों को नैनो एरिया, जिप्सम और नीम कोटिन नि:शुल्क प्रदान किए गए। इस अवसर पर कृषक मित्र प्रसादी पासवान, कमलेश कुमार, रविंद्र कुमार दांगी, सुजीत कुमार दांगी, मीना देवी, चमेली देवी, गोवर्धन यादव सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## प्रमुख ने किया भारत मेडिकल हॉल का उद्घाटन

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के हजारीबाग रोड स्थित शुक्रवार को प्रमुख रोहन साव उपप्रमुख दामोदर गोप मुखिया नरेश साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर भारत मेडिकल हॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रतिष्ठान का पल्लवित पुष्पित होने का कामना किया। वहीं मेडिकल हॉल संचालक राजू कुमार ने कहा कि मेरे पास सभी प्रकार के अंग्रेजी दवाइयां उपलब्ध है। दवाइयों में विशेष छूट दी जाएगी और उचित मूल्य पर दवा दी जाएगी। मौके पर लीलाधर महतो,राजेश कुमार,कोमल साहू सिकंदर साहू, शंकर साहू,विक्रम कुमार, लक्ष्मण यादव, सिकंदर साहू, विकेश राणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सेविका-सहायिकाओं की मासिक बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की मासिक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका विभा कुमारी। बैठक में पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका उपस्थित हुई। बैठक में मासिक कार्ययोजना की समीक्षा की गयी। जिसमें उभरती विसंगतियों के बारे में चर्चा की गयी। आंगनबाड़ी सेविका को विभागीय स्तर पर कार्य योजना के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के साथ-साथ टीएचआर, बच्चों को अल्पाहार व पोषाहार वितरण संबंधी निर्देश दिया गया।

### ग्रिजली विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, किया गया सम्मानित

# अनुशासन के बिना विद्यार्थी जीवन व्यर्थ : विजय कुमार

### परिश्रम के सामने सफलता हाथ जोड़े खड़ी रहती है : अविनाश सेठ





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनसीसी. कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार, निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसीमे, निदेशिका सुनीता सेठ, शुभा कपसिमे, सीईओ. प्रकाश गुप्ता, सीओओ. तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या मृदुला भगत, बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्या नीरजा, विशिष्ट अतिथि संजय अग्रवाल व निशा गुप्ता ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवं उनके माता पिता और शिक्षकों के योगदान को सम्मान देने के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि को विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अंजना कुमारी के द्वारा पौधा भेंट कर किया गया।

वहीं समारोह की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या ने अपने स्वागत भाषण से की। उन्होंने विशेष अतिथि, गणमान्यों, अभिभावकों और छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देता है। उन्होंने बदलती हुई शिक्षा शैली को स्पष्ट किया, जो की आज के परिवेश में केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं अपितु सामाजिक तौर पर भी अतिअवश्यक है। वहीं एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार ने कहा कि अनुशासन के बिना विद्यार्थी जीवन व्यर्थ है। बदलती परिस्थियों में विद्यार्थियों को अधिक एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य को पहचान कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रम विद्यालय की अनुपम विशिष्टता को दर्शाता है। वहीं निदेशक अविनाश सेठ और मनीष कपसीमे ने छात्रों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा की परिश्रम के सामने सफलता हाथ जोड़े खड़ी रहती है और विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के स्वागत नृत्य में प्रकृति सिंह, आण्वी मोदी और आदया यदुवंशी ने अपने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं दूसरे नृत्य प्रस्तुति गौ माता के जीवन पर आधारित में अराध्या, सलोनी, रितु,श्वेता, खुशी, रितुल, अंतरा, अंशिका, खुशबू, अवंतिका, ओमैयसा परिधि, एवं अन्य का शानदार प्रस्तुति रहा। योगा में साक्षी एवं ग्रुप ने अपने प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। वहीं समूह गान में इशिका एवं ग्रुप और विदूषी एवं ग्रुप ने अंग्रेजी गीत से सभी को मनवीभोर कर दिया।

वहीं कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया, जिला टॉपर की श्रेणी में महविश अयमान, स्कूल टॉपर की श्रेणी में वर्ग बारहवीं की सिद्धि बर्णवाल, वर्ग दशम के जय प्रकाश, शौर्य तरवे, स्टूडेंट ऑफ-द ईयर जय प्रकाश और महविश अयमन को दिया गया।

मोस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट्स की श्रेणी में वर्ग प्रथम से आदया, वर्ग पंचम ठाकुर चैतन्या, वर्ग सप्तम अतिशय जैन, वर्ग अष्टम आभाष कुमार, वर्ग ग्यारवी विज्ञान एमडी आरिफ वर्ग ग्यारवी कॉमर्स खुशी जैन, बेस्ट सीसीए. परफॉर्मर में वर्ग प्रथम से दृश्या, वर्ग पंचम सौम्या, वर्ग सप्तम अतिशय, एवं वर्ग नवम् कुमारी खुशी। वहीं बेस्ट मॉनिटर की श्रेणी में वर्ग द्वितीय से अविनाश, वर्ग पंचम लक्ष्मी, वर्ग सप्तम आरुषि, वर्ग नवम् अर्पण, वर्ग ग्यारवी विज्ञान संकाय बिश्वयान और वर्ग ग्यारवी कॉमर्स से कृष्णा कौशिक को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट हाउस कैप्टन की श्रेणी में वर्ग दसम के आशीष रंजन को सम्मानित किया गया। वर्ग दशम के विषयवार टॉपर श्रेष्ठ, आस्था, कुशल, प्रिया, एलिजा, सागर, हर्ष, सौरव, आशीर्वाद, शौर्य, स्वाति, जय प्रकाश, अनिरुद्ध, कुशल तो वही वर्ग बारहवीं के विषयवार टॉपर अदिति, अभिक, महविश, रीतू अभिक, संगम, सिद्धि श्रद्धा, सोनम अंजलि, रीतू, ज्योति, रिया, नंदनी, भूमि और कृष्णा अग्रवाल को सम्मानित किया गया। अपने वर्ग में अव्वल स्थान पाने वालो में वर्ग षष्ठी से तनीषा, भूमिका, शौर्य, दिव्यांजलि, और अनमोल कुमार को सम्मानित किया गया। वर्ग सप्तम से आरुशी, अतिशय, त्रिजल, रूपा ज्योति, अनुप्रिया वर्ग अष्टम से अभिषेक, आकांक्षा, रानी, सलोनी, अक्षत,श्वेता वर्ग नवम् से नीरज, पुष्कर, कुमारी, अनुराग, ईशांत, मृत्युंजय वर्ग ग्यारवी विज्ञान से सृष्टि, ओम, आस्था, पीयूष, धोनी, मो. आरिफ सुकंशा, निष्ठा, सरेत, कृष्णा कौशिक, शिवानी, आकांक्षा, पीयूष को सम्मानित किया गया। वहीं मोस्ट केयरिंग मदर का अवार्ड प्रतिभा जैन, ऋचा खाटूवाला, सुनील कुमारी, किरण कुमारी, सुनील कुमारी को दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन में श्रेया एवं शीतल की भूमिका शिक्षिका मनीषा चंद्रा के नेतृत्व में सराहनीय रही। मौके पर अशरफ खान, विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, राजीव रंजन सिंह, सुधांशु कुमार, अमित दास, संजय कुमार समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## डीडीसी ने विभिन्न पंचायत का किया दौरा, दिया कई निर्देश







खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम द्वारा जयनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायत का दौरा किया गया। इस दौरान तिलोकरी, पिपचो, डंडाडीह समेत अन्य पंचायतों का दौरा कर अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया। वहीं डीडीसी ने अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का जियो टैंगिग करते हुए आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप संवर्धन योजना के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही कहा कि अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करें।

# कोहरे की वजह से एक दिसंबर से कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

### यात्रियों की बढ़ेगी मुश्किलें




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सर्दियों का मौसम दस्तक दे चुका है, ऐसे में कोहरे की वजह से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होना तय है। वहीं भारतीय रेलवे ने पहले ही एक दिसंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक कई ट्रेनों को रद्द करने या उनका फेरा घटाने का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसका सीधा असर कोडरमा, धनबाद और गया होकर चलने वाली ट्रेनों पर भी पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि कोहरे के कारण ट्रेन की गति सीमा पर प्रतिकूल असर पड़ता है। नयी दिल्ली हावड़ा ग्रैंड कोड सेक्शन लाइफ लाइन के रूप में जानी जाती है। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने या फेरों में कटौती से यात्रियों के सफर में खलल पड़ेगा।

**ये ट्रेन रहेंगी रद्द :** 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार, 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार, 18103/18104 अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस यह ट्रेन 4 दिसंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक पूरी तरह रद्द रहेगी़ वहीं 12177 हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस 6 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन के बीच रद्द रहेगी, 12178 मथुरा-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस 2 दिसंबर 2024 से 6 जनवरी 2025 तक मथुरा जंक्शन और आगरा कैंट के बीच नहीं चलेगी।

**यात्रियों की बढ़ेगी मुश्किलें :** कोडरमा स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों को इन बदलावों से खासा परेशान होना पड़ेगा। दिसंबर में लगन होने के कारण वर-वधू और उनके परिजनों को यात्रा में दिक्कतें होंगी। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्र और इलाज के लिए यात्रा करने वाले लोग भी प्रभावित होंगे। साथ ही छुट्टियों के दौरान घूमने की योजना बनाने वाले लोगों को झटका लगेगा।

**वीवीआइपी और मेल ट्रेनों पर भी असर :** राजधानी, दुरंतो, वंदे भारत जैसी वीवीआइपी ट्रेनों के साथ-साथ अन्य मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होगा। कोहरे के चलते 3 से 15 घंटे तक की देरी की संभव है। कई ट्रेनों का समय बदला जा सकता है, जिससे यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना पहले से बनानी होगी।

## झुमरीतिलैया गुमो मौजा में निर्माण कार्य दोबारा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के गुमो मौजा खाता संख्या-220/534, प्लॉट संख्या-5841/6433, रकवा-4.22 एकड़ की विवादित भूमि पर नगर पर्षद ने पुलिस बल की मौजूद्गी में निर्माण कार्य को दोबारा शुरू कर दिया। इससे पहले बुधवार को उक्त भूमि को अपना बताते हुए नरेंद्र प्रकाश आर्य द्वारा विरोध जताने पर निर्माण कार्य रोक दिया गया था। गुरुवार सुबह नगर पर्षद की टीम जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंची, पुलिस बल की तैनाती के बीच निर्माण कार्य शुरू किया गया। वहीं नरेंद्र प्रकाश आर्य ने एक बार फिर निर्माण का विरोध किया, वे इसे अवैध बताते हुए उच्च न्यायालय में लंबित वाद का हवाला दिया। उन्होंने नगर पर्षद पर अदालत के आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। वहीं नरेंद्र प्रकाश ने बताया कि पहले भी इस भूमि पर जलमीनार निर्माण को लेकर विवाद हुआ था, जिस पर उच्च न्यायालय ने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई थी।

# अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोक थाम पर खनन टास्ट फोर्स की बैठक सम्पन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में 07 अक्टूबर 2024 को दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई और जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीक्षक को खनन क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहनों की जांच करने और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई की गई है और जुमार्ना राशि वसूली गई है।

उपायुक्त ने अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध शून्य कार्रवाई वाले अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के प्रति नाराजगी व्यक्त की और कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आम्रपाली परियोजनान्तर्गत सी०टी०ओ० में निहित शर्तो का अनुपालन नहीं किये जाने पर उपायुक्त ने कडी नाराजगी व्यक्त की और महाप्रबंधक को अनियमितताओं को दूर करने का निर्देश दिया। बिना ढंके कोयला के परिवहन के मामलें में संबंधित वाहनों को जप्त कर दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने, मोटरसाईकिल से कोयला चोरी की रोकथाम के लिए निगरानी रखने, सी०सी०एल० क्षेत्र से कोयला चोरी के मामलों में सी०सी०एल० के सुरक्षा कर्मी की संलिप्तता मानते हुए प्राथमिकी दर्ज करने, कोयला परियोजनाओं के बाहर खनिज पारगमन मार्गो एवं अन्य स्थानों पर समुचित जल छिडकाव व धुल-कण की सफाई की व्यवस्था करने और टैंकरों पर जीपीएस लगाने का निर्देश दिया गया।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बस स्टैंड के रोड की मरम्मत, चतरा से हजारीबाग जाने वाले रास्ते में जर्जर पुल पुलिया की मरम्मत और सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमण्डल पदाधकारी दक्षिणी मुकेश कुमार,अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पों, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### एक नजर में

## महागठबंधन के सरकार बनने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी बधाई फोड़े पटाखे, बांटी मिठाईयां**

**सिमरिया।** राज्य में महागठबंधन के सरकार बनने पर सिमरिया में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाले। और एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाइयां दिया तथा जमकर पटाखे फोड़े व मिठाइयां बांटा। झामुमो नेता मनोज चंद्रा ने कहा कि हेमंत सोरेन इकलौते ऐसे मुख्यमंत्री है जो चौथी बार मुख्यमंत्री बने है उनके नेतृत्व में संपूर्ण झारखंड में विकास हो रही है। हरएक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहे हैं। जिसका परिणाम है कि उन्होंने चौथी बार मुख्यमंत्री बने है। जुलुश सिमरिया डाकबंगला से निकले और सुभाष चौक पहुंचा जहां मनोज चंद्रा सहित कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से नेताजी सुभाष चंद्रा बॉस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अंत में उन्होंने चौक के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। मौके पर मालेश्वर साहू, रमन साहू, भूपेंद्र ठाकुर, कुलदीप कुमार, नागेश्वर महतो, आलोक रंजन, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में सलाद डेकोरेशन कंपटीशन का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को सलाद डेकोरेशन कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग एक से चार तक के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा सलाद बनाया गया था और उसे एक थाल में डेकोरेट किया गया था, जो काफी आकर्षक था। प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप राणा, आड्रिजा विश्वास, आरोही कुमारी, निशात फातिमा, एड्रिजा विश्वास, काव्या, आकृति, पृथ्वी, सुमारिया जन्नत, श्रेयांश कुमार आर्य, आर्य, प्रिंस और रूही को प्रथम स्थान मिला। जबकि आयुषी, सुफियान रजा, अनिका गुप्ता, अर्णव चतुर्वेदी, सलाहा महमुद, अफीफा मसूद, प्रीतम, आरव, दृश्य, तन्वी, आरोही कुमारी, निशु, जेसिका, आलिया परवीन, आरोही कुमारी, समर कुमार को द्वितीय स्थान मिला। जबकि आरुष गुप्ता, अनुराग सिंह, अंशिका, मानसी, प्रिया, नैंसी राज, राजनंदिनी, दिव्यांक, आजीसा, अंशिका, मानसी प्रिया, नित्या सिंह, आयुष्मान, अनन्या, आराया वर्णवाल, दीप शिखा, परी कुमारी, यासमीन अंसारी, प्राची राणा, आरुषि, शिवम को तृतीय स्थान मिला।

आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका कामिनी सहाय, स्वाति सिंह, प्रियंका कुमारी गुप्ता, रेखा राणा, लता सिन्हा, सरोज पाण्डेय, लवली कुमारी, स्वीटी सिन्हा, रूबी कुमारी वर्मा, पूजा सलूजा का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और उन्हें बधाई दी।

## हाई टेंशन बिजली तार टूटकर गिरने से एक मवेशी की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घरबरियाबर में 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन बिजली तार टूटकर गिरने से एक मवेशी की मौत हो गई। जिसके बाद तार टूटकर गिरने की सूचना बिजली विभाग को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार घरबरियाबर उपर टोला में घर के बगल से 11 हजार वोल्ट का तार गुजरा हुआ है। पहले से ही तार झूला हुआ था, जिसे लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचित किया था कि हाई टेंशन बिजली तार को दुरुस्त कर दिया जाए, मगर विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति की जान चली जाती है तो बिजली विभाग क्या करती। बिजली विभाग सिर्फ खानापूर्ति का काम करती है। लोगों ने बिजली तार गिरने से मवेशी की मौत के मुआवजे की मांग किया है। घटना के बाद बिजली विभाग ने 11 हजार वोल्ट तार को दुरुस्त कर पोल में जोड़ दिया है।

## दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड़ मुख्यमार्ग स्थित अकतो नदी स्थित पुल से बाईक आनियंत्रित होकर खेत में जा गिरने से उसपर सवार एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं मृतक की पहचान 26 वर्षीय अशोक रजवर पिता लखन रजवार जयनगर रविदास टोला निवासी के रूप में की गयी। वहीं घायलों की पहचान कारु रजवार एवं सुदना रजवार पिता स्व.भुनेश्वर रजवर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर अपने घर से निकले इसी दौरान अकतो नदी के समीप जैसे हीं पहुंचा बाईक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे खेत में जा गिरा। जिसमें उक्त तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना जयनगर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर जयनगर थाना पुलिस तीनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो अन्य युवकों का इलाज किया जा रहा है।

# टाटा स्टील की अंजना तिवारी और बंदी गायत्री ने रचा इतिहास

## 100 ग्लोबल इंस्पिरेशनल वीमेन इन माइनिंग की टॉप 100 सूची में मिला स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसकी दो प्रतिभाशाली महिला कर्मचारी, अंजना तिवारी और बंदी गायत्री, को वीमेन इन माइनिंग यूके की 2024 की 100 ग्लोबल इंस्पिरेशनल वीमेन इन माइनिंग सूची में स्थान मिला है।

यह प्रतिष्ठित द्विवार्षिक प्रकाशन खनन उद्योग में महिलाओं की अद्वितीय उपलब्धियों और प्रेरणादायक योगदान को वैश्विक स्तर पर सम्मानित करता है। अंजना तिवारी, टाटा स्टील में सुरक्षा विभाग की सीनियर एरिया मैनेजर, का करियर असाधारण उपलब्धियों से भरा रहा है। 28 वर्षों के इस सफर की शुरूआत उन्होंने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) से की और बाद में स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की पहली महिला सदस्य बनने का गौरव प्राप्त किया। टाटा स्टील में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाते हुए ओडिशा के दूर दराज क्षेत्र में स्थित खनन गांव में फेरो एलॉय संयंत्रों और क्रोम खदानों की सुरक्षा संचालन का नेतृत्व किया, जिसमें वह ऐसा करने वाली पहली महिला बनीं।



अंजना तिवारी व बंदी गायत्री।

समुदाय कल्याण, हितधारकों के साथ बेहतर संवाद, और औद्योगिक संबंधों में सामंजस्य स्थापित करने की उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें स्थानीय ग्रामीणों और बाहरी हितधारकों के बीच अपार सम्मान दिलाया है। बंदी गायत्री, जो टाटा स्टील की माइनिंग डिवीजन में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, ने झरिया कोलफील्ड्स के 117 वर्षों के इतिहास में पहली महिला अंडरग्राउंड माइनिंग इंजीनियर बनकर इतिहास रच दिया। आईआईटी बीएचयू की स्नातक और प्रतिष्ठित रॉबर्टन मेडल की प्राप्तकर्ता, गायत्री ने भूमिगत कोयला खदानों में शाफ्ट ड्रेसिंग और वेंटिलेशन सुधार जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, वह भी एक ऐसे क्षेत्र में जो पुरुष प्रधान माना जाता है। खनन संचालन में अपनी उत्कृष्टता के साथ-साथ वह वीमेन ऑफ एमईएआई पहल की अगुवाई भी करती हैं, जिससे खनन क्षेत्र में समावेशिता और ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहन मिलता है। अत्रयी सान्याल (वाइस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील) ने कहा टाटा स्टील में, हम विविधता और समावेशिता को बदलाव की ताकत मानते हैं। अंजना और गायत्री ने टाटा स्टील और खनन उद्योग में जो अभूतपूर्व योगदान दिया है, उस पर हमें बेहद गर्व है।

डब्ल्यूआइएम 100 में उनकी पहचान उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रमाण है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारी महिला कर्मचारी उद्योग में नई ऊंचाइयां छू रही हैं और अपनी पहचान बना रही हैं। डबल्युआइएम 100 पहल ने इस वर्ष 41 देशों से 570 नामांकनों के साथ एक नया मील का पत्थर हासिल किया, जो 2013 में इसकी शुरूआत के बाद से सबसे अधिक भौगोलिक विविधता वाला संस्करण है। यह खनन क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और उनके द्वारा नवाचार, सस्टेनेबिलिटी, और सामुदायिक सशक्तिकरण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिकाओं की पुष्टि करता है। डॉ स्टेसी होप, डब्लुआइएम 100 यूके की प्रबंध निदेशक, ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इन 100 अद्वितीय महिलाओं को मान्यता और सम्मानित कर रहें हैं, जिनकी आवाजें और कहानियां खनन क्षेत्र में विविधता, शक्ति और सहनशक्ति का वास्तविक प्रतीक हैं।

## स्पीड न्यूज

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने स्व माइकल जॉन की जयंती मनायी




**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ऑफि स मे स्वर्गीय माइकल जॉन जी की जयन्ती और जे आर डी टाटा जी की पुण्यतिथि पुष्प माला अर्पित कर मनाई गयी। उसके बाद बिस्टुपुर मे उनके स्मारक पे पुस्प माला अर्पित किया गया। इनमे अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामन्त्री आरके सिंह के साथ यूनियन के सभी मेम्बर, ऐक्टिव मेम्बर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य उपस्थित हुए।

### किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल में विभिन्न विषयों पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवा छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। 29 नवंबर 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वेशभूषा में भाग लिया, जिनमें कार्टून पात्र, वॉल्ट डिजनी, जंगल बुक, इलेक्ट्रिकल उपकरण, समुदाय के सहायक, फूल, हैरी पॉटर पात्र और बहुत कुछ शामिल थे। इस कार्यक्रम को एक सफलता बनाने में माता-पिता की मेहनत और समर्पण का योगदान रहा। प्रिंसिपल रुखसार आयशा ने शिक्षकों और माता-पिता के प्रयासों की सराहना की। स्कूल निदेशक सैयद राशिद जफर ने ऐसी गतिविधियों के महत्व पर बल दिया, जो बच्चों के 360-डिग्री विकास में मदद करती हैं। उन्होंने स्कूल के एकीकृत पाठ्यक्रम की ओर इशारा किया, जिसमें सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को शामिल किया गया है ताकि संज्ञानात्मक और संवेदी विकास को बढ़ावा मिल सके। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एक बड़ी सफलता थी, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल ग्रिफिन हाउस ओवरऑल चैंपियन

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल ने अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन बेहद उत्साह और उमंग के साथ किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और 2012 बैच के प्रतिष्ठित आईपीएस अधिकारी किशोर कौशल उपस्थित थे। इस अवसर पर शेन इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन अविनाश सिंह, प्रो-वाइस चेयरमैन ज्योति सिंह और सम्मानित अतिथि, जिनमें वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश राय, बृजभूषण सिंह और प्रशांत शामिल थे। दिन की शुरूआत चारों हाउस के शानदार मार्च पास्ट से हुई, उसके बाद बच्चों द्वारा मनमोहक ड्रिल प्रस्तुत किया गया।

# मानगो को जाम से मुक्ति दिलाने को प्रशासन ने कसी कमर, बदलेगा नो इंट्री का समय

## एडीएम, सिटीएसपी, ईई पथ प्रमंडल, डीएमसी, ट्रैफिक डीएसपी और टाटा स्टील के अधिकारियों ने की उच्च स्तरीय बैठक

### सड़क किनारे सब्जी बेचने और अतिक्रमण पर लगेगी रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड में फ्लाई ओवर का काम क्या शुरु हुआ, क्षेत्र के लोगों को हर दिन पीक आवर में 2-2 घंटे ट्राफिक जाम में फंसना पड़ रहा है। चुनाव से मुक्ति मिलने के बाद डीसी अनन्य मित्तल ने अपनी टीम को निर्देशित किया है कि मानगो को जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाए।

डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार मानगो चौक से मानगो पुल तक ट्रैफिक समस्या के निदान को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में ट्रैफिक समस्या के विभिन्न कारणों पर चर्चा की गई तथा प्रभावी निराकरण को लेकर विमर्श किया गया। बैठक में नो इंट्री के समयावधि में बदलाव पर चर्चा, बसों में सिर्फ बस स्टैंड से ही सवारी बैठाने, मानगो चौक से डिमना चौक तक सड़क के किनारे सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया गया अतिक्रमण को हटाने तथा स्थाई दुकानदारों द्वारा शेड गिराकर सामान रखे जाने पर कार्रवाई को लेकर चर्चा की गई। बैठक में फिल्ड सर्वे के बाद सभी निर्णयों को धरातल पर उतारने की बात कही गई, 29.11.2024 से ही फिल्ड सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है।



बैठक करते एडीएम, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष व अन्य पदाधिकारी।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सड़क किनारे से हटाये जाने वाले सब्जी विक्रेताओं को उचित स्थान देने पर भी चर्चा की गई ताकि उनके रोजगार पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़े। बैठक में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, डीएमसी मानगो सुरेश यादव, ईई पथ प्रमंडल दीपक सहाय, ट्रैफिक डीएसपी, टाटा लैंड डिपार्टमेंट के हेड समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### नक्शा विचलन करने वाले तमाम बिल्डरों को पार्टी बनाने का निर्देश

जमशेदपुर। जनहित याचिका 2078/2018 में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई की गई। मुख्य न्यायाधीश राव और न्यायाधीश दीपक रौशन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से पूछा कि आपने तमाम भवनों और बिल्डरों को पार्टी क्यों नहीं बनाया पिटीशनर के अधिवक्ता ने माननीय अदालत को बताया कि यह पीआईएल है और इतने बड़े पैमाने पर अनियमितता जमशेदपुर में हुई है कि लगभग 1800 भवनों को पार्टा बनाना कठिन है। पर कोर्ट ने व्यवस्था दी कि सभी 1800 या उससे अधिक भवनों को पार्टी बनाना जरूरी है ताकि वे भी अपनी सफाई में बोल सकें। कोर्ट ने अधिवक्ता को एक सप्ताह में अवैध भवनों को पार्टी बनाने का आदेश दिया। इस आदेश के तहत सभी अवैध भवनों को पार्टी बनाया जायेगा। अवैध निर्माण के खिलाफ भवन और बिल्डर सहित, अक्षेष और पिटीशनर अपने अपने हलफनामें दायर करेंगे और कोर्ट सभी हलफनामों की अलग अलग सुनवाई कर जितने अवैध भवन बने है सभी अवैध भवनों के खिलाफ अलग अलग आदेश पारित करेगी। एचडीएफसी की तरफ से उसके अधिवक्ता ने माननीय अदालत से प्रार्थना की कि अक्षेष अगली सुनवाई तक कोई निर्माण कार्य नहीं तोड़े।

# नो इंट्री के टाइम में परिवर्तन किया जाये : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विगत तीन दिनों से मैं मानगो पुल पर लगने वाले जाम के संबंध में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर रहा हूं परंतु अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। जिला प्रशासन और जिला पुलिस को अतिक्रमण के नाम पर कतिपय दुकानों को हटाने संबंधी सतही कदम उठाने के बदले में जाम से मुक्ति के लिए ठोस उपाय करना होगा। सरयू राय के मुताबिक पहली बात तो यह कि भारी वाहनों के नो इंट्री के समय में बदलाव करना जरूरी है। दिन के समय में पूरा समय नो इंट्री लागू किया जाए और जरूरी हो तो रात में 11 बजे से सुबह 5 बजे के बीच नो इंट्री खोला जाए। दूसरी बात यह कि मानगो चौक पर और साकची की तरफ टिमकेन गोलचक्कर पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल की व्यवस्था की जाए। तीसरी बात यह कि मानगो पुल के साकची छोर पर स्थित टिमकेन गोलचक्कर पर डोभो और सरायकेला की ओर से आने वाले और टाटा स्टील की फैक्ट्री में जाने वाले भारी वाहनों के लिए नो इंट्री खोलने के समय वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टिमकेन गोलचक्कर के पास भारी वाहन अनावश्यक रुप से खड़ा न रहें। चौथी बात यह कि मानगो फ्लाईओवर बनाने के लिए सड़क की जो घेराबंदी की गई है, उसका दायरा छोटा किया जाए. जहां काम पूरा हो गया है, वहां से घेराबंदी हटा ली जाए। सरयू राय ने बताया कि आज प्रातः साढ़े 6 से साढ़े 7 बजे तक मैंने मानगो गोलचक्कर पर पुलिस के ट्रैफिक नियंत्रण की स्थिति को देखा और फिर दोबारा 3 से साढ़े 3 बजे तक उक्त स्थान पर जाम की समस्या का मुआयना किया। दोनों ही समय में मैंने पाया कि ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल नहीं हैं। सुबह में तो केवल अवर निरीक्षक स्तर के दो अधिकारी सुबह में थे। दोपहर बाद वहां केवल दो कांस्टेबल उपस्थित थे। यह व्यवस्था अर्पयाप्त है। दोनों ही समय में पुलिस अधिकारियों के साथ कम से कम 4 कांस्टेबल मानगो चौक पर तैनात रहने चाहिए ताकि तीन तरफ से आने वाली टैफ्रिक को नियंत्रित किया जा सके।


निरीक्षण करने पहुंचे सरयू राय।

# आभार यात्रा में सरयू राय का जगह-जगह हुआ स्वागत

**कई स्थानों पर लोगों ने की पुष्पवर्षा, अंगवस्त्र देकर भी लोगों ने किया स्वागत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू शुक्रवार को भाजपा के सोनारी मंडल और सरयू समर्थकों द्वारा आयोजित आभार यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा सोनारी एयरपोर्ट से शुरू हुई और ए रोड पर जाकर खत्म हुई। इस आभार यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए. इसमें आम जनता की भी भागीदारी रही। आभार यात्रा की शुरूआत सोनारी एयरपोर्ट से हुई। यहां से एयरपोर्ट बाजार, डिस्पेंसरी रोड होते हुए यात्रा गुदड़ी बाजार, नर्स क्वार्टर चौक तक पहुंची। फिर यहां से बालीचेला स्कूल रोड में कई स्थानों पर लोगों ने यात्रा को रोक कर राय का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में स्त्री, पुरुष, बुजुर्ग, नौजवान सभी शामिल थे। यात्रा यहां से निकल कर श्रीराम मंदिर चौक पर पहुंचा। यहां भी राय का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। राम मंदिर चौक से यात्रा सीधे कागल नगर मार्केट पहुंची, जहां पर भारी संख्या में बाजार समिति के लोग खड़े थे। इन लोगों ने राय का जबरदस्त तरीके से स्वागत किया। यहां से आभार यात्रा सीधे ए रोड पर पहुंची और यहीं यात्रा का समापन हुआ।



आभार यात्रा में सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, प्रशांत पोद्दार, राणा प्रताप सिंह, अजय श्रीवास्तव, पूरण वर्मा, गोपाल लहरी, मुकुल मिश्रा, सोनू ठाकुर, धर्मेंद्र प्रसाद, संजय रजक, नारायण प्रसाद, महावीर सिंह, कृष्णा यादव, डॉ. दीपक घोष, बिराजदेव, निखार सबलोक, नीरज सिंह, काजल मुखर्जी आदि शामिल रहे।

# माइकल जॉन सभागार में नृत्य महोत्सव धरोहर का आयोजन कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में धरोहर नृत्य महोत्सव का आयोजन संभव इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स, गम्हारिया द्वारा किया जा रहा है। पिछले 12 साल से से निरंतर बच्चो के कौशल विकास में तत्पर संभव इस साल 1 दिसंबर को अपने इंस्टीट्यूट के वार्षिकोत्सव के साथ साथ एक दिवसीय नृत्य महोत्सव का आयोजन माइकल जॉन प्रेक्षागृह में कर रहे हैं। इस महोत्सव के आयोजन के मुख्य स्पॉन्सर सुदीसा है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे हमारे शहर के कथक प्रत्पादक तरित सरकार और उनका दल। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीनाथ विवि के चांसलर सुखदेव महतो एवं विशिष्ट अतिथि अनन्य मित्तल, डीसी, सुदीसा के फाउंडर इंदर अग्रवाल, कथक गुरु संदीप बोस एवं सौमी बोस रहेंगे। कार्यक्रम संध्या 5.30 बजे से शुरू होगा जो की रात 9.00 बजे तक होने की उम्मीद है।




# एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मनाया गया 'बालवाटिका डे 2024'

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। शुक्रवार को सिदगोड़ा स्थित एस डी एस एम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में बालवाटिका डे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से द्वितीय ( फाउंडेशनल स्तर) तक के कुल 900 से अधिक बच्चों द्वारा थीम परिवर्तन ( प्राचीन से नवीन युग) को बच्चों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या महोदया मौसमी दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्या महोदया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य एवं प्रार्थना गीत के साथ हुई। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया जिसमें नृत्य, संगीत, नाटक, विज्ञापन, माइम एक्ट, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि जैसी प्रस्तुतियाँ शामिल थी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने बच्चों के इन प्रयासों की सराहना की। बच्चों की मेहनत और तैयारी का परिणाम कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या महोदया द्वारा किया गया जिन्होंने सभी बच्चों की मेहनत की सराहना की और आगे भी इसी तरह के आयोजन को बढ़ावा देने की बात की। इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की प्राइमरी संयोजिका तथा शिक्षक- शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।




## एक नजर में

### सरायकेला डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

जमशेदपुर/सरायकेला। सरायकेला-खरसावां के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सदानंद महतो, सिविल सर्जन डॉ अजय सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहें। बैठक के दौरान अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार के द्वारा जिले में विभिन्न प्राकृतिक आपदा अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले मे प्राकृतिक आपदा अंतर्गत सड़क दुर्घटना से सम्बन्धित स्वीकृति हेतु कुल तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमे सभी दस्तावेज प्राप्त है। उपायुक्त नें समिति सदस्यों से बिंदुवार चर्चा करते हुए सभी मामलों में नियमानुसार अनुमान अनुग्रह राशि स्वीकृति करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने प्राकृतिक आपदा अंतर्गत पीड़ित परिवार को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का पंचायत स्तर पर विभिन्न माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त नें विभिन्न आपदा के समय क्या करें एवं क्या न करें इसके संबंध में ग्रामीण क्षेत्र तथा सभी विद्यालय में बच्चों को जागरूक करने का निर्देश दिए।

### अभिषेक हत्याकांड में फरार दो युवक गिरफ्तार



जमशेदपुर। बारीगोड़ा निवासी अभिषेक हेम्ब्रम की गत 15 नवंबर को की गई हत्या के मामले में जमशेदपुर पुलिस ने परसुडीह निवासी रोशन हेम्ब्रम और भोला होनहागा को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों हत्या के बाद से ही फरार थे जबकि एक आरोपी राजेश कर्मकार ने गत 20 नवंबर को जमशेदपुर कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया था। सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि वादिनी पिंकी हेम्ब्रम के द्वारा उसके पति- अभिषेक हेम्ब्रम सा०- बाड़ेगोडा थाना- परसुडीह जिला- पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के हत्या के संदर्भ में परसुडीह थाना काण्ड सं0-151/24 दिनांक-15/11/2024 धारा 103(1),3(5) बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के विरुद्ध 01. भोला होनह्यगा उम्र करीब 28 वर्ष पिता अजीत हेम्ब्रोम उर्फ अजीत होनहागा 02.रोशन हेम्ब्रोम उम्र करीब 26 वर्ष पिता जादू हेम्ब्रोम दोनो सा०-बाड़ेगोड़ा, 03. राजेश कर्मकार पिला- मंगल कर्मकार उर्फ भूगोल कर्मकार पता- कोचाकुली तीनो थाना-परसुडीह, जिला-पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के विरुद्ध कांड दर्ज करवाया गया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस के लगातार दबिश के कारण राजेश कर्मकार दिनांक- 20/11/2024 को माननीय न्यायलय में आत्मसमर्पण कर जेल में बंद है। शेष दोनो अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से अपना मोबाईल बंद कर इधर-उधर भागे फिर रहे थे। जिसकी गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के द्वारा किया गया। असूचनातंत्र एवं तकनिकी सहायता से उड़िया के क्योझर से दोनो अभियुक्त पकड़ा गया, जिससे गहन पूछताछ के बाद दोनों नें अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान दिया तथा दोनो के निशानदेही पर काण्ड में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल एवं दो देशी कट्टा तथा मोबाईल की बरामदगी हुई है तथा इन्होने अपने एक अन्य सहकर्मी का नाम बताया है, जिसके विरुद्ध छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाल रंग का पैशन प्रो बाइक और दो देशी कट्टा बरामद किया है। गिरफ्तार राकेश हेम्ब्रम का आपराधिक इतिहास रहा है।

### केरल पब्लिक स्कूल कदमा में युवा सम्मेलन शुरु



जमशेदपुर। केरल पब्लिक स्कूल कदमा ने एलएमएडी (लेट्स मेक ए डिफरेंस): जमशेदपुर युवा सम्मेलन का भव्य उद्घाटन किया, जो तीन दिवसीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य युवा दिमागों को उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है। समारोह ने प्रतिभागियों को आत्मनिरीक्षण करने, जुड़ने और व्यक्तिगत और समुदाय के रूप में विकसित होने के लिए सशक्त बनाने की यात्रा की शुरूआत की। कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा औपचारिक दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई, जो ज्ञान और इस परिवर्तनकारी यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है अपने प्रेरक संबोधन में, केरल पब्लिक स्कूल के निदेशक शरत चंद्रन ने एलएमएडी के मुख्य संचालक विरल मजूमदार के साथ अपने संबंध को दशार्ते हुए बचपन की एक मार्मिक याद साझा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे सम्मेलन प्रतिभागियों को अपनी क्षमता को उजागर करने और एक स्थायी प्रभाव डालने में मदद करेगा। इसके बाद एलएमएडी टीम ने एक प्रेरक गीत प्रस्तुत किया, जिसमें एकता और परिवर्तन की भावना को प्रज्वलित किया गया। एलएमएडी समन्वयक श्रद्धा अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित किया, इसके बाद केपीएस कदमा में एलएमएडी की यात्रा पर प्रकाश डालने वाली एक वीडियो प्रस्तुति दी गई। विरल मजूमदार ने प्रतिभागियों को उनके लिए प्रतीक्षारत विकास और परिवर्तन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में केपीएस स्कूलों के निदेशक शरत चंद्रन द्वारा एलएमएडी कैप्टन विरल मजूमदार को सम्मानित किया गया 15 वर्षों के प्रेरक कार्यों को प्रदर्शित करने वाले एलएमएडी ब्रोशर का अनावरण, गर्व का क्षण था। समारोह का समापन अर्शिया खान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे प्रतिभागी एक साझा उद्देश्य की भावना में एकजुट हो गए। केरल पब्लिक स्कूल कदमा सभी प्रतिभागियों के लिए इस जीवन-परिवर्तनकारी कार्यक्रम की मेजबानी करने में बहुत गर्व महसूस करता है।

### जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी में योग प्रतियोगिता का आयोजन



जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी के 2024 -2025 की श्रृंखला के तहत बिष्टुपुर कैम्पस के इन्डोर स्टेडियम में योगा की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडली में मलय कुमार डे एवं प्रज्ञा पारोमिता चक्रवर्ती उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर पदमा कुमारी द्वितीय स्थान पर नेहा कुमारी तृतीय स्थान पर खुशी कुमारी रहीं। इन छात्राओं को एनुअल स्पोट्स मीट में पुरस्कार दिया जाएगा। कुल 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया जिसमें 5 बेहतरीन प्रतिभागियों को ए आई ओ यू प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेयरमैन डॉ सनातन दीप सहित कमिटी के सदस्यों की भी अहम भूमिका रही।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अयोध्या देश ही नहीं, संपूर्ण विश्व को दिशा देगी



गोपाल शर्मा

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की घड़ी नजदीक है। भारत ही नहीं दुनियाभर के देशों में उत्साह है। उत्साह हो भी क्यों न। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर 500 वर्षों से भी ज्यादा के संघर्ष और बलिदान के बाद भगवान का मंदिर पुनः साकार रूप लेने जा रहा है। सौभाग्यशाली हैं कि यह क्षण हमारे जीवन में आया है। हम 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं। भारत के स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की तरह 22 जनवरी 2024 की तारीख पीढ़ियों के अखंड तप, त्याग और संकल्प के प्रतीक के रूप में युगों-युगों तक जाना जाएगा। प्रभु श्रीराम एक राजा या आराध्य ही नहीं, भारत की आत्मा हैं । सांस्कृतिक पहचान हैं। अस्मिता हैं।

प्रभु श्रीराम की शक्ति देखिए। इमारतें नष्ट कर दी गईं, अस्तित्व मिटाने का कुत्सित प्रयास किया गया लेकिन श्रीराम जनमानस के मन में बसे रहे। श्रीराम का जीवन चरित्र भारत ही नहीं भारत की सीमाओं को लांघकर मानवता को प्रेरणा देता है। विश्व की सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या वाले देश इंडोनेशिया के साथ कंबोडिया, ईरान, श्रीलंका, थाईलैंड आदि में भी श्रीराम और रामायण के कई रूप देखने को मिलते हैं।

रमणे कणे कणे इति श्रीरामह्व अर्थात, जो कण-कण में बसा है वही श्रीराम है। आज भी समाज जीवन का कोई ऐसा पहलू नहीं है जो श्रीराम नाम से प्रेरित न हो। श्रीराम सबके हैं, सबमें श्रीराम हैं। श्रीराम की यही सर्वव्यापकता भारत की विविधता का चरित्र दिखाती है। श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जनजातीय क्षेत्रों में खुशी और उमंग है। झारखंड के जनजातीय समाज के संत प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। जनजातीय समाज के 20 संतों को प्राण-प्रतिष्ठा में आने का निमंत्रण मिला है। वे स्वयं को परम सौभाग्यशाली मान रहा हैं कि प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उन्हें शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

असम से लेकर गुजरात और विंध्यांचल से लेकर नीलगिरि तक में रहने वाले असंख्य जनजातीय समाज जो मयादर्ा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपना प्रेरणापुंज मानता है। भगवान श्रीराम 14 साल तक वन में रहे। इस दौरान वनवासियों के अपार समर्थन के बल पर ही उन्होंने रावण पर विजय पाई। श्रीराम चाहते तो रावण से युद्ध के लिए अयोध्या और उसके आसपास मित्र राजाओं की सेना का प्रयोग कर सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं किया। भगवान श्रीराम के लिए जनजातीय समाज युद्ध लड़ा। वनवास के समय श्रीराम कोल, भील, निषाद आदि जनजातियों के संपर्क आये। मतंग ऋषि के संपर्क में भीलनी शबरी भगवान श्रीराम की भक्त बन गई। भील, सहरिया आज भी शबरी को अपना पूर्वज मानते हैं। वानर, हनुमान, बाली, सुग्रीव, जटायु, जामवंत वनवासी ही थे जिन्हें श्रीराम ने संगठित किया, सेना बनाई और रावण को समाप्त किया। इसे कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वनवासियों अथवा जनजातीय समाज के बिना श्रीराम अधूरे हैं।

मुगल आक्रांता बाबर ने 1528 में अपने सेनापति मीर बाकी को अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर को तोड़ने का आदेश दिया था। इतिहासकार कनिंघम के अनुसार, श्रीराम मंदिर को बचाने के लिए हिंदुओं ने जान की बाजी लगा दी थी। 1 लाख 74 हजार हिंदू वीरों के बलिदान के बाद ही मुगल श्रीराम मंदिर को तोड़ने में सफल हो सके। मंदिर इतना मजबूत था कि इसे तोड़ने के लिए तोपों का इस्तेमाल करना पड़ा। मंदिर को नष्ट करने के बाद जलालशाह ने हिंदुओं के खून के गारा बनाकर लखौरी ईंटों से बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया। श्रीराम मंदिर जन्म भूमि के लिए हिंदू समाज ने 78 धर्म युद्ध लड़े, जिनमें 3 लाख 50 हजार से ज्यादा हिंदू वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इतिहासकार कनिंघम अपने 'लखनऊ गजेटियर' में लिखता है कि 1,74,000 हिन्दुओं की लाशें गिर जाने के पश्चात मीर बकी अपने मंदिर ध्वस्त करने के अभियान में सफल हुआ।

साल 1885 में महंत रघुबीर दास ने फैजाबाद जिला अदालत में याचिका दायर की। इसके तहत उन्होंने श्रीराम की मूर्ति स्थापित करने की अर्जी लगाई, जो खारिज हो गई। इसके बाद 23 दिसंबर साल 1949 को विवादित ढांचे में श्रीरामलला की मूर्ति मिली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि श्रीराम प्रकट हुए हैं, जबकि मुस्लिमों ने आरोप लगाया था कि किसी ने रातों-रात मूर्तियां रख दीं। इसके बाद इसे विवादित ढांचा मानकर ताला लगवा दिया गया था। वर्ष 1950 में फैजाबाद सिविल कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गईं। पहली याचिका में गोपाल सिंह विशारद ने पूजा के अधिकार को लेकर अर्जी दाखिल की, तो दूसरी याचिका में विवादित ढांचे में भगवान श्रीराम की मूर्ति रखे रहने की इजाजत मांगी। साल 1959 में निमोर्ही अखाड़ा ने तीसरी याचिका दाखिल कर श्रीरामलला स्थल का अधिकार मांगा। 1986 में कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि हिन्दू श्रद्धालुओं के लिए जगह खोली जाए। यूसी पांडे की याचिका पर जिला जज केएम पांडे ने आदेश दिया। इसके बाद विवादित ढांचे का ताला खोला गया और श्रद्धालुओं को पूजा करने की इजाजत दे दी गई। 1989 में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में श्रीराम जन्म भूमि का शिलान्यास हुआ। अनुसूचित समाज के नेता कामेश्वर चौपाल के हाथों श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखी गई।

30 अक्टूबर 1990 को हजारों श्रीराम भक्तों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव द्वारा खड़ी की गई तमाम बाधाओं को पार कर अयोध्या में प्रवेश किया और विवादित ढांचे के ऊपर भगवा ध्वज फहरा दिया। लेकिन 2 नवंबर 1990 को मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया, जिसमें सैकड़ों श्रीरामभक्तों ने अपने जीवन की आहुति दीं। कोठारी बंधुओं के बलिदान को कौन भूल सकता है। इसके बाद छह दिसंबर 1992 में कारसेवकों ने विवादित ढांचे को को गिरा दिया।

अदालत में श्रीराम मंदिर पर हिन्दू पक्ष को पहली सफलता 2010 में मिली। हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने फैसला सुनाते हुए विवादित जमीन को तीन हिस्सों सुन्नी वक्फ बोर्ड, निमोर्ही अखाड़ा और श्रीरामलाला के बीच बांट दिया। लेकिन फैसला मंजूर नहीं था, फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अंततः वो दिन आ गया। नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरी विवादित जगह को श्रीरामलला को सौंपने का आदेश दिया। पांच जजों की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया और विवादित जमीन हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मंदिर के निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया। इसके बाद भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण- प्रतिष्ठा के साथ ही देश का गौरव और पहचान वापस लौट रही है। श्रीराम प्राचीनता और आधुनिकता के समागम हैं। श्रीराम न सिर्फ भारत के अतीत हैं बल्कि वर्तमान और भविष्य भी हैं। मयादर्ा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भारत की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान हैं। लौकिक धरातल पर रहकर भगवान श्रीराम ने धर्म एवं मयादर्ा का पालन, असत्य से सत्य की ओर, अधर्म से धर्म की ओर तथा अन्याय से न्याय की ओर चलने की प्रेरणा दी। कर्तव्य की वेदी पर स्वयं चढ़कर अपने व्यक्तिगत सुख-प्रलोभनों की आहुति प्रभु श्रीराम के जीवन की कहानी का सार है। आज के भारत का मन अयोध्यामय हो चुका है। एक तरफ प्रगति का उत्सव है तो दूसरी तरफ परंपरा का उत्साह भी है। विकास की भव्यता और विरासत की दिव्यता भी दिखाई दे रही है। विकास और विरासत की संयुक्त शक्ति से 21वीं सदी में भारत विश्वगुरु के पद पर पुनर्प्रतिष्ठित होगा। अयोध्या देश ही नहीं संपूर्ण विश्व को दिशा देगी।

(लेखक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झारखंड के प्रांत प्रचारक हैं।)

# एक महान योद्धा और धर्मात्मा



एमके सिन्हा।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के दौरान अद्वितीय साहस, उद्दीपन और सच्चे धर्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध हुए हैं। वे सिख धर्म के दसवें गुरु थे और उनका योगदान भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण योगदान के रूप में जाना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के दौरान वीरता, धर्म रक्षा, और साहस की भावना को बढ़ावा दिया और उन्होंने सिखों को एक सशक्त और स्वतंत्र समाज की ओर मुख करने के लिए प्रेरित किया।

गुरु गोबिंद सिंह का जन्म सन् 1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उनके पिता का नाम गुरु तेग बहादुर था, जो अपने पूर्वजों के लिए धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा करने में जाने जाते थे। गुरु गोबिं सिंह का बचपन और युवावस्था उनके पिता गुरु तेग बहादुर जी के संग में बिता। उन्होंने अपने पिता की शिक्षा का पालन करते हुए बहादुरशाह के खिलाफ उनके अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा होने का भी सामना किया।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पिता की शिक्षा और मार्गदर्शन में अपनी प्रबल प्रतिबद्धता के बावजूद भी, उनके पिता की शहादत के बाद सिख धर्म के गुरु बने। वे बहुत बुद्धिमान, योद्धा और धार्मिक व्यक्ति थे, और उनका मुख्य उद्देश्य सिख समुदाय को सशक्त और स्वतंत्र बनाना था।

गुरु गोबिंद सिंह ने सिख धर्म के दसवें गुरु के रूप में 1675 में अपनी पधारा ली। उन्होंने अपने पिता के उदार और साहसी आचरण का आदान-प्रदान करते हुए अपने अनुयायियों को भी उननति और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में एक सच्चे नेता की भूमिका निभाई, और उन्होंने सिख समुदाय को साहस, उत्साह, और एकता के साथ समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन किया। उनका संदेश था कि सिख धर्म के अनुयायियों को समृद्धि और सुख भरा जीवन जीने का हक है और उन्हें अपने धर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए।

गुरु गोबिंद सिंह का एक अद्वितीय और इतिहासपूर्ण क्षण है खालसा पंथ की स्थापना। 1699 में, उन्होंने अनंगपूर साहिब में आयोजित एक समागम में पांच सिख योधाओं को खालसा पंथ में शामिल करने के लिए बुलाया और उन्हें अमृत दान किया। इसके बाद, उन्होंने सिख समुदाय को एक मजबूत और संघटित सेना बनाने का प्रेरणा दिया, जिसे उन्होंने 'खालसा' कहा। गुरु गोबिं सिंह ने यहां तक कहा कि खालसा सेना का एक अब्बूल बक्र (अलगाव) और एक बीर (बहादुर) होना चाहिए, जो धर्म रक्षा के लिए सदैव तैयार रहे।

गुरु गोबिंद सिंह का यह निर्णय एक महत्वपूर्ण परिवर्तन था जो सिख समुदाय को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। खालसा सेना ने उस समय के राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का सामना करने में सिख समुदाय को साहस और उत्साह का सामर्थ्य प्रदान किया और उन्हें अपने धर्म के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ जीने का साहस दिया।

खालसा पंथ की स्थापनाः

1699 में वैसाखी के पावन पर्व पर गुरु गोबिंद सिंह जी ने पंज प्यारे - दया राम, धर्म दास, हिरा सिंह, मोहकम सिंह और साहिब राम को अमृत छकाकर खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने पांचों प्यारे को केश, कंघा, कच्छा, करा और कृपाण धारण करने का आदेश दिया और उन्हें ₹सिंह₹ की उपाधि प्रदान की। इस प्रकार खालसा पंथ ने जन्म लिया, जो निडरता, बलिदान, भाईचारे और ईश्वर भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित था।

वीरता के किस्सेः

गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन वीरता के गाथागीतों से भरा पड़ा है। मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचार के खिलाफ उन्होंने कई युद्ध लड़े। आनंदपुर की दूसरी लड़ाई में चारों साहिबजादों (अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह) का बलिदान सिख इतिहास का सबसे मार्मिक अध्याय है। वहीं चमकौर की लड़ाई में गुरु जी स्वयं मैदान में उतरे और शौर्य का प्रदर्शन किया। ये युद्ध भले ही हार मिली, लेकिन गुरु जी का दृढ़ संकल्प और मुगलों के अत्याचार के खिलाफ विद्रोह का भाव अमर हो गया।

गुरु जी की कविता और लेखनः

गुरु गोबिंद सिंह जी न केवल एक योद्धा थे, बल्कि एक महान कवि और लेखक भी थे। उन्होंने दशम ग्रंथ की रचना की, जिसमें उनके भजन, कविता, युद्ध वर्णन और उपदेश शामिल हैं। उनका लेखन शक्ति, भक्ति और नैतिकता का सम्मिश्रण है। ₹जफरनामा₹ नामक पत्र, जो उन्होंने औरंगजेब को लिखा था, साहित्य जगत में अद्वितीय रचना है, जिसमें शौर्य और नैतिकता की गजब मिसाल पेश की गई है।

एक समाज सुधारक के रूप में:

गुरु गोबिंद सिंह जी ने समाज सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जाति-पात के भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया और महिलाओं को समान अधिकार दिए। उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया और विधवाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया। शिक्षा पर भी उन्होंने बल दिया और गुरुद्वारों को शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित किया।

गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन में योद्धा के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने समय के सबसे शक्तिशाली राजा और सेनापति के रूप में कार्य किया और उन्होंने अपनी योद्धा रूप से देश की सुरक्षा के लिए अपनी शक्ति का उपयोग किया।

गुरु गोबिंद सिंह का एक और महत्वपूर्ण पहलु था उनका साहित्यिक योगदान। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया और उसे सिख समुदाय के लिए सच्चे धर्म का स्रोत बनाया। उनकी रचनाएं भागवत धर्म, शस्त्र, कविता, और राजनीति पर आधारित थीं, और उन्होंने इन रचनाओं के माध्यम से लोगों को धर्म और नैतिकता की महत्वपूर्ण बातें सिखाई।

गुरु गोबिंद सिंह की महानता उनके आदर्शवाद, धर्मरक्षा, साहस और एकता के सिद्धांतों में छिपी है। उन्होंने अपने जीवन के दौरान अपने अनुयायियों को एक सकारात्मक और समृद्धि भरा जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

# आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अदभुत संगम


## महाकुंभ-2025

धीरज बसाक

आगामी 14 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक प्रयागराज में आयोजित होने वाला महाकुंभ सिर्फ आस्था और श्रद्धा के पैमाने पर ही विराट नहीं होगा बल्कि सुविधाओं और सहूलियतों के स्तर पर भी बेहद भव्य और दिव्य होगा। पहली बार इस बार महाकुंभ में श्रद्धालुओं को एम्बुलेंस की सेवा मुफ्त मिलेगी। इस बार सुविधाओं के विस्तार के तौर पर जगह-जगह पर इलेक्ट्रिक रिक्शा श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए उपलब्ध होंगे। मेला क्षेत्र में बृहद सफाई अभियान चलाये जाने की व्यवस्था है, जिसमें 15,000 से ज्यादा स्वयंसेवक शामिल होंगे और नियमित रूप से सफाई करने वाले लोग अलग से होंगे। इस बार सुरक्षा की व्यवस्था एक साथ कई स्तरों पर उपलब्ध होगी। क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्थ डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी का व्यापक नेटवर्क मौजूद रहेगा और सभी क्षेत्रों से कुंभ परिक्षेत्र में प्रवेशद्वार पर एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगाया जायेगा, जिसके सभी सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएंगे।

प्रयागराज में यूपी पुलिस के साथ इस बार रेलवे सुरक्षा बल भी बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए एक व्यापक नेटवर्क के साथ मौजूद होगा। कुंभ क्षेत्र में किराएदारों, रेस्टोरेंट कर्मियों और ई-रिक्शा चालकों का बहुत सघन वेरीफिकेशन होगा। कुल मिलाकर महाकुंभ 2025 एक बेहद आधुनिक और स्मार्ट आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार मिलकर इस आयोजन को एक साथ भव्य और स्मार्ट बनाने का कोई प्रयास नहीं छोड़ेंगी। उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ 2025 के पहले राज्य के सभी 18 प्रशासनिक प्रभागों में कुंभ शिखर सम्मेलन का आयोजन 14-15 अक्तूबर, 2024 से शुरू कर चुकी है। इस वृहद सांस्कृतिक अभियान में 12,600 से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे। इनमें स्थानीय कलाकार और स्कूली बच्चे भी होंगे। वास्तव में ये महाकुंभ के शुरू होने के पहले आध्यात्मिक माहौल बनाने की कोशिश होगी। इससे न केवल देश बल्कि विदेश तक के श्रद्धालुओं में कुंभ में शिरकत करने के लिए इच्छा जागृत होगी।

इस बार के महाकुंभ में योगी सरकार 10 लाख से ज्यादा विदेशी श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद करती है। कुंभ आयोजन पूरे प्रदेश में माहौल बनाने के लिए जो रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, उनका समापन 14 दिसंबर, 2024 को प्रयागराज में होगा। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक अकादमियों द्वारा संयोजित या संरक्षित होंगे। इसके अलावा इस बार त्रिवेणी में जो कुंभ मेला आयोजित होगा,




उसमें पश्चिम बंगाल की परंपरा का भी लाभ लिया जायेगा। महाकुंभ कार्यक्रम बेहद भव्य और स्मार्ट हो, इसके लिए यूपी सरकार ने अभी से ही पूरे प्रदेश में खास तौर पर सभी महत्वपूर्ण शहरों में इसके लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगा दिए हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां मंडल स्तर पर सौंप दी गई हैं। आगामी महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से प्रयागराज तक आसानी से पहुंचने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। रास्तेभर में ऐसा माहौल निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद मिले बल्कि उन्हें आधुनिक तरह की सारी सुविधाएं भी हासिल हों।

उ.प्र. के सभी शहरों से प्रयागराज को जोड़ने वाली सड़कों को आधुनिक और सुविधाजनक बनाया जा रहा है, जहां सड़कें संकरी हैं, उन्हें चौड़ा किया जा रहा है। हर 20 किलोमीटर के बाद पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कों पर महाकुंभ 2025 से संबंधित डिजिटल साइन बोर्ड लगाये जा रहे हैं। सारी व्यवस्था इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर की जा रही है कि यह अब तक का सबसे यादगार महाकुंभ आयोजन हो। आगामी महाकुंभ में पिछली बार के मुकाबले 20 लाख से ज्यादा भारतीय श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए प्रयागराज को जोड़ने वाले सात प्रमुख मार्गों को विशेष रूप से चिन्हित किया है ताकि इन मार्गों में यातायात की सुगम व्यवस्था रहे। इसलिए इन सभी सात मार्गों पर एकल मार्ग यानी वन-वे की व्यवस्था लागू की जायेगी ताकि कुंभ मेले के दौरान कहीं पर भी जाम की समस्या न रहे। प्रयागराज के इर्दगिर्द महाकुंभ के दौरान 101 पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 5 लाख से ज्यादा वाहन खड़े करने की व्यवस्था होगी। इस बार महाकुंभ में भीड़ को नियंत्रित करने की बेहद आधुनिक और स्मार्ट व्यवस्था होगी। महाकुंभ के विशाल क्षेत्र को 10 जोन को 30 पांटून पुलों से जोड़ा जायेगा। इस तरह आगामी महाकुंभ 2025 अपनी तरह का भव्य और दिव्य आयोजन होगा।

# प्रकृति से सामंजस्य का सांस्कृतिक उत्सव

## बूढ़ी दिवाली एक दिसंबर


बृज मोहन तिवारी

पूरे देश में उजाले के पर्व दिवाली को मनाने के एक माह बाद उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र में इस पर्व का उत्सव, खास तरीके से मनाया जाता है। इसे ह्यबूढ़ी दिवालीह्ल के नाम से जाना जाता है। यह महज त्योहार नहीं, बल्कि जौनसार-बावर के लोक जीवन, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस वर्ष, बूढ़ी दिवाली एक दिसंबर को मनाई जाएगी। उत्तराखंड के कई हिस्सों में इसे भैला कहा जाता है। मिठाइयों की जगह स्थानीय पकवान, मोसूवा, बावर व मूड़ी बनाए जाते हैं।

बूढ़ी दिवाली का त्यौहार मुख्य दिवाली के एक महीने बाद मनाने की विशिष्ट परंपरा जौनसार-बावर क्षेत्र की विशिष्टता लिये हुए है। इसके आयोजन में कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। मान्यता के अनुसार, जब भगवान श्रीराम अयोध्या लौटे, तो उनके आगमन का समाचार इस दूरवर्ती क्षेत्र में एक महीने बाद पहुंचा, जिसके कारण यहां के लोग दिवाली एक महीने बाद मनाने लगे। वहीं, एक और व्यावहारिक कारण यह है कि जौनसार-बावर एक कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां मुख्य दिवाली के समय किसान अपनी फसल की कटाई में व्यस्त रहते हैं। फसल कटाई के बाद, लोग इस पर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

प्राकृतिक अनुकूल लोक संस्कृति

बूढ़ी दिवाली की सबसे खास बात यह है कि यह पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देती है। मुख्य दिवाली पर जहां पटाखों और ध्वनि प्रदूषण का बोलबाला होता है, वहीं यहां पर लोग पारंपरिक और इको-फ्रेंडली तरीके से इस पर्व को मनाते हैं। इस दिन, ग्रामीण चीड़ या भीमल की लकड़ियों से बने गट्ठर जलाकर, ढोल-



दमाऊं की थाप पर लोक नृत्य करते हैं। ये लकड़ियां ह्यहौलेह्ल या ह्यभैलाह्ल के नाम से जानी जाती हैं, जिन्हें जलाकर और करतब दिखाकर उत्सव मनाया जाता है। इन नृत्यों में मुख्य रूप से रासो तांदी, झैंता और हारुल जैसे पारंपरिक लोक नृत्य शामिल होते हैं।

संस्कृति आयोजन

बूढ़ी दिवाली का उत्सव पूरी तरह से जौनसारी लोक संस्कृति से जुड़ा होता है। इस दिन गांव के लोग पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पंचायती आंगन में इकट्ठा होते हैं। समूह में लोग हाथ में तलवार लिये खास पहनावे के साथ नृत्य करते हैं। इस दौरान, विशेष रूप से हिरण नृत्य और हाथी नृत्य जैसे प्रदर्शन होते हैं।

काठ के हाथी को वस्त्रों और आभूषणों से पारंपरिक रूप से सजाया जाता है। इस काठ के हाथी को कुछ लोग कंधों पर उठाते हैं। हाथी के ऊपर बैठने वाला व्यक्ति गांव का मुखिया या वरिष्ठ नागरिक होता है। जौनसार के कोरूवा गांव में तो काठ के हिरण का नृत्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनता है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग वहां पहुंचते हैं। बूढ़ी दिवाली के दौरान, रस्साकशी, होलियात नृत्य और अखरोट वितरण जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। इन सभी आयोजनों का उद्देश्य न केवल लोक संस्कृति को जीवित रखना है, बल्कि ग्रामीणों के बीच सामूहिकता और एकता की भावना को भी बढ़ावा देना है।

पर्यटकों का आकर्षण

बूढ़ी दिवाली के दौरान जौनसार-बावर क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहता है। यहां आने वाले पर्यटक इस अनूठे पर्व का हिस्सा बनते हैं और जौनसार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ते हैं। पंचायती आंगन में जलती मशालों और लोक संगीत के बीच नाचते-गाते लोग इस दिवाली को अविस्मरणीय बना देते हैं। इस दौरान, स्थानीय लोग महासू देवता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र की बूढ़ी दिवाली न केवल एक पर्व है, बल्कि यह इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर, सामूहिकता और प्रकृति के प्रति प्रेम का प्रतीक है।

## गढ़वा ने देखी गजब की आतिशबाजी, पटाखों से घंटों गूंजता रहा शहर

# हेमंत सरकार बनने पर निकला विजय जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता


विजय जुलूस में शामिल लोग।


आतिशबाजी करते लोग।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय में शुक्रवार की शाम आतिशबाजी का गजब नजारा देखने को मिला। पटाखों से घंटों तक पूरा शहर गूंजता रहा। पटाखों की गूंज कई किलोमीटर तक सुनाई पड़ पड़ रहे थे। मौका था इंडिया गठबंधन के विजय जुलूस का। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने गढ़वा में भव्य विजय जुलूस निकाला। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई, खूब अबीर गुलाल उड़े एवं मिठाइयां बांटी गई। इस विजय जुलूस में कार्यकर्ता एवं समर्थकों की सैलाब उमड़ पड़ी।

शुक्रवार की संध्या करीब 4 बजे गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान (टाउन हॉल) से विजय जुलूस की शुरूआत की गई। यह विजय जुलूस कचहरी रोड प्रखंड कार्यालय के सामने से होते हुए हॉस्पिटल चौक, चिनियां मोड़, रंका मोड़, मेन रोड होते हुए मझिआंव मोड़ तक गई। जुलूस के दौरान पूरे रास्ते पटाखे फूटते रहे। हेमंत सोरेन, इंडिया गठबंधन, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। जबकि रंका मोड़ घंटाघर चौक के समीप लगभग एक घंटे तक जबरदस्त आतिशबाजी की गई। जिसने भी आतिशबाजी देखी उनके मुंह से यही निकला कि ऐसी आतिशबाजी गढ़वा में कभी नहीं देखी। राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने खूब जश्न मनाया। इस विजय जुलूस में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद, भाकपा माले आदि सभी गठबंधन दल के नेता एवं कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। साथ ही काफी संख्या में शहर वासियों ने भी आतिशबाजी का लुत्फ उठाया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, अरविंद यादव, छन्नू कुरैशी, नवीन तिवारी, आशीष अग्रवाल, संजय भगत, सद्दू, चंदन पासवान सहित काफी संख्या में इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## असर 2024 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न


मौके पर उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के आरकेवीएस संस्थान में झारखंड शाखा द्वारा संचालित असर 2024 के तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी छात्रों को एक टोली बनाकर चेतना, फरठिया, नकदारवा, उरसुगी गांव में भेजा गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों राजन चौबे, सतीश तिवारी, रितेश कुमार, प्रवीण दुबे, रंजना कुमारी और आनंद मिश्रा के नेतृत्व में महाविद्यालय के बस द्वारा उनके गंतव्य स्थान पर ले जाया गया। महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् इंजीनियर अलखनाथ पांडेय ने सभी छात्रों को संबोधित किया और अच्छे से सर्वेक्षण करने का गुर भी सिखाए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपने मिशन में कामयाब हो। किसी भी तरह की परेशानी हो तो महाविद्यालय से तुरंत संपर्क स्थापित करें। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूरे लगन से सर्वेक्षण कार्य करने की बात कही जिससे कि सही सर्वेक्षण हो सके। कार्यक्रम में शैक्षणिक समन्वयक सह नोडल अधिकारी, प्रोग्राम मैनेजर कमल मिश्रा भी उपस्थित थे।

## बेरोजगार युवाओं को एसआईएस देगा स्थाई रोजगार

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते ग्रुप कमान्डेंट।

**गढ़वा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक बहाली कैंप लगाया जाएगा। जिसमें गढ़वा जिला के शहरी एवं ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को एसआईएस लिमिटेड द्वारा बहाली कर चयनित किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए ग्रुप कमान्डेंट रमेश कुमार जायसवाल ने बताया कि उक्त बहाली प्रक्रिया में जवानों की शारीरिक जांच की जाएगी एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को सेन्ट्रल ट्रेनिंग एकेडमी अनुशासनपुरम गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन किया जायेगा। तत्पश्चात उनको एक मास का भोजन, आवासन और कीट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अंतर्गत पीटी, ड्रील, थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही एसआईएस लिमिटेड के 4500 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी।

उन्होंने बताया की भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास या फेल, उम्र 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए और लंबाई कम से कम 167.5 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जायेगा, राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अन्तर्गत अन्य भत्ता योग्यतानुसार, पीएफ, सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, गेच्यूटी, ईएसआई, ग्रुप इन्श्योरेंस, मेडिकल, आवास व मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानान्तरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है।

### एक नजर में

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 35 मोबाइल धारकों को मिला मोबाइल



**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन वापस लौटाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान ला रहा है। भागलपुर पुलिस ने साल 2023 से अब तक ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी और खोये हुए करोड़ों रुपए के मोबाइल फोन उसके वास्तविक मोबाइल धारक को वापस लौटा चुकी है। शुक्रवार को भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने 35 लोगों के खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन वापस किए। फोन वापस मिलने से लोगों के चेहरे खिल उठे और भागलपुर पुलिस को उन्होंने धन्यवाद दिया।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**नालन्दा/बिहारशरीफ।** नालन्दा जिलान्तर्गत बिंद थानाक्षेत्र के अमावां गांव में शुक्रवार की सुबह सर्पदंश से एकयुवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अमावां गांव निवासी छोटे यादव का 22 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि उक्त युवक धान की कटाई करने खेत की ओर गया था जहां सुबह में सर्पदंश का शिकार हो गया। घटनाक्रम की जानकारी मृतक के परिजन को दी गयी तो परिजनों ने उसे तांत्रिक के पास झाड़फूंक के लिए ले गया, जब स्थिति बिगड़ने लगी तो अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनाक्रम की सूचना बिंद थानाध्यक्ष रोशन कुमार को दी गयी। पुलिस घटनास्थल पर जाकर घटना का जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदरअस्पतालबिहारशरीफ भेज दिया है।

### खदान से युवक का शव बरामद



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सेल के बंद घाघरा लाइम स्टोन खदान में शुक्रवार की सुबह टाउनशिप झोपड़ी पटी के 15 वर्षीय युवक आजाद भुइंया पिता महेंद्र भुइया का शव पाया गया। इसकी सूचना मिलने पर थाना के एसआई नारायण शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के पिता शंकर भुइंया ने बताया कि गुरुवार को झोपडी पटी के ही चार युवक अकास कुमार पिता शंकर भुइंया, सुरेंद्र कुमार पिता प्रसाद भुइंया, विक्की कुमार पिता रमेश भूईया शराब पीने के बाद बंद घाघरा खदान में चिड़िया मारने गए थे। अंधेरा होने के कारण विक्की और मृतक आजाद एक साथ थे। पानी पार करने के बीच आजाद अचानक पानी में डूब गया। महेंद्र ने आशंका व्यक्त किया कि मेरे पुत्र की हत्या कर शव को पानी में डाला गया है। पुलिस ने तीनो युवकों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## स्पीड न्यूज

### पश्चिम चंपारण: सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत, एक घायल

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज–गौनाहा मुख्य पथ पर सिसवा गांव के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में दो भाईयों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सिसवा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इनमें से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई जबकि तीसरा जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को तत्काल मेडिकल अस्पताल बेतिया भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान मैनाटांड़ थाने के सुखलही अहिरवलिया वार्ड 12 निवासी किशोर राम का बेटा चौधरी राम उर्फ धनंजय राम (19) तथा शर्मा राम का बेटा गोलू राम उर्फ अजय कुमार (18) के रूप में की गई है।

### पचास हजार रुपए का इनामी अपराधी मुकेश यादव को गिरफ्तार

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के नवगछिया नदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने आज पचास हजार रुपए का इनामी अपराधी मुकेश यादव को गिरफ्तार किया। नवगछिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश ने शुक्रवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के दियारा में एक ठिकाने पर कुख्यात अपराधी शबनम यादव गिरोह के कुछ लोगो के द्वारा एक बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी की सूचना पर पुलिस की विशेष टीम ने उक्त ठिकाने पर छापा मारा। जहां मुकेश यादव को दबोच लिया गया।

## मतदान केंद्र पर बवाल लोजपा के जिला अध्यक्ष सहित तीन गिरफ्तार

एजेंसी



**नवादा।** नवादा जिले के आती गांव के बुथ पर पैक्स चुनाव के दौरान शुक्रवार को बवाल हो गया है। जिसमें पुलिस ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि मनोज कुमार के द्वारा वोटिंग के दौरान गलत तरीका से वोटिंग करवाने की कोशिश की गई। जिसके कारण ही यहां पर माहौल बिगड़ गया था। जानकारी मिलते ही तमाम पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर तुरंत ही मामला को शांत करवा दिया है और माहौल बिगड़ने की आरोप में रामविलास लोजपा के जिला अध्यक्ष सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर कादिरगंज के थाना में रखा गया है।

बता दें कि जिला प्रशासन की ओर से शांति मैं पूरी तरह मतदान कराया जा रहा है। गांव के स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि किसी व्यक्ति की पहचान पत्र में फोटो और पिता का नाम नहीं मिल रहा था और इसी को लेकर बवाल हुआ और फिर पुलिस के द्वारा इस पूरे मामला में एक्शन ली गई और मामला को शांत किया गया है। हालांकि स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि कादिरगंज थाना को फोन किया गया था लेकिन उनके द्वारा समय पर फोन नहीं उठाया गया और वरीय अधिकारी ने इस मामला को संज्ञान लिया और मामला को शांत कराया है। जब इस मामले पर कादिरगंज थाना प्रभारी के हमने जानने की यह कोशिश की गई कि आपके क्षेत्र में क्या हुआ है तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई जानकारी नहीं दिया गया है।

## भवनाथपुर में दो युवकों की मौत


जांच करती पुलिस।

**भवनाथपुर।** क्षेत्र में बीती रात हुई दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डाल दिया है। घटना में दो युवकों की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार अनिल मुसहर जहां पेड़ से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरा टाउनशिप झोपड़ी पटी के आजाद भुईयां का पानी में डूबने से अपनी जान गंवा बैठा। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने इस त्रासदी पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। उन्होंने दिवंगत युवकों के परिवारजनों के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट करते हुए इस कठिन समय में धैर्य रखने की अपील की। साथ ही प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है, और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

### औद्योगिक कॉरिडोर से गया की सूरत बदलेगी : मांझी



**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के विकास कार्यो की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि बिहार के गया में औद्योगिक कॉरिडोर के बन जाने से गया की तस्वीर बदल जाएगी।

श्री मांझी ने गोदावरी मोहल्ला स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कहा था कि हमारी कड़ाही खाली है, जिसके बाद उन्होंने हमारी कड़ाही को भर दिया। उन्होंने कहा कि अमृतसर–कोलकाता सड़क मार्ग बन रहा है। गया से दरभंगा तक सड़क बन रही है। गया को इंडस्ट्रियल एरिया भी घोषित किया गया है। सड़क मार्ग बनने से गया का चहुंमुखी विकास होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जल्द ही गया में मेट्रो का काम शुरू होगा, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने फल्गु नदी में जलस्तर को लेकर कहा कि फल्गु नदी में और ज्यादा पानी आए और आसपास की भूमि सिंचित हो, इसके लिए सोन नदी के पानी को लाया जाएगा। फल्गु नदी में सालों भर पानी रहेगा और इसका लाभ यहां के लोगों को मिलेगा।

### महिला सशक्तिकरण का परिणाम न्यायिक सेवा परीक्षा में बेटियों ने लहराया परचम : अंजुम

पटना ,29 नवंबर (वार्ता) जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रवक्ता अंजुम आरा ने न्यायिक सेवाओं में बेटियों की बेहतरीन सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच को दिया है।

जदयू प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल 2005 में बिहार की सत्ता संभालते ही महिला सशक्तिकरण को अपनी सरकार की पहली प्राथमिकताओं में शामिल किया और आज इसी का परिणाम है कि शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बेटियां सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने बेटियों की जिन क्षमताओं पर भरोसा जताया था उस भरोसे को बेटियों ने न्यायिक सेवा में शीर्ष 10 में नौ स्थानों पर सफलता हासिल कर कायम रखने का काम किया है। इस दौरान पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने न्यायिक सेवा में सफल हुई बेटियों को जनता दल यूनाईटेड परिवार की तरफ से शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में चयनित प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना



**समस्तीपुर।** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु समस्तीपुर जिला से जिला स्तरीय युवा महोत्सव में चयनित प्रतिभागियों को हरी झंडी देकर समाहरणालय परिसर से जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने लखीसराय जिला के लिए आज रवाना किया। समस्तीपुर जिला से समूह लोक नृत्य में पुरुष वर्ग में एक एवं महिला वर्ग में 13, चित्रकार में महिला वर्ग में एक, वक्तृता में महिला वर्ग में एक, छायाचित्र में पुरुष वर्ग में एक, लघु नाटक में पुरुष वर्ग में 9 तथा महिला वर्ग में दो ,शास्त्रीय गायन में पुरुष वर्ग में एक ,शास्त्रीय नृत्य में पुरुष वर्ग में एक, शास्त्रीय वादन में पुरुष वर्ग में तीन तथा महिला वर्ग में एक, ज्ञान मेला में पुरुष वर्ग में चार महिला वर्ग में दो तथा एक दल प्रभारी पुरुष और एक दल प्रभारी महिला। इस प्रकार कुल पुरुष वर्ग मे 21 तथा महिला वर्ग में 25 कुल 46 प्रतिभागियों को लखीसराय में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समस्तीपुर रजनीश कुमार राय, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सेनानी राम लखन सिंह की पुण्य तिथि पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पूज्य पिता अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व कविराज रामलखन सिंह की पुण्य तिथि पर अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपनी माताश्री स्व परमेश्वरी देवी एवं धर्मपत्नी स्व मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार सहित मुख्यमंत्री के परिवार के अन्य सदस्यों तथा निकट संबंधियों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व कविराज रामलखन सिंह, स्व परमेश्वरी देवी एवं स्व मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री मो जमा खान, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक ई सुनील कुमार सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं परिजनों ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व० कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया।

### रामेश्वर महतो ने जदयू से दिया इस्तीफा

पटना 29 नवंबर (वार्ता) बिहार से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर महतो ने आज जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। श्री महतो ने शुक्रवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जदयू से इस्तीफा दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेजे गए इस्तीफा की प्रति भी मीडिया को उपलब्ध कराई।

### दरभंगा : जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी निलंबित

दरभंगा 29 नवंबर (वार्ता) बिहार में दरभंगा जिले के शिक्षा विभाग के दो वरीय पदाधिकारियों को वित्तीय अनियमितता करने एवं कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देश पर बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने दरभंगा के जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा रवि कुमार को वित्तीय अनियमितता करने, सामानों के खरीद में रिश्वत लेने एवं कर्तव्य में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप में गुरुवार को निलंबित कर दिया है एवं निलंबन अवधि में दोनों अधिकारियों का मुख्यालय जन शिक्षा निदेशालय, विकास भवन, नया सचिवालय पटना में निर्धारित किया गया है।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में विपक्ष के हंगामे से विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

**पटना।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के विरोध में आज जबरदस्त हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा में शुक्रवार को भोजनावकाश के पहले की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस सदस्य अजीत शर्मा ने अपने अल्पसूचित प्रश्न के पूरक प्रश्न के माध्यम से स्मार्ट प्रीपेड मीटर और इसकी बिलिंग प्रक्रिया में विसंगतियों का मुद्दा उठाया और इसे एक बड़ा घोटाला बताया।

# सीतामढ़ी के कुख्यात गैंगस्टर सरोज राय को पुलिस ने मार गिराया

**एके-56 जैसे अत्याधुनिक हथियार सरोज राय के पास से हुए थे बरामद**

एजेंसी

**पटना।** बिहार में सीतामढ़ी जिले के दो लाख के इनामी सरोज राय की बीते देर शाम गुरुवार को हरियाणा-बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने गुरुग्राम में एनकाउंटर कर मार गिराया।

सीतामढ़ी सदर डीएसपी रामकृष्णा ने आज मीडिया को बताया कि बिहार एसटीएफ और हरियाणा पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में सरोज राय मारा गया है। सरोज पर करीब 30 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे।

डीएसपी ने बताया कि जिले में रून्नीसैदपुर से जदयू विधायक पंकज कुमार मिश्रा से रंगदारी मांगने और पैसा नहीं देने पर विधायक और उनके परिवार की हत्या की धमकी सरोज राय ने दी थी। जिसके बाद से बिहार पुलिस मुख्यालय ने सरोज राय की गिरफ्तारी के लिए दो लाख रुपये का इनाम रखा था। इसके बाद सरोज राय अंडरग्राउंड चल रहा था। कुख्यात गैंगस्टर सरोज राय बिहार में सीतामढ़ी जिले के महिन्दवारा थाना अन्तर्गत बतरौली गांव से का रहने वाला था। जनवरी 2019 में सरोज के गुर्गे के पास से एके-56 जैसे घातक हथियार बरमाद किया गया था। इसी एके-56 से सरोज राय और उसके शार्गिदों ने महिन्दवारा थाना क्षेत्र के कुंडल में सड़क निर्माण कर रही कंपनी के मुंशी की गोलियो से भुनकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने एके-56 बरामद किया और सरोज राय को बिहार एसटीएफ की मदद से नागालैंड भागने के दौरान पुर्णिया से गिरफ्तार किया था। सीतामढ़ी के अलग-अलग थानों में सरोज राय के खिलाफ 30 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें विधायक समेत कई लोगों से रंगदारी मांगने का आरोप भी था। सरोज राय कई संगीन अपराध कर चुका था। सरोज सीतामढ़ी के व्यापारी यतींद्र खेतान को भी साल 2014 में मौत के घाट उतार चुका।



सरोज राय ने रंगदारी न देने वाले करीब 6 लोगों को मार दिया था। पुलिस को करीब 10 साल से सरोज राय की तलाश थी। उस पर पहले 50 हजार का इनाम रखा गया, जिसे बाद में बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। उससे ताल्लुक रखने वाले बदमाशों को लगातार पकड़ कर उससे पूछताछ की जा रही थी। बिहार एसटीएफ भी इस मामले में सरोज राय की तलाश कर रही थी। पुलिस मुख्यालय की ओर से सरोज राय की जानकारी देने वाले को बिहार पुलिस की ओर से दो लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई थी।

स्पीड न्यूज

## पवन सिंह का गाना आहो राजा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का नया गाना आहो राजा रिलीज हो गया है। गाना आहो राजा वेब म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है और चंद घंटों में लाखों व्यूज हासिल कर चुका है। गाने में दर्शन बनिक के साथ पवन सिंह की ऑन स्क्रीन केमेस्ट्री भी कमाल की है।

## संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में शुक्रवार को भी हंगामा जारी रहा। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही थोड़े अंतराल के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष अडाणी और संभल मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रहा था। राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। सभापति ने कहा कि हमने तीन कार्य दिवस खो दिए हैं। हंगामा बढ़ता देख कार्यवाही को सदन शुरू होने के कुछ ही समय बाद सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया ।दूसरी ओर लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे और फिर बाद में दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

## दो श्रीलंकाई नावों से 500 किलो ड्रग्स जब्त

**नयी दिल्ली।** अरब सागर में मछली पकड़ने वाली दो श्रीलंकाई नावों से 500 किलो ड्रग्स बरामद करके 09 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्ती की यह कार्रवाई भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के संयुक्त अभियान में की गई है। चालक दल और जब्त नशीले पदार्थों के साथ दोनों नावों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

## ड्रग मामले में अभिनेता एजाज की पत्नी गिरफ्तार

**मुंबई।** कस्टम की टीम ने फिल्म अभिनेता एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को ड्रग मामले में उनके जोगेश्वरी स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। साथ ही कस्टम की टीम ने आवास पर कथित तौर पर विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। कस्टम सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम ने 8 अक्टूबर को एजाज खान के अंधेरी स्थित ऑफिस के कर्मचारी सूरज गौड़ को कूरियर के जरिए यूरोपीय देश से 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) मंगवाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कस्टम की टीम तब से इस मामले की गहन छानबीन कर रही थी। सूरज गौड़ से पूछताछ में पता चला कि ड्रग मामले में एक्टर एजाज खान की पत्नी भी शामिल है।

## अमृतसर में बंद पुलिस चौकी के बाहर धमाका

**चंडीगढ़।** अमृतसर में शुक्रवार की सुबह एक बंद हो चुकी पुलिस चौकी के बाहर धमाका हुआ है। इससे पहले पिछले सप्ताह ही अजनाला पुलिस थाने के बाहर से आईईडी बरामद किया गया था। सुबह करीब तीन बजे बम धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। लोग घरों से बाहर निकल आये और चारों तरफ अफरा तफरी फैल गई।

## सुकमा में 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** सुकमा जिले में एक महिला सहित तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। समर्पित महिला नक्सली पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित है। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण किया है।



## प्रधानमंत्री मोदी की पत्नी जशोदा बेन ने की महाकाल की पूजा

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन शुक्रवार कोबाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन अर्चना किया। उन्होंने भोग आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह की देहरी से पूजन कर दर्शन किए। उन्होंने कुछ देर नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया। उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी थे।

# बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के खाते फ्रीज

एजेंसी

**ढाका ।** बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने कथित तौर पर देश के बैंकों को बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है। मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने इस्कॉन बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसमें जेल में बंद इसके नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी भी शामिल हैं। देश के कई बैंकों के खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन को निलंबित करने का निर्देश दिया गया है ।दास के अलावा 16 हिंदुओं में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, विश्व कुमार सिंघा, चंदिदास बाला, जयदेव करमाकर, लिपि रानी करमाकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और साजल दास शामिल हैं।

**सरकार ने जेल में बंद चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के कई बैंकों में लेन-देन पर लगायी रोक**



## अल्पसंख्यकों की सुरक्षा दे सरकार : भारत



**नयी दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय की शुक्रवार साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर खतरों और लक्षित हमलों को लगातार और दृढ़ता से उठाया है। अंतरिम सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के खिलाफ बयानबाजी बढ़ने पर भी चिंता जाहिर की है। प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। हम बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेश में तख्ता पलट के पहले से ही अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। हाल ही में वहां हिन्दू धमार्चार्य की गिरफ्तारी भी बड़ा मुद्दा बनी थी।

# लगातार हो रही है हार से अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुटा विपक्ष

### मोदी का कांग्रेस पर हमला, कहा -जो चौकीदार 2019 में चोर था वो 2024 में ईमानदार हो गया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा में एक जनसभा में कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और देश में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में विश्वास भरा है। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ऐसे में सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले देश के खिलाफ साजिश में जुटे हैं। ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव तथा देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं। पहले ओडिशा, फिर हरियाणा और अब महाराष्ट्र। यही तो भाजपा की विशेषता है। यही तो भाजपा के कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। मोदी ने कहा कि 2019 में जो चौकीदार उनके (विपक्ष) लिए चोर था, 2024 में आते-आते वो ईमानदार हो गया और एक बार भी चौकीदार को गाली नहीं पड़ी। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर उनका कब्जा हो ताकि देश की आजादी से अब तक लूट चलाने वाले गिरोह को देश की जनता को लूटने का एक मौका मिल जाये। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहते हैं लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े पॉलिटिकल एक्सपर्ट ओडिशा में भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे। ये लोग कह रहे थे कि ओडिशा में भाजपा इतनी बड़ी ताकत बन ही नहीं सकती कि वो अपने बलबूते पर सरकार बना ले लेकिन जब परिणाम आए, तो ये लोग हैरान हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा की जनता तक अपने मन के भाव पहुंचाने में भाषा कभी रुकावट नहीं बनी। राजनीति के रंग और तरीके का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। किसी भी निर्णय को लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के लिए आंदोलन भी करते रहते हैं।

**जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा हो, लूट चलाने वाले गिरोह को देश की जनता को लूटने का एक मौका मिल जाए**



### जो सत्ता को जन्मसिद्ध अधिकार मानते थे, अब उनके पास सत्ता नहीं

जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। अब पहले दिन से देश की जनता किसी और को आशीर्वाद दे, इसका गुस्सा उन्हें देश की जनता पर भी है। इस स्थिति ने उनके अंदर इतना गुस्सा भर दिया है कि वो देश के खिलाफ साजिश करने में जुटे हैं। ये लोग अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं। मोदी ने कहा कि देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए उन्होंने (विपक्ष ने) लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। लोकतंत्र के प्रति समर्पित हर कार्यकर्ता का आह्वान करते हुए कहा कि हमें हर पल सतर्क रहना है और हर झूठ को बेनकाब करना है।

# हार से हताश होने की बजाए नये संकल्प के साथ आगे बढ़ें : खड़गे

### कांग्रेस अध्यक्ष बोले, जमीनी स्तर पर संगठन में बदलाव की जरूरत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्साह भरे नतीजों को हासिल करने के बाद विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी को धक्का लगा है, लेकिन इससे हताश होने की बजाय कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को पराजय से हताश होने की जरूरत नहीं है बल्कि नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से काम करते हुए समय के अनुसार बदलाव लाने की जरूरत है। पार्टी ने पहले भी चुनौतियों पर विजय पाई है, इसलिए मौजूदा चुनौतियों से पार पाते हुए आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी ने नए जोश-खरोश के साथ वापसी की थी, लेकिन उसके बाद हुए तीन राज्यों के चुनावी नतीजे हमारी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे। इंडिया समूह ने चार में से दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन प्रदर्शन उम्मीदों के अनुकूल नहीं रहा। ये चुनाव परिणाम भविष्य के लिहाज से हमारे लिए चुनौती है। हमें चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश है।



कांग्रेस अध्यक्ष ने आपसी एकता पर जोर दिया और कहा कि सबसे अहम बात यह है कि आपसी एकता की कमी और एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे। हमारी तैयारी आरंभ से मतगणना तक ऐसी होनी चाहिए कि हमारे कार्यकर्ता और सिस्टम मुस्तैदी से काम करें। इसमें महत्वपूर्ण यह भी है कि हम पुराने ढर्रे पर चलते हुए हर समय सफलता नहीं पा सकते। राजनीतिक प्रतिद्वंदी क्या कर रहा है, इसे रोजमर्रा में देखना होगा और उसी हिसाब से निर्णय लेने होंगे। जवाबदेही तय करनी होगी। मैं मानता हूं कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। बार-बार ये सवाल उठ रहे हैं कि किस हद तक ये दायित्व निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें सत्ता में बैठी विभाजनकारी ताकतों को हर हालत में हराना है। देश में तरक़्क ी, अमन-चैन और भाई-चारा वापस स्थापित करना है।

# संभल मस्जिद मामले में निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संभल जामा मस्जिद से जुड़े विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने संभल की निचली अदालत को इस मामले में कोई सुनवाई या आदेश पारित करने से रोक दिया है और याचिकाकर्ता को अपनी याचिका हाई कोर्ट में दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अब इस मामले में कोई भी कार्रवाई केवल हाई कोर्ट के निर्देश पर ही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए हैं कि संभल में शांति और सौहार्द सुनिश्चित किया जाए। अदालत ने प्रशासन को दोनों समुदायों के सदस्यों को शामिल कर एक शांति समिति गठित करने की भी हिदायत दी है।

**अब इस मामले में कोई भी कार्रवाई केवल हाई कोर्ट के निर्देश पर होगी : सुप्रीम कोर्ट**

**हिंसा जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित :** इधर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने संभल हिंसा की न्यायिक जांच कराने का फैसला किया है। सरकार ने इसके लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। जस्टिस (रिटायर्ड) डीके अरोड़ा के नेतृत्व में आयोग दो माह में अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगा।

## मनी लांड्रिंग मामले में राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर इडी की रेड



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील (पॉर्नोग्राफी) और वयस्क फिल्मों के कथित वितरण से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति एवं कारोबारी राज कुंद्रा तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में करीब 15 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं उनमें 49 वर्षीय कुंद्रा और कुछ अन्य व्यक्तियों के आवास एवं कार्यालय शामिल हैं। कुंद्रा से पूछताछ कर रही है। मनी लांड्रिंग का यह मई, 2022 का मामला कुंद्रा और अन्य के खिलाफ दायर मुंबई पुलिस की कम से कम दो प्राथमिकी और आरोप पत्र से जुड़ा है। इस मामले में कुंद्रा और कुछ अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और बाद में उन्हें जमानत दे दी गई थी। कुंद्रा के खिलाफ यह मनी लांड्रिंग का दूसरा मामला है।

# 2027 के चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत होगी : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दावा किया कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। भाजपा मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं।

**टीम भावना और एकजुटता के साथ काम करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है**



योगी ने आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की।

## महायुति की जीत में बटेंगे तो कटेंगे नारे का बड़ा योगदान है : आठवले




**लखनऊ ।** केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्यमंत्री और आरपीआई के प्रमुख रामदास आठवले ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति की जीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे नारे का बड़ा योगदान है। केंद्रीय राज्यमंत्री आठवले शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। आरपीआई अध्यक्ष रामदास अठावले ने कहा है कि यूपी में बसपा काफी कमजोर हो गई है। जिस तरह कांशीराम ने बसपा को यूपी में मजबूती से स्थापित किया, उसी तरह वह भी अपनी पार्टी को मजबूती देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे के नारे से महाराष्ट्र चुनाव में फायदा होने की बात कहते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी अब यूपी में भाजपा गठबंधन में आना चाहेगी। उन्होंने कहा कि यह नारा मुस्लिम विरोधी नहीं है।

# शेयर बाजार ने लगाई छलांग,सेंसेक्स 759 अंक उछला

### 22प्रतिशत तक उछले अडानी ग्रुप के शेयर, निवेशकों को 2.27 लाख करोड़ का फायदा

एजेंसी

**मुंबई ।** विश्व बाजार के मिलजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार ने करीब एक प्रतिशत की छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.31 प्रतिशत मजबूत होकर 46,070.85 अंक और स्मॉलकैप 0.76 चढ़कर 55,199.86 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2347 में लिवाली जबकि 1606 में बिकवाली हुई वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य सात में गिरावट रही। बीएसई के सभी 21 समूहों का



रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.04, ऊर्जा 1.09, हेल्थकेयर 2.05, दूरसंचार 1.53, यूटिलिटीज 1.46, तेल एवं गैस 1.01 और टेक समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत चढ़ गए। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 2.27 लाख करोड़ रुपये की तेजी के साथ 445.54 लाख करोड़ पहुंच गया। अडानी ग्रुप के शेयरों में 22 फीसदी तक तेजी देखने को मिली। एयरटेल के शेयरों में चार फीसदी और सन फार्मा के शेयरों में तीन फीसदी तेजी आई। निफ्टी इंडेक्स इस सप्ताह करीब 1% ऊपर बंद हुआ। इससे पहले गुरुवार को आईटी शेयरों में मुनाफावसूली के कारण घरेलू बेंचमार्क इंडेक्सेज में करीब 1.5% गिरावट आई थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत गिर गया जबकि जर्मनी का डेक्स 0.03, हांगकांग का हैंगसैंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त की अगुवाई हेल्थकेयर और फार्मा शेयरों ने की। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज में निचले स्तर पर खरीदारी आने से शेयर बाजार में तेजी का माहौल बना। भारती एयरटेल के शेयर सबसे ज्यादा 4.40 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। सनफार्मा के शेयर 2.91 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.45 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.78 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 1.66 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.57 फीसदी, लार्सन एंड टुब्रो 1.53 फीसदी, जेएसडब्लू स्टील 1.25 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.19 फीसदी, टाइटन 1.16 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.07 फीसदी, मारुति सुजुकी के शेयर 1.02 फीसदी उछाल कर साथ बंद हुए। इनके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, टीसीएस, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1190.34 अंकों की गिरावट के साथ 79,043.74 के स्तर पर और निफ्टी 360.75 अंकों की गिरावट के साथ 23,914.15 के स्तर पर बंद हुआ था।

## बीएमडब्ल्यू मोटरराड के दाम में 2.5 फीसदी तक करेगी बढ़ोत्तरी

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू की दोपहिया इकाई बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने अपने सभी वाहनों की कीमतों में 2.5 फीसदी तक इजाफा करने का ऐलान किया है। नई दरें एक जनवरी, 2025 से लागू होंगी। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक जनवरी, 2025 से 2.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा कि समग्र कच्चे माल की लागत में वृद्धि और महंगाई के दबाव की वजह से मूल्य में बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। इससे पहले बीएमडब्ल्यू इंडिया ने जनवरी से अपनी सभी कारों की कीमतों में तीन फीसदी तक की इजाफा करने की घोषणा पहले कर चुकी है। दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने आधिकारिक तौर पर अप्रैल, 2017 में बीएमडब्ल्यू समूह की भारतीय अनुषंगी के तौर पर अपना परिचालन शुरू किया था।

